वह उस समय एक होटल में न रह कर एक दो कमरों वाले घर में रह रही थी जिसे उसने अपनी रुचि के अनुसार साधारण परन्तु भव्य रूप से सजा रखा था। लुबकोव के चले जाने के बाद उसने अपने परिचितों से लगभग पाँच हजार फ्रांक उधार ले लिए थे और मेरा आगमन निश्चित रूप से उसके उद्धार का प्रतीक था। मैंने सोचा था कि मैं उसे वापस घर ले जाऊँगा परन्तु उसमें मुझे सफलता नहीं मिली। वह अपने घर लौटने के लिए लालायित थी परन्तु जब उस गरीबी की जिसमें वह रह चुकी थी, कुण्ठित जीवन की, अपने भाई के घर की जंग लगी हुई छत की याद आई तो वह घबराती काँपती और

जब मैंने उस पर चलने की सलाह दी तो उसने कांपते हुए मेरा हाथ दबाया और कहने लगी:

"नहीं नहीं मैं वहाँ ठण्ड से मर जाऊँगी।"

तब मेरा प्रेम अपनी अन्तिम सीमा पर पहुँच गया।

"तुम वैसे ही प्यारे बन जाओ जैसे कि थे, मुझे थोड़ा सा प्यार करो" परिवार्ने ने मुझ पर झुकते हुए कहा 'तुम मन में नाराज हो और सोचते रहते हो, तुम मानव की स्वाभाविक प्रवृत्ति के सम्मुख झुकने से भय खाते हो और सदैव परिणामों के विषय में चिन्तित रहते हो और यह सब बड़ा नीरस है। इस बात की मैं तुमसे क्षमा माँगती हूँ मैं तुमसे प्रार्थना करती हूँ मेरे साथ अच्छा व्यवहार करो। "मेरे निगाह, मेरे मुन्ना, मेरे प्रिय मैं तुम्हें इतना प्यार करती हूँ।

मैं उसका प्रेमी बन गया। महीने भर तक मैं पागल सा बना रहा। मुझे आनन्द के अतिरिक्त और किसी का भी अनुभव नहीं होता था। अपनी बाँहों में एक जवान और सुन्दर शरीर को भर लेना, नींद से हर समय जागने से अपने पर उसकी गर्माहट का अनुभव करना और यह याद करते रहना कि वह यहीं है—वह मेरी परिवार्ने है—आह, इसका अभ्यस्त होना इतना सरल नहीं था। परन्तु फिर भी मैं इसका अभ्यस्त हो गया था और धीरे धीरे अपनी नई स्थिति पर विचार करने योग्य बन गया था। सबसे पहले पहले ही की तरह मैंने महसूस किया कि परिवार्ने मुझे प्रेम नहीं करती थी। परन्तु वह सचमुच प्रेम करना चाहती थी, वह एकान्त से भयभीत थी और सबसे बड़ी बात यह थी कि मैं स्वस्थ जवान और शक्तिशाली था। वह जैसा, कि निकम्मे हैं सभी उद्दाम प्रकृति के व्यक्तियों के समान कामुक थी और हम दोनों ने ही यह दिखाया कि हम एक तीव्र और पारस्परिक प्रेम द्वारा एक दूसरे से बँधे हुए हैं। बाद में, मैंने कुछ और भी अनुभव किया।

हम रात में, नगर में प्लाटेन में ठहर, घूमने गए परन्तु वहाँ हमने सोचा कि ठण्ड है इसलिए हम वापस लौट आए। हर बात

उसने अपना परिचय पति-पत्नी के रूप में दिया—एक अलबत्ता असमीचीन दम्पति के रूप में। लोग प्रसन्नता से हमारे परिचित बन जाते और परि-वार में को सामाजिक क्षेत्र में सर्वत्र बड़ी सफलता प्राप्त हुई। जब उसने चित्रकारी सीखी प्रारम्भ की तो वह चित्रकार कहलाने लगी, और तनिक कल्पना कीजिये कि वह उस पर गर्व करती था यद्यपि उसमें योग्यता का नामोनिशान तक नहीं था।

वह रोज दो या तीन बजे तक सोती रहती कभी और दोपहर का खाना बिस्तर में ही खाती। शाम को वह शोरबा, केकड़ा, मछली, गोश्त खाकर खाती और जब वह सोने चली जाती तो मैं उसके लिए कुछ खाना करता जैसे ठण्डा भुना गोश्त का गोश्त, और वह इसे बड़े स्वाद और बढ़ी हुई भूख से खाती और अगर रात को उसकी नींद खुल जाती तो सेब और सन्तरे खाती।

नारी की सबसे प्रमुख, या कहना चाहिए कि सारभूत-विशेषता उसका आश्चर्यजनक रूप से दूसरा पार्ट अदा करना था। वह निरन्तर, प्रत्येक क्षण स्पष्टतः बिना किसी आवश्यकता के, धोखा दिया करती थी मानो यह उसकी पशु-प्रवृत्ति हो बिल्कुल वैसी ही प्रवृत्ति जिसके वशीभूत होकर गौरैया फड़फड़ाती है और कनखजूरा अपनी मूछों को हिलाता है। वह मुझे धोखा देती, कुत्ते को, दुकानों पर बैठे हुए दुकानदारों को अपने परिचितों को—सभी को धोखा देती थी। एक भी वार्तालाप, एक भी मुलाकात ऐसी नहीं होती थी जिसमें बनावट और आडम्बर का दिखावा न होता। एक आदमी का सिर्फ हमारे कमरे में घुसना देखा कि—वह चाहे कोई क्यों न होता बैरा या एक बड़ा जमींदार—फौरन उसकी निगाहें, उसका भाव उसकी आवाज बदल जाती, यहाँ तक कि उसकी सम्पूर्ण आकृति परिवर्तित हो जाती। उस समय उस पर पहली निगाह पड़ते ही आप कह उठते कि सारे रूस में उससे अधिक धनी और फैशनपरस्त और कोई भी नहीं है। वह किसी भी कलाकार या संगीतज्ञ से,

उसकी निकम्मी प्रतिमा के विषय में तरह तरह की झूठी बातें किया करते हुए, कभी भी नहीं निकली थी।

'आप कितने प्रतिभाशाली हैं।' वह मंद मिश्रित स्वर में कहती 'मैं आपसे भयभीत हूँ। मैं सोचती हूँ कि आप मनुष्यों की आत्मा की गहराई तक देख लेते हैं।'

और यह सब उसने उन्हें प्रसन्न करने, सफलता प्राप्त करने और आकर्षक बनने के लिए ही। वह हर सुबह सिर्फ एक ही विचार लिए उठती 'सफल बनना'। यह उसके जीवन का लक्ष्य बन गया था। अगर मैं उससे कहता कि अमुक घर में, अमुक सड़क पर एक आदमी रहता है जो उसके प्रति आकर्षित नहीं है तो इससे उसे वास्तविक दुख होता। वह रोज मनुष्यों को मंत्रमुग्ध करती, उन्हें वश में करती और अपने पीछे पागल बना हुआ पाती थी। यह मानो कि मैं उसके प्रभाव में था और उसके आकर्षणों के सम्मुख पूर्णतः परास्त हो चुका था, उसी तरह का मज़ा [illegible] जैसा कि [illegible] का [illegible] है। मेरी गुलामी ही काफी नहीं थी और रात भर एक [illegible] की तरह लम्बी बनी हुई, उसकी—एक मन्द मधुर गर्म स्वर्ण थी—वह—[illegible] में रुके हुए दांतों से [illegible] थी। उसने [illegible] और [illegible] की [illegible] थी, इस बात की [illegible] हुए कि [illegible] यह न सोचा था वह उसके [illegible] के लिए, पर [illegible] के लिए किसी का [illegible] लेगा या मार डालेगा। परिताप मैं उससे नफरत करती थी परन्तु [illegible] गुलामी से भरे हुए [illegible] दिन [illegible]। अपने [illegible] के विषय में उसकी राय बड़ी दिलचस्प थी। वह [illegible] करती थी कि [illegible] में मनुष्य [illegible] देख पाते कि वह कितनी सुन्दर थी और उनकी [illegible] का [illegible] लेगा था [illegible] सारे [illegible] उसकी [illegible] बैठी। उसकी रूपरेखा व उसकी [illegible] के बारे में [illegible] में नाराज हो उठता था और [illegible], जब वह [illegible] होती तो मुझे परेशान करने के लिए [illegible]

तरह की गन्दी बातें करती। एक दिन जब हम लोग अपनी एक परिचित महिला के ग्रीष्म-निवास पर थे और वह नाराज हो उठी थी तो यहाँ तक कह गई "अगर तुम अपने उपदेशों से मुझे परेशान करना बन्द नहीं करोगे तो मैं इसी वक्त कपड़े उतार डालूँगी और यहीं इन फूलों पर लेट जाऊँगी।"

अक्सर उसे सोते, खाते या चेहरे पर एक निश्छलता का भाव का प्रयास करते हुए देखकर मुझे आश्चर्य होता कि ईश्वर ने उसे अद्वितीय सौन्दर्य, सभ्यता और बुद्धि क्यों प्रदान की। क्या यह बिस्तर में लोटने पोटने और खेलने, निरन्तर खेलने के लिये ही था? क्या उसकी बुद्धिमत्ता वास्तविक थी? वह एक लाइन में रखी तीन बत्तियों, तेरह नम्बर से भयभीत रहती थी और जादू और बुरे स्वप्नों से आतंकित हो उठती थी। एक हठीली बुढ़िया की तरह स्वतन्त्र प्रेम और सब बातों की स्वतन्त्रता पर बहस करती, घोषणा करती कि मार्क्सवेच टुर्गनेव से अच्छा लेखक था। परन्तु वह नितान्त चालाक और तेज थी और जानती थी कि समाज में उच्च दर्जा प्रतिष्ठित कैसे बना जाता है।

प्रसन्न चित्त रहने के क्षणों में भी वह नौकर का अपमान किये बिना या एक कीड़े को बिना मारे नहीं रह सकती थी या एक कीड़े को बिना मारे नहीं रह सकती थी। वह सांडों की लड़ाई पसन्द करती थी, उसे पसन्द थे और उस समय नाराज होती थी जब कैदियों को बरी कर दिया जाता था।

जिस तरह का जीवन मैं बिता रहा था वह काफी पैसा होना चाहिये था। मेरे गरीब पिता ने अपनी पेंशन की छोटी रकमें जो उन्हें मिलती मुझे भेज दीं। मेरे लिये बहुत कर्ज लिया और जब एक दिन उन्होंने मुझे जवाब में कुछ भी नहीं लिखा "तो मैंने उन्हें एक निराशा से भरा पत्र लिखा और मैंने उनसे जमींदारी को गिरवी रख देने को

दिनों बाद मैंने उनसे प्रार्थना की कि किसी तरह अमीरुमी को [illegible] [illegible] पैसे भेज दें। उन्होंने यह भी बिना किसी आपत्ति के कर दिया और मुझे सारा पैसा भेज दिया। [illegible] जीवन के व्यावहारिक रूप को घृणा की दृष्टि से देखती थी, इस सब से उसका कोई सम्बन्ध नहीं था और अब उसकी प्रसन्नता से भरी हुई इच्छाओं को पूर्ण करने के लिये मैं हजारों [illegible] फेंकते समय एक पुराने [illegible] की तरह [illegible] [illegible] तब वह मस्त मन से कोई गीत गुनगुना रही होती।

धीरे धीरे मैं उससे उदास होने लगा और अपने इस व्यवहार पर मुझे लज्जा आने लगी। मुझे नारी का गर्भवती होना और घर में बच्चे पैदा होना अच्छा नहीं लगता परन्तु अब कभी कभी मैं एक बच्चे का स्वप्न देखने लगा जो हमारे जीवन का एक [illegible] [illegible] तो सिद्ध कर देता। नहीं मैं अपने से पूरी तरह घृणा न करने लगूं इसलिए मैंने पागल और नशेबाजों और [illegible] में जाना आरम्भ कर दिया, शराब पीना छोड़ दिया और बहुत कम [illegible] लगा। अगर कोई हृदय से लेकर सम्पूर्ण एक स्वप्न को व्यस्त रखता है तो उसका हृदय [illegible] हाथ लगता है। मैं [illegible] को भी परेशान करने लगा। वे लोग जिन पर यह निर्भर रह सकती थी, साधारणतया [illegible] के होते थे। पहले ही की तरह वहाँ राजपूत नहीं थे [illegible] एवं विशाल भवन नहीं थे, केवल [illegible] नहीं [illegible] था और इससे उसे दुख होता और वह सिसकने लगती भी और अन्त में उसने [illegible] कि [illegible] यह सब जीवन से [illegible] नहीं है।

और अब हम अपनी बातों पर हैं। पिछले कुछ महीनों से वह अपने भाई के साथ [illegible] पर व्यवहार करती रहती है। यह स्पष्ट है कि उसका इसमें कोई [illegible] अभिप्राय है, परन्तु यह क्या है इसे भगवान ही जानता है। मैं उसकी इन [illegible] कार्यवाहियों का पता लगाने लगाने परेशान हो गया हूँ। परन्तु हम लोग [illegible] न [illegible] पार्टी [illegible] हैं और फिर वहाँ से [illegible] को। [illegible] सिर्फ [illegible] [illegible]

स्थानों पर ही रह सकती है और काश आप जानते कि इन स्थानों से मैं कितनी घृणा करता हूँ इनमें रहते हुए कैसी मेरी दम घुटती है और क्या बीती है। काश, मैं इस समय देहात में होता। काश, मैं इस समय काम कर रहा होता, अपने पसीने से अपनी रोटी कमा रहा होता, अपनी मूर्खताओं का प्रायश्चित्त कर रहा होता। मैं अपने में एक अद्वितीय शक्ति का आभास पाता हूँ और मुझे विश्वास है कि यदि मैं उस शक्ति को काम में लगाता तो अपनी जमींदारी को पाँच साल में वापस खींच लेता। परन्तु अब जैसा कि आप देख रहे हैं, हममें उलझन पड़ गई है। यहाँ हम विदेश में नहीं हैं, बल्कि मातृभूमि रूस में हैं। हमें विधिपूर्वक विवाह के विषय में सोचना पड़ता है। निस्सन्देह सारा आकर्षण समाप्त हो चुका है। मेरे पुराने प्रेम का नामोनिशान भी बाकी नहीं बचा है, परन्तु चाहे जो हो, मैं उससे विवाह करने को बाध्य हूँ।

× × × ×

शामोहिन अपनी भावना से उत्तेजित होकर, मेरे साथ बैठ गया और हम साथ औरतों के विषय में बातें करते रहे। देर हो गई थी। ऐसा लगा कि वह और मैं एक ही केबिन में थे।

"अब तक सिर्फ गाँवों में ही औरतें पुरुषों से पीछे नहीं हैं" शामोहिन ने कहा। 'वहाँ वह उसी तरह सोचती और अनुभव करती है जिस तरह कि पुरुष। और संस्कृति के नाम पर पुरुष की ही तरह प्रकृति से संघर्ष करती रहती है। शहरों में बुर्जुआ और शिक्षित वर्ग की नारियाँ बहुत पहले से ही पिछड़ गई हैं और अपनी आदिम अवस्था की ओर लौटी जा रही हैं। वे इस समय एक आधी पशु बन चुकी हैं और उन्हें धन्यवाद देना चाहिए कि जो कुछ मानव-बुद्धि के द्वारा अब तक प्राप्त किया गया है उसका बहुत बड़ा भाग नष्ट हो चुका है। स्त्रियाँ भारी हास होती जा रही हैं और उनके स्थान पर बड़ी आदिमकालीन मादा रह गई है। शिक्षित नारियों का यह मन्दगामी संस्कृति के लिये एक वास्तविक खतरा है। अपनी इस पीछे लौटने वाली चाल में वह पुरुष को

भी अपने साथ घसीटने की कोशिश करती है और उसे आगे बढ़ने से रोकती है। इसको रोका नहीं जा सकता।"

मैंने पूछा : "ऐसी धारणा सबके प्रति क्यों? सबकी परिवार में से सम्पूर्ण नारियों को क्यों घसीटा जाय? नारियों का शिक्षा और यौगिक समानता के लिये संघर्ष जिसमें न्याय के लिये संघर्ष मानता हूँ, प्रतिष्ठ-मिता की कल्पना के विरुद्ध है।

मगर मामोहिन ने मेरी बातों की तरफ ध्यान नहीं दिया और अविश्वासपूर्वक मुस्करा गया। वह एक कट्टर और अपनी धारणा में दृढ़ विश्वास रखने वाला कौन-सिद्धपंथी व्यक्ति था और उसके विश्वासों को बदलना असम्भव था।

"ओह, फ्रांसिस!" उसने बोला। "जब एक बार एक औरत मुझमें एक आदमी को, एक बराबर के साथी का न पाकर एक पुरुष को पाती है और जीवन भर उसे एक ही फ़िक्र रहती है कि मुझे आकर्षित करे—मतलब यह कि मुझ पर अधिकार करे—तो कोई उसके अधिकारों के विषय में बातें कैसे कर सकता है? ओह, आप उनका विश्वास मत कीजिये, वे बहुत बहुत ही ज्यादा खतरनाक प्राणी हैं। हम पुरुष उनकी मुक्ति के लिए फ़िज़ूल बकवास करते हैं परन्तु वे अपनी मुक्ति की तनिक भी फ़िक्र नहीं करतीं, वे केवल हमको शिकार करने का दिखावा करती हैं। वे भयानक रूप से खतरनाक हैं भयानक रूप से खतरनाक!"

मैं इस विचार से ऊब गया और उनींदा हो गया। मैंने दीवाल की तरफ करवट ले ली।

"हाँ," जैसे ही मुझे नींद आई मैंने सुना— 'हाँ और यह हमारी शिक्षा है जो उत्तरदायी है, मादाम! हमारे नगरों में सारी शिक्षा और इस वातावरण में औरतों का लालन पोषण होता, मानव-पशु बना रही है—मतलब यह कि पुरुष के लिए उसे आकर्षक बनाना और पुरुष पर विजय प्राप्त करना। हाँ, निस्सन्देह"-मामोहिन ने बात जारी—"कोई

लड़कियों को लड़कों के साथ शिक्षा देना और पालना पोसना चाहिए जिससे वे हमेशा साथ रह सकें। एक औरत को इस तरह शिक्षा देनी चाहिए जिससे वह पुरुष की तरह इस बोझ को उठा सके क्योंकि अपनी शक्तियों को पहचाने के बग़ैर वह हमेशा यह सोचती है कि वह ठीक है। एक छोटी बच्ची को उसके पालने में से ही यह सिखाओ कि पुरुष सबसे पहले एक योद्धा या होने वाला पति भी नहीं होता वरन् उसका पड़ोसी और हर बात में उसके समान होता है। उसे तर्क के आधार पर सोचने की व्यापक दृष्टिकोण से देखने की शिक्षा दो और उसे यह विश्वास मत दिलाओ कि उसका मस्तिष्क पुरुष से निर्बल होता,है इसलिये उसे विज्ञान के प्रति, कला के प्रति और साधारण तौर पर संस्कृति के कार्यों के प्रति उदासीन रहना चाहिए। मोची या मकानों पर रंग करने वाले इनसान के साथ काम करने वाले की सिलिपस्त मस्तिष्क भी वयस्कों की तुलना में अपरिपक्व होता है फिर भी वह काम करता है ज़िम्मेदारियाँ उठाता है और सफलतापूर्वक अपने अस्तित्व को स्थापित रखने के संघर्ष में भाग लेता है। इसे अपनी शरीर-सम्बन्धी धारणाओं को भी छोड़ देना चाहिए—गर्भधारण को—यह देखकर कि औरतों के हर महीने बच्चे पैदा नहीं हुए, दूसरे सब औरतों के बच्चे नहीं होंगे, और तीसरे साधारणतया गर्भ की औरत बच्चा पैदा होने तक खेतों में काम करती है और इससे उसे कोई हानि नहीं होती। इसके बाद हमारे दैनिक कार्यों में पूर्ण समानता होनी चाहिए। अगर एक पुरुष एक महिला के लिए अपनी कुर्सी छोड़ या उसका इन्तज़ार कर ले देता है तो उस महिला को भी प्रतिदान वही करना दीजिए। मैं इसमें विरोध की कोई बात नहीं देखता अपने परिवार की एक लड़की मुझे कोट पहनने में सहायता देती है मुझे पानी का एक ग्लास भर कर दे रही है।"

मैंने आगे नहीं सुना क्योंकि मैं सो गया था।

अगली सुबह जब हम सेवास्तोपोल के करीब पहुँच रहे थे। शामपेइन शीशा और शराब का जहाज़ हिल रहा था।

और जॉन मेरे साथ डेक पर बैठा हुआ था। जब खाने की घण्टी बजी तो पुरुष अपने कोट के कालरों को ऊपर करके और सिगार पीते और स्त्रियाँ चेहरा छिपाए नीचे जाने लगीं। एक अधेड़ और अत्यंत सुन्दर महिला, बड़ी जो ब्लाकविल्स में कस्टम के अधिकारियों पर बहुत बिगड़ रही थी ग्लासोविन के सामने रुकी और एक शैतान और जल्दी गुस्सा हो जाने वाले बच्चों कि से भाव में बोली।

"जीन, तुम्हारी बिटिया समुद्री बीमारी का शिकार हो रही है।"

बाद में जब मैं जहाज में था तो मैंने उसी महिला को घोड़े पर सवार हो और अफसरों के साथ जो उसका साथ मुश्किल से दे पा रहे थे तेजी से दौड़ते हुये देखा। और एक सुबह मैंने उसे शरीर पर एक लम्बा कपड़ा डाले और फ्रांसिसन टोपी पहने समुद्र के किनारे चित्र बनाते और दूर पर खड़ी एक छोटी सी भीड़ को उसे प्रशंसा की मुग्ध दृष्टि से देखते हुए देखा। मुझे भी उससे परिचित करा दिया गया था। उसने बड़े स्नेह से मेरा हाथ दबाया और मेरी तरफ आनन्द से देखते हुए मधुमिश्रित स्वर में मुझे उस आनन्द के लिये धन्यवाद दिया जो उसे मेरी रचनायें पढ़ने से प्राप्त हुआ था।

"आप इसका विश्वास मत कीजिये" ग्लासोविन फुसफुसाया, "उसने उनका एक शब्द भी नहीं पढ़ा है।"

शाम का धुंधलका जल्दी ही जब मैं समुद्र तट पर घूम रहा था तो दोनों हाथों में अनेक कागज और खाने की चीजें लिए ग्लासोविन से मेरी मुलाकात हुई।

"प्रिय सन्तुष्ट नहीं है।" उसने प्रसन्न होकर कहा "वह कल, उनके भाई उस व्याख्यानकारी के साथ आया था। अब मैं समझा कि वह उसे किस बारे में लिख रही थी। ओह भगवान्। वह बकता रहा, पागल की तरह उछलते हुए और उन कागजों को अपने सीने से दबाते

हूँ। 'अगर वह किस्सा कोई चीज होती है तो इसका मतलब हम्म मानती फिर मैं अपने पिता के पास घर जा सकूँगा।'

और वह आगे लंगड़ाता हुआ चला गया।

"मैं चमत्कारों में विश्वास करने लगा हूँ," पीछे हटते हुये उसने मुझे पुकार कर कहा। 'बाबा इस्कारियोत की आत्मा ने, लगता है, सच्ची भविष्यवाणी की थी! और काश ऐसा ही होता!'

इस मुलाकात के दूसरे ही दिन मैं वारसा से चल दिया और वा मेंडेल की मनोकामना का क्या अन्त हुआ मैं नहीं जानता।

गुसेव

अँधेरा बढ़ रहा था; रात होने वाली थी।

गुसेव फौज से निकाला हुआ एक सिपाही अपने झूले* में उठ कर बैठ गया और धीमी आवाज़ में बोला :

"मैं कहता हूँ पावल इवानिच। एक सिपाही ने सुचान में मुझसे कहा : जब वे समुद्र में जा रहे थे तो एक बड़ी मछली उनके जहाज़ से आकर टकराई और उसमें छेद कर दिया।'

वह निश्चल व्यक्ति जिससे यह कह रहा था और जिसे जहाज के अस्पताल का प्रत्येक व्यक्ति पावेल इवानिच कहकर पुकारता था खामोश रहा जैसे कि उसने सुना ही न हो।

और फिर खामोशी छा गई। हवा रस्सियों के साथ खेल रही थी, पंखे घड़-घड़ा रहे थे, लहरें थपेड़े मार रही थीं, झूले चरमरा रहे थे, परन्तु कान इन शब्दों को सुनने के बहुत पहले से ही अभ्यस्त हो चुके थे और ऐसा लग रहा था कि चारों ओर प्रत्येक वस्तु निद्रामग्न और शान्त है। वातावरण में उदासी थी। वे तीनों अपाहिज—दो सिपाही और एक मल्लाह—जो दिन भर ताश खेलते रहे थे, इस समय सो रहे थे और सपने में बड़बड़ा रहे थे।

---

*रूसी व जहाजों में समुद्री बीमारी व समुद्री तूफ़ान से बचाने के लिये मल्लाहों और यात्रियों के लिये एक प्रकार के झूले होते हैं जिन पर वे सोते हैं। जहाज के हिलने पर ये झूले भी हिलते हैं।

ऐसा लगा मानो बहुत हिलने लगा। गुसेव का सूखा धीरे धीरे ऊपर नीचे होने लगा मानो गहरी सांस ले रहा हो और ऐसा एक बार दो बार तीन बार दुहराया गया। कोई चीज ज़ोर से फर्श पर गिरी। यह शायद नीचे गिरने वाली कोई सुराही होगी।

"हवा अपनी जंजीरें तोड़ कर निकल पड़ी है" गुसेव ने सुनते हुए कहा।

इस बार पावेल इवानिच ने गला साफ किया और चिड़चिड़ाकर जवाब दिया।

"कभी एक जहाज मछली से टकराता कभी हवा जंजीरें तोड़कर निकल रही है क्या हवा एक जानवर है जो अपनी जंजीर तोड़कर भाग सकती है?'

'ईसाई लोग इसी तरह बातें करते हैं।

वे तुम्हारी ही तरह मूर्ख हैं, फिर वे तरह तरह की बातें करते हैं। हरेक को अपने मस्तिष्क का सन्तुलन रखना चाहिये और बुद्धि से काम लेना चाहिये। तुम मूर्ख आदमी हो।"

पावेल इवानिच समुद्री-बीमारी का शिकार हो रहा था। जब समुद्र अशान्त होता तो आमतौर पर उसका मिजाज खराब हो जाता और वह जरा सी बात पर चिड़चिड़ा उठता था। गुसेव की राय में गुस्सा होने की कोई भी बात नहीं थी। जैसे कि उस मछली या हवा की जंजीर तोड़ कर भाग निकलने की बात में क्या अनहोनी और आश्चर्य जनक बात थी? मानलो कि वह मछली पहाड़ जितनी बड़ी थी और और उसकी पीठ बहुत कड़ी थी और इसी तरह यह मानते हुए कि बहुत दूर दुनियाँ के छोर पर बड़ी बड़ी पत्थर की दीवारें खड़ी हैं और भयानक हवाएँ जंजीरों द्वारा उनसे बँध दी गई हैं अगर वे जंजीरें तोड़कर नहीं भागती हैं तो पागलों की तरह समुद्र पर चारों तरफ क्यों बेतहाशा मारी मारी फिरती हैं और भाग निकलने के लिये कुत्तों की तरह छटपटाती हैं? अगर वे जंजीरों से नहीं बंधी थीं तो जब खामोशी थी तब

वे कहाँ थीं ?

गुसेव बहुत देर तक पहाड़ की तरह बड़ी मछलियों और मोटी संग लगी ऐंठियों के बारे में सोचता रहा फिर वह ऊबने लगा और अपनी जन्मभूमि के विषय में सोचने लगा जहाँ वह पूर्व में पाँच साल नौकरी करने के बाद वापस जा रहा था। उसने बर्फ से ढके हुए एक विशाल तालाब की कल्पना की तालाब के एक तरफ चीनी मिट्टी का सामान बनाने वाली लाल ईंटों की इमारत एक ऊँची चिमनी और धुंए के बादल दूसरी तरफ—एक गाँव।... उसका भाई अफोनासी पाँचवें मकान में से एक स्लेज पर बैठा हुआ आता है उसके पीछे उसका प्यारा बेटा वान्या बड़े बूट पहने बैठा है। और उसकी छोटी बच्ची अकुलका भी वैसे ही बड़े बूट पहिने बैठी है। अफोनासी पी रहा है। वान्या हँस रहा है। अकुलका का चेहरा उसे दिखाई नहीं पड़ रहा, उसने अपने को पूरी तरह ढक लिया है।

"तुम अभी नहीं समझोगे, वह बच्चों का गला जकड़ेगा" गुसेव ने सोचा। "भगवान उन्हें बुद्धि और ज्ञान—सच्चा दे ताकि वे अपने माँ बाप की इज्जत करें और उनसे अधिक अक्लमन्द नहीं बनें।"

"इनमें बड़ा भगवान की जरूरत है, एक दहकता हुआ कड़ाह भारी पाताल में कड़ाह है। हाँ हाँ।"

गुसेव की विचार धारा भंग हो गई और उसके सामने अचानक मछली सा एक विशाल मोटा सा बिना आँखों वाला सिर आ गया और वह घोड़ा और स्लेज आगे नहीं बढ़ रहे हैं बल्कि धुंए के एक बादल में चारों तरफ चक्कर पर चक्कर खा रहे हैं। परन्तु फिर भी वह खुश था कि उसने अपने परिवार वालों को देखा था। खुशी से उसकी साँस रुक गई उसका सिर नीचे तक काँप उठा और उसकी उँगलियाँ हिलने लगीं।

"भगवान हमें फिर मिलायगा," उसने फिर होकर बड़बड़ाया, परन्तु धीरज उसने अपनी आँखें खोल दीं और अंधेरे में पानी ढूँढने लगा।

उसने पानी पीया और फिर लेट गया और फिर सोच चल रही थी फिर दुबारा वही बिना आँखों वाला सांड का सिर, धुँआ बादल। और दिन निकलने तक वह यही देखता रहा।

दोपहर में जो पहली चीज दिखाई दी वह एक भीगा गोला सा था—छोटी गोल खिड़की। फिर क्रमशः गुसेव अपने पास के झूले में अपने पड़ौसी पावेल इवानिच को देख सका। वह बैठा हुआ सो रहा था क्योंकि वह लेट कर सीने में सांस नहीं ले सकता था। उसका चेहरा भूरा था, नाक लम्बी और तीखी थी, उसके भयानक रूप से पतले चेहरे के कारण उसकी आँखें बहुत बड़ी-बड़ी दिखाई पड़ती थीं उसकी कनपटियाँ भीतर की तरफ धुसी हुई थीं उसकी दाढ़ी छितरी और बाल लम्बे थे। उसे देख कर आप यह पता नहीं लगा सकते थे कि वह किस वर्ग का व्यक्ति था—एक सज्जन व्यापारी या किसान वर्ग का। उसके भावों और लम्बे बालों से यह प्रतीत होता था कि वह एक साधु या मठ में रहने वाला एक वर्ग की दीक्षा पाकर धर्म प्रचार करने वाला व्यक्ति है—परन्तु यदि कोई उसकी बातें सुनता तो यह लगता कि यह एक पादरी नहीं हो सकता। वह खांसी बीमारी और दम घोंटने वाली गर्मी से बुरी तरह पस्त हो चुका था और अपने सूखे होठों को हिलाता हुआ मुश्किल से सांस ले पाता था। यह देख कर कि गुसेव उसकी तरफ देख रहा है उसने अपना चेहरा उसकी तरफ मोड़ा और कहा :

"मैं सोचने लगा हूँ हाँ मैं अब तुम सबको पूरी तरह समझ गया हूँ।

'तुम क्या समझ गये हो, पावेल इवानिच ?"

"मैं तुम्हें बताऊँगा मुझे यह तरीके ही अद्भुत लगा है कि तुमने भयङ्कर रूप से बीमार होते हुए भी तुम इस स्टीमर में हो जहाँ इतनी गर्मी और घुटन है और हम लोग निरन्तर नीचे ऊपर उछलते रहते हैं जहाँ दरअसल हर चीज तुम्हें मौत की धमकी देती रहती है मन मेरे इससे सब कुछ स्पष्ट हो गया है हाँ तुम्हारे डाक्टरों

ने तुमसे अपना पीछा छुड़ाने के लिए तुम्हें इस स्टीमर पर लाद दिया। वे तुम जैसे निरीह व गंवारों का इलाज करते करते परेशान हो उठे थे।

तुम उन्हें कुछ भी नहीं देते, वे तुमसे परेशान हो उठे हैं और तुम अपनी मौत से उनके रुपये को खराब करते हो—इसलिये, जिससे तुम लोग जंगली हो। तुमसे छुटकारा पाना कठिन नहीं है। यह सब जिस की आवश्यकता है पहले, आत्मा या मानवता से रहित होना है और दूसरे, स्टीमर के अधिकारियों को धोखा देना है। पहली बात पर मुश्किल से ही विचार करने की जरूरत है इस मामले में हम लोग अभ्यस्त हैं और दूसरी बात में हरेक आदमी से आसानी से ही सफलता प्राप्त कर लेता है। चार सौ स्वस्थ सिपाहियों और मल्लाहों की भीड़ में आप दो बीमार आदमियों का कोई महत्व नहीं है। उन्होंने तुम सबको हांक कर स्टीमर पर चढ़ा दिया, तुम्हें अन्य मनुष्यों के साथ मिला दिया, जल्दी से तुम सबको गिना और इस हड़बड़ी में कोई गलती नहीं दिखाई पड़ी और जब स्टीमर चल पड़ा तब उन्होंने देखा कि यहाँ कालरा के और तपेदिक की अन्तिम अवस्था के रोगी डेक पर इधर-उधर पड़े हुए थे।'

गुसेव पावेल इवानिच की बातों को नहीं समझ सका परन्तु यह ख्याल कर कि उसे दोष दिया जा रहा है, वह क्षमा-याचना करते हुए बोला।

'मैं डेक पर लेटा हूं क्योंकि मुझमें खड़े होने की शक्ति नहीं थी। जब हम लोगों को उस बजरे पर से जहाज पर चढ़ाया गया था तो मैं बुरी तरह से ठंड खा गया था।'

"यह विद्रोह उत्पन्न करने वाली बात है," पावेल इवानिच कहता गया। 'इसमें सबसे बुरी बात तो यह है कि वे अच्छी तरह जानते हैं कि तुम इस लम्बी यात्रा को सहन नहीं कर सकोगे और फिर भी उन्होंने तुम्हें यहाँ लाद दिया। मान लो कि तुम हिन्द महासागर तक पहुँच जाते हो फिर क्या होगा? इसके बारे में सोचना भी भयानक है। और इतनी स्वामिभक्ति पूर्ण निर्दोष सेवाएं करने में उनकी यह कृतज्ञता है!'

पावेल इवानिच के नेत्रों में क्रोध भड़क उठा। उसने घृणा से भौंहें सिकोड़ीं और मुँह बना कर सांस लेते हुए बोला।

"ये वे लोग हैं जिनकी भलमनसाहत के प्रति तब तक छेड़छाड़ करनी चाहिये जब तक कि वे पूरी तरह से बर्बाद न हो जायं।"

वे दोनों बीमार सिपाही और वह मल्लाह ताश खेलने लगे थे और तम्बाकू पीने लगे थे। मल्लाह अपने बिस्तर में आधा झुका हुआ बैठा था, सिपाही उसके पास जमीन पर बड़ी बेढंगी मुद्रा में बैठे हुए थे। एक सिपाही की दाहिनी बांह पट्टी में बंधी लटक रही थी और हाथ पट्टियों से लिपटा हुआ था इसलिये वह अपने ताशों को दाहिने हाथ के नीचे वाले हिस्से से कुहनी की क्रीज में पकड़ कर बायें हाथ से खेल रहा था। जहाज बुरी तरह हिल रहा था। वे न तो खड़े हो सकते थे, न चाय पी सकते थे, न अपनी दवाई पी सकते थे।

"क्या तुम किसी अफसर के नौकर थे?" पावेल इवानिच ने गुसेव से पूछा।

"हाँ, एक अफसर का नौकर था।"

"अरे भगवान, मेरे भगवान!" पावेल इवानिच ने कहा और दुखी होकर अपना सिर हिलाया। 'एक आदमी को उसके घर से जबरदस्ती छीन लेना, उसे बारह हजार मील दूर घसीट कर ले जाना, फिर उसे तपेदिक का रोगी बना देना और ... और यह सब किसलिए, हरेक जानता है। उसे किसी कोपेइकिन नामक अफसर या दिर्का नामक मिडशिप मैन का नौकर बना देना। कैसी सुन्दर तर्कीब है।'

"यह मुश्किल काम नहीं है, पावेल इवानिच। सुबह उठो और जूतों को साफ कर दो, समोवार तैयार कर दो, कमरे साफ कर दो और उसके बाद तुम्हारे पास करने के लिए और कोई भी काम नहीं रह जाता। लेफ्टीनेंट दिन भर नक्शे बनाता रहता है और अगर तुम्हारी इच्छा हो तो तुम भगवान से प्रार्थना कर सकते हो, किताब पढ़ सकते हो, बाजार जा सकते हो। भगवान हरेक को ऐसी जिन्दगी दे।"

"हाँ बहुत अच्छा, हैवर्डमेन दिन भर लकड़ी बनाया करता है और तुम चौके में बैठ कर आरती पाठ करते रहते हो। सचमुच अच्छे। महत्व की बात लकड़ी नहीं है बल्कि मनुष्य की जिन्दगी है। जिन्दगी दुबारा नहीं मिलती इसके प्रति दयापूर्ण व्यवहार होना चाहिए।

"बेशक, पावेल इवानिच बुरे आदमी पर कहीं भी कोई रहम नहीं करता न घर में न इस फौज में परन्तु अगर तुम जिस तरह रहना चाहिए, उस तरह रहो और आज्ञाओं का पालन करो तो किसी का क्या पड़ी है कि तुम्हारा अपमान करे? अक्सर लोग बड़े सिद्धे सादे आदमी होते हैं, न समझते हैं। इन पाँच सालों में मैं एक बार भी जेल नहीं गया और मुझे एक भी घूंसा नहीं खाना पड़ा। इसलिये भगवान केवल एक बार और मेरी सहायता करना।

"किसलिए?

लड़ाई के लिए। मेरा हाथ मजबूत है, पावेल इवानिच। चार चीनी हमारे मकान में आये। वे लकड़ी ला और कुछ खा रहे थे, यह मुझे याद नहीं। मैं उठ खड़ा था और उनमें जरा हाथ लड़ दिये एक की नाक से खून बहने लगा, बुरा हो सकता। लेफ्टिनेन्ट ने खिड़की में से यह देख लिया। वह नाराज हुआ और मेरे कान पर कस कर एक घूंसा जमाया।

'मूर्ख, दीन आदमी" पावेल इवानिच बुदबुदाया "तुम कुछ भी समझते।

वह जहाज के हिलने से बुरी तरह थक गया था इसलिए उसने अपनी आँखें बन्द कर लीं। उसका सिर रह रह कर एक बार पीछे की तरफ होता और फिर उसके सीने पर लटक जाता। कई बार उसने लेटने की कोशिश की परन्तु इससे कोई लाभ नहीं हुआ। उसे हँसने में होने वाले कष्ट ने उसे लेटने नहीं दिया।

"और तुमने उन चीनियों को किसलिए मारा था?" कुछ देर बाद उसने पूछा।

छोड़, कुछ भी नहीं। वे कफ़न में बाँध और फिर उन्हें मार दिया।

और निस्तब्धता छा गई। तारा देखने वाले दो घण्टे से बड़े जोश के साथ और एक दूसरे को ताकते हुए खड़े रहे थ परन्तु जहाज़ के हिलने से उन पर भी विजय प्राप्त कर ली। उन्होंने माथा एक तरफ़ फेंक दिए और लेट गए। गुसेव ने फिर वह घड़ा तालाब ईंटों की इमारत गंदे पानी स्लेज फिर चली जा रही थी बालक फिर देख रहा था और पशुधन छोटी सी बेवकूफ़ बच्ची, ने बरस। इस प्रकार जोर जोर हाथ और अपने पैर बाहर निकाल दिए, मानो कह रही हो : "इसे अपने मालकिन मेरे भाग के पूरे बाल्टा के से नहीं है, य बन है।"

"पांच साल की हो गई और फिर भी अभी तक इस पसन्द नहीं आई," गुसेव सन्निपात में बड़बड़ाया। "अपने पैरों का ध्यान के बजाय अच्छा हो कि तुम जाकर अपने बाबा को पानी पिला आओ। मैं तुम्हें बड़ी अच्छी चीज़ दूँगा।"

इसके बाद पश्चात कन्धे पर बन्दूक रखे से पहले वाले बन्दूक हो एक बरसाती पन्नम, जिसे उसने मारा था तारा और उसके पीछे एक निकला हुआ गहरी एकादशिक माथा का तालुप व एक टुकड़े व बाजे में उस लगाव का भोग रहा है। फिर खेतों में देखा हुआ क्या बहुत फिर हाथमा एक क्लीम तीनी और किसी चीज़ के लिए चीखती हुई और फिर वही दिया पांची बाबा स्लेज का सिर, काटा हु था

ऊपर कोई जार से चिल्लाता बड़े मल्लाह और वे डेक पर छोड़ भारी चीज़ घसीटने लग रहे थ कोई चीज़ भारी धमाका के साथ गिरी। वे लोग फिर धीरे पता कोई दुर्घटना हो गई थी। गुसेव ने सिर उठाया हुआ और देखा कि वे दूसरे सिपाही और वह मल्लाह फिर ताश खेल रहे थे उसका इलाकिन देख हुआ ताक बजा रहा था। चारों तरफ़ घुटन थी, किसी में भी सांस लेने तक की शक्ति नहीं है फिर —

चमक रही थी, काली गर्म और भारी था। समुद्र हमेशा की तरह कम्पन रहा था।

अचानक ताश खेलने वाले एक सिपाही को चुप हो गया।… वह पास के पत्तों को ईंट का कहने लगा, गिनने में गड़बड़ा गया और उसने अपने पत्ते फेंक दिए, फिर भयभीत, मूर्खतापूर्ण मुस्कराहट के साथ चारों तरफ सब साथियों की ओर देखने लगा।

"मैं अभी एक मिनट में उठता हूँ, दोस्तो… एक मिनट… …" उसने कहा और फर्श पर लेट गया। प्रत्येक व्यक्ति आश्चर्यचकित हो गया। उन्होंने उसे आवाज दी मगर उसने उत्तर नहीं दिया।

"स्टेपन, तुम्हारी तबियत खराब है, क्यों?" वर्दी में बंद हुए सिपाही ने उससे पूछा। "शायद, अच्छा हो कि हम लोग पादरी को बुला लें, क्यों?"

"थोड़ा सा पानी पी लो, स्टेपन…" मल्लाह ने कहा। "आ भाई पी लो।"

"तुम मुग्गी का जग दाँतों से क्यों टकराए जा रहे हो?" गुसेव ने गुस्से से कहा। "देख नहीं रहे, शलगम की सी खोपड़ी वाले?"

"क्या?"

"क्या!" उसका मजाक उड़ाते हुए गुसेव ने दुहराया। "इसमें सांस नहीं है, वह मर गया है! 'क्या' यह है! कैसे मूर्ख आदमी हैं, भगवान हम पर रहम करे…!"

२

जहाज का हिलना बन्द हो गया था और पावेल इवानिच पहले से अधिक प्रसन्न था। अब वह चिड़चिड़ा नहीं था। उसके चेहरे पर एक गर्वीला, अस्थिर और व्यंग्य का भाव था। वह इस तरह देखता था मानो कहना चाहता हो: "हाँ, एक मिनट में मैं तुम्हें ऐसी बात बताऊँगा जिसे सुनकर हँसी के मारे तुम्हारे पेट में बल पड़ जायेंगे।"

छोड़, कुछ भी नहीं । वे कहते हैं भाग और मैंने उन्हें मार दिया ।

और निस्तब्धता छा गई । तारा उसने पास का पत्थर से पैर जाल के साथ और एक दूसरे को गर्मी दूर हुए उठ रहे थ परन्तु बादल के हिलने से उन पर भी विजय प्राप्त कर ली । उन्होंने तामा एक तरफ फेंक दिए और लेट गए । गुसेव के फिर वह पड़ा तालाब, ईंटों की इमारत, गाँव यानी स्लेज फिर चली जा रही थी, बाल्का फिर हँस रहा था और चकुन्दम मोटी सी बेवकूफ बच्ची, वे कहना । दूसरा करो जोड़ काला और अपने पैर बाहर निकाल लिए मानो कह रही हो : "देखो अच्छे आदमियो मेरे बरफ के जूते बालका के से नहीं हैं वे नए हैं ।

"पाँच साल की हो गई और फिर भी अभी तक उस अकल नहीं आई" गुसेव सन्निपात में बड़बड़ाया । "अपने पैरों को फटकारने के बजाय अच्छा हो कि तुम आकर अपने बाबा को पानी पिला जाओ । मैं तुम्हें कोई अच्छी चीज दूँगा ।"

इसके बाद एंड्रयान कन्धे पर चकमक के घर से चलने वाली बन्दूक रख एक मरा हुआ खरगोश, जिसे उसने मारा था, आया और उसके पीछे एक निर्बल बुड्ढा यहूदी इसाइचिक आया जो साबुन के एक टुकड़े के बदले में उस खरगोश को माँग रहा है । फिर झोंपड़े में बँधा हुआ काला बछड़ा, फिर डोमना एक कमीज सीती और किसी चीज के लिए चीखती हुई और फिर वही दिमा बोल्शोइ जाकर साँप का सिर काटा हुआ सा

ऊपर काफ़ जोर से चिल्लाया, कई मल्लाह दौड़े, वे डेक पर कोई भारी चीज घसीटने लग रहे थे या कोई चीज भारी धमाके के साथ गिरी । वे लोग फिर दौड़े — क्या कोई दुर्घटना हो गई थी ? गुसेव ने सिर उठाया, सुना और देखा कि वे दोनों सिपाही और वह मल्लाह फिर ताश खेल रहे थे तथा इसलिए खड़ा हुआ दोस पड़ा रहा था । चारों तरफ घुटन थी, किसी में भी सांस लेने तक की शक्ति नहीं रही थी, प्यास

भग रही थी पानी गर्म और भरा था, । समुद्र हमेशा
हरकत रहा था।

अचानक तन्त्रा देखने वाले एक सिपाही को चुप हो गया
वह मन में वर्षों को ईंट का बहने लगा गिनने में गड़बड़ा गया
उसने अपने पर्चे फेंक दिए, फिर भयभीत, मूर्खतापूर्ण मुस्कराहट से
चारों तरफ हम लोगों की ओर देखने लगा।

"मैं अभी एक मिनट में उठता हूँ, दोस्तो एक मिनट"
उसने कहा और फर्श पर बैठ गया। प्रत्येक व्यक्ति असमंजसपूर्ण
था। हमने उसे थामने की मगर उसने उत्तर नहीं दिया।

'स्तेपन, तुम्हारी तबियत खराब है, क्यों ?" यहीं मैं
घबराए हुए सिपाही ने उससे पूछा। "शायद, अच्छा हो कि हम
पादरी को बुला लें, क्यों ?"

"थोड़ा सा पानी पी लो, स्तेपन··· " मल्लाह ने कहा।
"या भाई पी लो।"

"तुम सुरमई को उसके दाँतों से क्यों हटाए न रहे हो ?"
गुसाव ने गुस्से से कहा। "दम नहीं रहे, शैतान की सी खोपड़ी के !"
"क्या !"

"क्या !" उसका मजाक उड़ाते हुए गुसाव ने दुहराया। "इसमें
जान नहीं है, वह मर गया है। 'क्या' वह है। कैसे मूर्ख आदमी हैं,
भगवान हम पर रहम करे।"

३

जहाज का हिलना बन्द हो गया था और वातेव इवानिच पहले
से अधिक मगन था। अब वह चिड़चिड़ाता नहीं था। उसके चेहरे पर
एक गर्वीला, दम्भ भरा और व्यंग्य का भाव था। वह इस तरह देखता
था मानो कहना चाहता हो, "हाँ एक मिनट में मैं तुम्हें ऐसी बात
बताऊँगा जिसे सुनकर हँसी के मारे तुम्हारे पेट में बल पड़ जायेंगे।"

यह छोटी गोल खिड़की खुली हुई थी और इसकी ठंडी हवा पावेल इवा-
निच पर आ रही थी। वहाँ का पानी में पतवारों की छपछपाहट और अनेक
आवाजों का शोर आ रहा था। ठीक उस छोटी खिड़की के नीचे किसी ने
एक मनमनाती सी तरह, भद्दी आवाज में गाना शुरू कर दिया। निस्सन्देह
एक चीनी गा रहा था।

"अब हम लोग बन्दरगाह में हैं," पावेल इवानिच ने व्यंग्य-पूर्वक मुस्कराते हुए कहा। "सिर्फ एक महीना और हम लोग रूस में होंगे। अच्छा सज्जनो और बहादुरो! मैं ओडेसा पहुँचूंगा और वहाँ से सीधा खारकोव जाऊँगा। खारकोव में मेरा एक दोस्त है एक साहित्यकार। मैं उसके पास जाऊँगा और कहूँगा "अच्छा, दोस्त, अपने इन भयानक विषयों को, औरतों की प्रेम-कहानियों को और प्रकृति के सौन्दर्य को एक तरफ हटाओ और मनुष्य के दुराचारों का चित्रण करो।"

एक मिनट उसने सोचा फिर बोला।

'गुसेव तुम्हें मालूम है कि मैंने उन्हें कैसे काबू में किया था?"

"किस को काबू में किया था, पावेल इवानिच?"

"क्यों, वे लोग तुम जानते हो कि इस स्टीमर पर फर्स्ट-क्लास और थर्ड-क्लास दो ही दर्जे हैं और वे लोग सिर्फ किसानों-नीच मनुष्यों-को थर्ड क्लास में डाले रखते हैं। अगर तुम एक मल्लाहोंवाली कोट पहने हुए हो और तुम्हारी शक्ल अगर भले आदमियों या बड़े आद-मियों से जरा सी भी मिलती जुलती है तो तुम्हें फर्स्ट-क्लास में जाना पड़ेगा अगर तुम जाना चाहते। तुम्हें पाँच सौ रूबल कहीं से भी लाने पड़ेंगे चाहे इसमें तुम्हें जान ही क्यों न दे देनी पड़े। क्यों, पूछता मैं हूँ क्या तुमने यह नियम बनाया है? क्या इसके द्वारा तुम यो किसे रूसियों का सम्मान बढ़ाना चाहते हो? बिल्कुल नहीं। हम तुम्हें फर्स्ट-क्लास में नहीं जाने देंगे सिर्फ इसलिए कि एक साधारण व्यक्ति थर्ड-क्लास में नहीं जा सकता। यह बड़ा भयानक और घृणित

है। हाँ, सचमुच में भले आदमियों की भलाई के लिए इतनी चिन्ता रखने के लिये उनका कृतज्ञ हूँ। परन्तु किसी भी हालत में चाहे यहाँ अच्छा हो या बुरा मेरे पास भी कहने को है नहीं। मैंने सरकारी रुपया नहीं चुराया है, मैंने किसी देश के रहने वालों को लूटा नहीं है मैंने नाजायज चीजों का व्यापार नहीं किया है मैंने किसी को कोड़े मार मार कर जान से नहीं मारा है। इसलिए अनुमान लगाइए कि क्या मुझे स्वर्ग-प्रवास में आराम करने का अधिकार है और इसके भीतर जाने का लिखित पास पाने का अधिकार है। परन्तु तुम वहाँ तक इतना निश्चय में नहीं जा सकोगे। वहाँ तो धोखा देना पड़ता है। मैंने एक मजदूर का सा कोट और ऊँचे बूट पहने, चेहरे पर शराबियों का सा भद्दापन का भाव बनाया और एजेन्ट के पास गया। 'हमें एक धोखा सा टिकट दे दीजिए सरकार," मैंने कहा।

"क्यों, तुम किस वर्ग से सम्बन्धित हो?" एक मल्लाह ने पूछा।

"पादरियों से। मेरा बाप एक ईमानदार पादरी था, वह हमेशा दुनियाँ के बड़े आदमियों के मुँह पर सच्ची बात कह देता था और उसे इसके बदले में बहुत कुछ भोगना पड़ा था।"

अगोस्त इतमिनान से बातें करते करते थक गया था। वह साँस लेने के लिये रुका परन्तु फिर भी बोलता गया।

"हाँ मैं आदमियों के मुँह पर हमेशा सच्ची बात कह देता हूँ। मैं किसी से भी या किसी भी बात से नहीं डरता। इस मामले में मुझ में और तुम सब लोगों में बहुत बड़ा अन्तर है। तुम अन्धकार में हो, अन्धे और कुचले हुए हो। तुम कुछ भी नहीं जानते और जो कुछ देखते हो उसे समझ नहीं पाते। तुम्हें बताया जाता है कि इस धरती की जमीनों का बाद पर माल निकलती है, कि तुम मालदार हो वैभवशील हो और तुम इस पर यकीन कर लेते हो वे तुम्हारी गर्दन पर जूते मारते हैं तुम उनके हाथ चूमते हो। बीसवीं शताब्दी अपनी [illegible] खोले हुए

कोई पद तुम्हें खूब देता है और फिर तुम्हें फस्ट क्लास इनाम देता है, और तुम, मुझे अपने हाथ का चुम्बन करने दीजिये सरकार। तुम नीच, नीच आदमी हो।—मैं दूसरी तरह का आदमी हूँ। मेरी आँखें खुली हुई हैं मैं यह सब उसी तुम नीच, नीच हो। मैं दूसरी तरह का आदमी हूँ। मेरी आँखें खुली हुई हैं, मैं यह सब उसी तरह साफ़-साफ़ देख सकता हूँ जिस तरह एक गिद्ध या आसमानी चील ऊपर उड़ता हुआ देखता है, और मैं यह सब समझता हूँ। मैं जीवित विरोध हूँ। मैं जिम्मेदाराना जुल्म देखता हूँ—विरोध करता हूँ। मैं झूठ और छल देखता हूँ—विरोध करता हूँ। मैं सुअरों को विजयी देखता हूँ—विरोध करता हूँ। और मुझे दबाया नहीं जा सकता, कोई भी स्पेनी जोजमेरी जबान को बन्द नहीं कर सकती नहीं। मेरी जुबान काट दो और मैं गूंगों के इशारेसेअपना विरोधप्रकट करूँगा, मुझेकाल कोठरी में बन्द कर दो—मैं वहाँ से इतनी जोर से चीखूँगा जो आपके मील तक सुनाई देगा या मैं भूख हड़ताल कर-कर मर जाऊँगा जिससे उनकी काली आत्माओं पर एक और बोझ बढ़ जायेगा। मुझे मार डालो और मैं भूत बन कर उनको पीड़ा दूँगा। मेरे सारे परिचित मुझसे कहते हैं। "तुम बहुत बड़े दम्भी व्यक्ति हो पावेल इवानिच।" और मुझे इस तरह का सम्मान पाकर गर्व होता है। मैंने तीन साल तक सुदूर पूर्व में नौकरी की है और मैं वहाँ सौ साल तक याद किया जाता रहूँगा। मेरी सब से लड़ाई हो चुकी है। रूस से मेरे दोस्त मुझे लिखते हैं, "यहाँ वापस मत आओ" परन्तु देखो मैं उनसे लड़ने के लिए वापस जा रहा हूँ। हाँ, यही जीवन है जैसा कि मैं इसे समझता हूँ। यही है जिसे कोई जीवन कह सकता है।

गुसेव पोरी खिड़की की तरफ देख रहा था। और कुछ नहीं सुन रहा था। उस पार निर्मल साफ़, फीरोज़ी रंग के गर्म और धूप में चमकते

हुए पानी पर तिर रही थी। इसमें नन्हे चीनी एक पीछे एक की कतार में बनी चिड़ियों के पिंजरे लटकाए हुए दिखा रहे थे।

'यह चली है, यह चली है।'

एक दूसरी नाव पहली से टकराई। और फिर वहाँ एक और नाव आई जिसमें बैठा हुआ एक मोटा चीनी व्यापारी रकाबियों से चावल खा रहा था।

मन्द गति से समुद्र का जल साँस ले रहा था, समुद्री चिड़ियाँ उस पर धीरे धीरे तैर रही थीं।

'मेरा मन करता है कि उस मोटे की गर्दन में एक हाथ दूँ,' मुस्कराकर उस मोटे चीनी की तरफ देखते हुए गुसेव ने सोचा।

वह मस्ती में झूम उठा और उसे ऐसा लगा कि सारी प्रकृति भी सम्मिलित हो रही है। समय तेज़ी से गुज़र गया। धीरे धीरे दिन बीत गया, फिर अन्धकार छा गया। स्टीमर अब रुका नहीं था बल्कि आगे बढ़ रहा था।

४

दो दिन बीत गए। पावेल इवानिच बैठने की जगह लेट गया। उसकी आँखें बन्द थीं उसकी नाक और भी पतली दिखाई पड़ने लगी थी।

"पावेल इवानिच," गुसेव ने उसे आवाज दी, "ए, पावेल इवानिच।"

पावेल इवानिच ने आँखें खोलीं और होंठ हिलाए।

"क्या तुम्हारी तबियत खराब है?"

"नहीं, कोई बात नहीं," पावेल इवानिच ने हाँफते हुए जवाब दिया। "कोई बात नहीं, इसके बजाय मैं पहले से अच्छा हूँ। तुम देख रहे हो मैं लेट सकता हूँ। मैं पहले से कुछ आराम से हूँ।"

"अच्छा इसके लिए भगवान को धन्यवाद दो फ्योदोर इलीचिच।"

"जब मैं अपने से तुम्हारी तुलना करता हूँ तो मुझे तुम्हारे लिए दुख होता है ...बेचारा। मेरे फेफड़े ठीक हैं, यह सिर्फ पेट की खाँसी है। काला सागर की तो क्या बात मैं नरक को भी बर्दाश्त कर सकता हूँ। साथ ही मैं अपनी बीमारी और उन दवाओं को जो वे मुझे इसके लिए देते हैं, आलोचनात्मक दृष्टि से देखता हूँ। जब कि तुम ... तुम अन्धकार में हो ...यह तुम्हारे लिए कठिन है, बहुत, बहुत, कठिन है।"

जहाज हिल नहीं रहा था बल्कि शान्त था परन्तु एक स्नान-घर की तरह गर्म और घुटन से भरा हुआ था। यहाँ बोलना ही मुश्किल नहीं था अपितु सुनना भी कठिन था। गुसेव ने अपने घुटने हाथों से बाँध लिये, उन पर अपना सिर रखा और अपने घर के बारे में सोचने लगा। हे भगवान, इस दम घोंटने वाली गर्मी में बरफ और ठंड के विषय में सोचने से कितना सन्तोष मिलता था। तुम एक स्लेज में बैठे जा रहे हो, अचानक घोड़े किसी चीज से डर जाते हैं और बेतहाशा दौड़ने लगते हैं। सड़क खाई, खाइयों की बिना परवाह किये वे पागल की तरह भागे चले जाते हैं गाँव के बीच में होकर चीनी मिट्टी के कारखाने के पास वाले तालाब पर होकर बाहर खुले खेतों की तरफ। "रोको," कारखाने के मजदूर और किसान जो रास्ते में मिलते हैं चीखते हैं, "रोको।" मगर क्यों? तीखी ठंडी हवा को किसी के चेहरे पर लगने दो और किसी के हाथों को अपने घोड़ों के खुरों से उछले हुये बरफ के टुकड़ों को किसी की टोपी पर, किसी की पीठ पर, किसी के कालर के नीचे, किसी के सीने पर गिरने दो दौड़ने वालों को बरफ पर घंटी बजाते हुए दौड़ने दो और पहियों के निशानों और स्लेज को नष्ट हो जाने दो। पिशाच इन सबको उठा ले जाय! और कितना आनन्द आता है जब स्लेज उलट जाती है और तुम गाड़ी के पौहार पर से उछल कर तीर की तरह सीधा मुँह किये बरफ में जा पड़ते हो और फिर अपनी मूँछों को बरफ से सफेद किये हुये उठ खड़े होते हो: टोपी गायब, दस्ताने नदारद बैठी

हुआ हूँ। आदमी बेमन हैं और कुत्ते भौंकते हैं।

"पावेल इवानिच ने एक भारी आँखें खोलीं, उसने गुसेव की ओर देखा और धीरे से पूछा।

गुसेव, क्या तुम्हारा कमांडिंग अफसर गुस्सा है?"

"कौन कह सकता है पावेल इवानिच। हम नहीं कह सकते, हमें इसका पता नहीं चल पाता।" और इसके बाद बहुत लंबा समय खामोशी में गुजरा। गुसेव सोचता रहा, नींद में कुछ बड़बड़ाया और पानी पीता रहा। उसके लिये बात करना और सुनना दोनों ही मुश्किल हो रहा था और वह बात किये जाने से डर रहा था। एक घण्टा बीत गया, दूसरा, तीसरा बीत गया। शाम हो गई फिर रात आ गई परन्तु उसने इस तरफ गौर नहीं किया। वह अब भी पाले का स्वप्न देखता हुआ चुपचाप बैठा था।

एक आवाज हुई जैसे कोई अस्पताल में आया हो। कानों साफ सुनाई दी मगर कुछ मिनट गुजर गये और फिर खामोशी छा गई।

"स्वर्ग का राज्य और अनन्त शान्ति" घड़ी में हाथ बदलते हुए सिपाही ने कहा "वह एक दुखी आदमी था।"

"क्या?" गुसेव ने पूछा। "कौन?"

"वह मर गया, वे उसे अभी ऊपर ले गये हैं।"

"आह, अच्छा" जम्हाई लेते हुए गुसेव बड़बड़ाया। "उसे स्वर्ग का राज्य मिले।"

"तुम्हारा क्या ख्याल है?" बाँह को घड़ी में बदलने वाले सिपाही ने गुसेव से पूछा। "उसे स्वर्ग का राज्य मिलेगा या नहीं?"

"तुम किसके बारे में बातें कर रहे हो?"

"पावेल इवानिच"

"उसे मिलेगा उसने इतना सहा है। और एक दूसरी बात यह है, वह पादरी लोगों से सम्बन्धित रह चुका है और पादरियों के

मरीजों रिश्तेदार होते हैं। उनकी भावनाएं उसे क्या होंगी।

यही बात सिपाही सुरेश के पास एक कुर्सी पर धीमी आवाज में बोला।

"और तुम, सुरेश इस दुनियाँ में ज्यादा नहीं रहोगे। कभी नहीं पहुँच सकोगे।"

"क्या डाक्टर या उसका सहायक ऐसा कहता है?" पूछा।

"यह बात नहीं है कि उन्होंने ऐसा कहा था, मगर कोई भी देख सकता है। कोई भी साफ देख सकता है जब कि एक मरने वाला है। तुम खाते नहीं, तुम पीते नहीं, यह इतना कर है कि तुम इतने दुबले हो गये हो। यह ठीक है, समझना। मैं तुम्हें परेशान करने के लिए नहीं कहता बल्कि इसलिये कि शायद धार्मिक संस्कार और अन्तिम उत्तम अवसर पसन्द करो। और तुम्हारे पास कुछ पैसा हो तो उसे अपने घर वालों को दे दो।"

"मैंने घर को नहीं लिखा है ..." सुरेश ने आह भरी। "मैं मर जाऊँगा और उन्हें मालूम भी नहीं पड़ेगा।"

"उन्हें खबर मिल जायगी," बीमार मल्लाह ने भारी आवाज में कहा। 'जब तुम मरोगे तो वे गजट में इसकी सूचना निकाल देंगे, ओडेसा में। वे वहाँ कमाण्डिंग अफसर के पास एक रिपोर्ट भेज देंगे और वह उसे जिले में या कहीं और भेज देगा।"

सुरेश ऐसे वार्तालाप के बाद बेचैन हो उठा और उसके हृदय में एक अतृप्त सी तीव्र अभिलाषा उत्पन्न हो उठी। उसने पानी पिया, वह नहीं थी वह खिसकता हुआ खिड़की के पास पहुँचा और गर्म और नम हवा में सांस ली—पर वह भी नहीं थी। उसने घर के बारे में सोचने की कोशिश की, पानी के बारे में सोचा पर वह भी नहीं थी। अन्त में उसे यह लगा कि अगर वह उस वार्ड में एक

रूप से मर

"बड़ी घुटन है साथियो" उसने कहा। "मैं डेक पर जाऊँगा। भगवान के लिए उठने में मेरी सहायता करो।"

"अच्छी बात है" बड़ी नाकवाले सिपाही ने मंजूर किया। "मैं तुम्हें ले चलूँगा, तुम चल नहीं सकते, मेरी गर्दन पकड़ लो।"

गुस्तेव ने सिपाही के गले में हाथ डाल दिया, सिपाही अपनी लम्बी बाँह उसके चारों तरफ लपेटकर उसे सहारा देकर ले चला। डेक पर मल्लाह और नौकरी की मियाद खत्म हो जाने वाले सिपाही बराबर बराबर लेटे हुए थे। वे इतने अधिक थे कि उनके बीच में होकर गुजरना मुश्किल था।

"खड़े हो जाओ" बड़ी नाक वाले सिपाही ने धीरे से कहा। "मेरे पीछे चुपचाप चले आओ, मेरी कमीज पकड़ लो।"

चारों तरफ अंधकार था। कहीं न डेक पर न मस्तूलों पर न चारों तरफ समुद्र पर ही कोई रोशनी थी। जहाज के सबसे दूर अग्रिम भाग में सन्तरी पहरा देता हुआ बिलकुल बुत की तरह खड़ा और ऐसा मालूम पड़ता था मानो सो रहा हो। ऐसा लग रहा था मानो जहाज अपने आप निर्जन हो गया था और अपनी मर्जी से चला जा रहा था।

"अब वे लोग पावेल इवानिच को समुद्र में फेंक देंगे," नाटे सिपाही ने कहा। "एक बोरे में भरकर फिर पानी में।"

"हाँ यही कायदा है।"

"मगर घर पर जमीन में दफनाना ज्यादा अच्छा है। कम से कम तुम्हारी माँ कब्र पर आती है और रोती है।"

"बेशक।"

वहाँ सूखी घास और गोबर की गन्ध भर रही थी। वे रेलिंग के सहारे बैल सिर नीचे किए खड़े हुए थे। एक, दो, चार थे। और एक छोटा सा घोड़ा था। गुस्तेव ने उसे सहलाने को हाथ बढ़ाया मगर घोड़े ने अपना सिर हिलाया, और उसकी आस्तीन मुँह से पकड़ने की कोशिश की।

"शैतान ..." सुरेश नाराज होकर बोला।

वे दोनों—वह और सिपाही—जहाज के अगले सिरे की तरफ चलते हुए गए, फिर रेलिंग के सहारे खड़े हो गए और ऊपर नीचे देखने लगे। ऊपर गहरा आसमान चमकते सितारे, शान्त और बिलकुल गाँव में घर की तरह, नीचे अन्धकार और अस्पष्टता। ऊँची लहरें गरज रही थीं, कोई नहीं बता सकता कि क्यों। तुम जिस को भी देखो वह और दूसरी सब लहरों से अधिक ऊँची उठता दूसरी का पीछा करता और उसे कुचल डालना चाह रही थी। पीछे उतनी ही भयङ्कर और वैसा ही शोर मचाती हुई तीसरी जिसकी चोटी प्रकाश से चमक रही होती।

समुद्र में दुर्दिन और हवा नाममात्र को भी नहीं थी। स्टीमर फौलाद और लोहे और मोटी लोहे की चादरों से न बना होता तो लहरें बिना किसी प्रकार के भेद का अनुभव किए उसके टुकड़े टुकड़े कर डालतीं और उस पर सवार सब आदमियों को, सन्त और पापी का बिना भेद किए निगल जातीं। स्टीमर से भी वही क्रूर और अर्थहीन भाव झलक रहा था। वह दैत्य अपनी विशाल चोंच के साथ आगे अग्रसर हुआ चला जा रहा था, रास्ते में करोड़ों लहरों को छिन्न भिन्न करता हुआ। उसे न अन्धकार का भय था, न हवा का, न स्थान का, न एकान्त का। बिना किसी की परवाह किए बढ़ा जा रहा था और अगर समुद्र के अपने आदमी होते तो वह दैत्य उन्हें भी कुचल डालता, बिना सन्तों और पापियों का भेद किए।

"अब हम कहाँ हैं?" सुरेश ने पूछा।

"मैं नहीं जानता, हमें महासागर में होना चाहिए।"

"जमीन का कहीं पता नहीं ..."

"सचमुच नहीं है। उनका कहना है कि हम जमीन के दर्शन सात दिनों तक नहीं कर सकेंगे।"

वे दोनों ...

देख रहे थे और सोचते हुए खामोश थे। गुसेव ने ही सबसे पहले शान्ति भंग की।

"डरने की कोई बात नहीं है," वह बोला, "सिर्फ होता यह है मानो एक घने जंगल में बैठा हो। मगर, मान लो अगर मैं इसी समय पानी पर एक नाव उतारूँ और वह कप्तान मुझे समुद्र में सौ मील दूर जाकर मछली पकड़ने की आज्ञा दे तो मैं चला जाऊँगा। या मानो, एक ईसाई इसी वक्त समुद्र में गिर पड़े तो मैं उसके साथ ही नीचे कूद पड़ूँगा। एक जर्मन या चीनी को मैं नहीं बचाऊँगा परन्तु एक ईसाई के साथ ही नीचे कूद पड़ूँगा।

"और क्या तुम मरने से डरते हो?"

"हाँ। मुझे घर पर अपने परिवार वालों के लिए दुख है। जानते हो कि घर पर मेरा भाई ठीक से नहीं रहता। शराब पीता है व पत्नी बच्चों को बिना बात मारता है। और उसके माँ बाप की नहीं करता है। मेरे बिना सब कुछ बर्बाद हो जाएगा और मुझे डर है कि मेरे माँ बाप रोटी के लिए भीख न माँगते फिरें। परन्तु तुम मेरा बोझ नहीं समझ पा रहे हो, भाई, और यहाँ हमें बचा, कैसे बचें।"

५

गुसेव वार्ड में वापस चला गया और अपनी खाट पर बैठ गया। फिर एक अस्पष्ट धुंधली अभिलाषा उसे परेशान करने लगी और समझ न सका कि वह क्या चाहता था। उसके सीने में दर्द था, सिर भारी था, उसका मुँह सूख गया उसमें तीखा कड़वा स्वाद आ रहा था। वह ऊँघता रहा और नींद में बड़बड़ाने लगा और बुरे सपनों, खाँसी और भारी गर्मी से परेशान होकर सुबह तक पड़ा रहा। नींद में उसे लगा कि वे बैरक में रोटी सेंक रहे हैं और वह स्टोव के अंदर चढ़ गया और उसमें भाप का स्नान

है। कुछ देर बाद एक दूसरी गहरे पीले रंग की रेखा उसके पास आ जाती है। उसके बाद एक सुनहरी और फिर एक गुलाबी। ...क्षणक्षण पर रंग इतने चकाचक से एक हो जाते हैं इस समय मनमोहक आकाश को देखकर मनुष्य पहले तो गलता है परन्तु तुरन्त वह भी कोमल, गुणगुना, सुन्दर रंगों को धारण कर लेता है जिसके लिए मानव-भाषा में कोई नाम ढूंढना कठिन है।

दो वोलोद्या

"मुझे दो, मैं खुद चलाना चाहती हूँ। मैं कोचवान के पास बैठूँगी।" सोफिया ल्वोव्ना ने ऊँची आवाज़ में कहा। "एक मिनट ठहरो, कोचवान मैं ऊपर तुम्हारे पास बैठूँगी।"

वह स्लेज में खड़ी हो गई और उसके पति व्लादीमीर निकितिच, और उसके बचपन के मित्र व्लादीमीर मिखाइलिच ने उसे गिरने से रोकने के लिए उसकी बाँहें थाम लीं। तीनों घोड़े तेज़ी से सरपट भागे चले जा रहे थे।

"मैंने कहा था कि तुम्हें इसको ब्रांडी नहीं देनी चाहिए थी।" व्लादीमीर निकितिच ने रुष्ट होकर अपने साथी से फुसफुसाते हुए बोला। "तुम भी क्या आदमी हो।"

कर्नल अनुभव से इस बात को जानता था कि उसकी बीवी सोफिया ल्वोव्ना जैसी औरतों को ज़रा भी ज़्यादा पिला देने से पहले तो वे मस्ती में उन्मत्त हो उठती हैं, फिर हिस्टीरिया की रोगी की तरह हँसती हैं और फिर आँसू बहाने लगती हैं। उसे डर था कि अब वे घर पहुँचेंगे तो सोने की जगह उसे उसको कमरे में पानी और दवाई पिलानी पड़ेंगी।

"ठहरो !" सोफिया ल्वोव्ना चीखी। "मैं एक चक्कर चाहती हूँ।"

वह सचमुच प्रसन्नता और विजय का अनुभव कर रही थी। पिछले दो महीनों से, अपनी शादी के बाद से ही, वह इस विचार से दुखी रही थी कि उसने कर्नल यागिच से सांसारिक आनन्द प्राप्त करने के लिए और जैसा कि कहा जाता था 'कुढ़ाने के लिए' के लिए शादी की थी। परन्तु उस शाम को रेस्टोरेन्ट में उसे अचानक विश्वास हो गया था कि वह उससे गहरा प्रेम करती थी। चौवन साल की अवस्था होते हुए भी वह इतना छरहरा फुर्तीला और कोमल था। मज़ाक करता था और जिप्सी गानों की धुनों को बड़ी सुन्दरता के साथ गुनगुनाता था। सचमुच, आज कल बुड्ढे जवान आदमियों से हजार गुने ज्यादा मजेदार होते थे। ऐसा लगता था मानो अवस्था और यौवन ने आपस में अदला बदली कर ली थी। कर्नल उसके पिता से दो साल बड़ा था परन्तु इस बात का क्या कोई महत्व हो सकता था ? अगर सच कहा जाय तो कर्नल में स्वयं उसकी अपेक्षा अधिक शक्ति, स्फूर्ति और ताजगी थी यद्यपि उसकी अवस्था तेईस साल की ही थी।

"ओह मेरे प्यारे !" उसने सोचा। "तुम अद्भुत हो !"

उस रेस्टोरेन्ट में ही इस बात पर विश्वास हो गया था कि उसमें पुरानी विचार धारा का एक कण भी शेष नहीं रहा था। अपने इस बचपन के मित्र व्लादीमीर मिहाइलिच या सिर्फ वालोद्या, जिसके प्रेम में वह कल तक बुरी तरह पागल थी, के प्रति इस समय पूर्ण उदासीनता के अतिरिक्त वह और कुछ भी अनुभव नहीं कर रही थी। उस सारी शाम तक वह उसे एक निर्जीव जड़, सुस्त और तुच्छ व्यक्ति प्रतीत होता रहा था। और उदासीनता ने जिसके द्वारा वह अभ्यासवश इस अवसर पर रेस्टोरेन्ट में जिप्सी का भुगतान करने से अपने को बचाता रहा, सोफिया को चिढ़ा दिया और वह मुश्किल से अपने को यह कहने

से रोक सकी कि, "अगर तुम गरीब हो तो तुम्हें घर पर रहना चाहिये।" कर्नल ने सारे पैसे चुकाए।

शायद इसलिए कि पेड़, तार के खम्भे और बरफ के ढेर उसकी आँखों के सामने से तेज़ी से गुज़रते रहे, उसके दिमाग में तरह तरह के असम्बद्ध विचार आते रहे। उसने सोचा रेस्तोरैंट का बिल एक सौ बीस रूबल का था, और सौ जिप्सियों पर चले गए और कल अगर वह चाहे तो हज़ार रूबल उड़ा सकती है, और सिर्फ दो महीने पहले उसकी शादी से पहले उसके पास उसके अपने तीन रूबल भी नहीं थे और हर मामूली चीज़ के लिए उसे अपने पिता से कहना पड़ता था। उसके जीवन में कैसा परिवर्तन हो गया है।

उसके विचार उलझे हुए थे। उसने याद किया कि कैसे, जब वह दस साल की बच्ची थी, कर्नल यागिच, अब उसका पति, बुआ से प्रेम किया करता था और घर में हरेक कहता था कि उसने उसे बर्बाद कर दिया था। और उसकी बुआ भी सचमुच रोने से आँखें लाल किए कभी कभी खाना खाने नीचे आया करती थी और हमेशा कहीं चली जाती थी, और लोग उसके विषय में कहा करते थे कि इस बेचारी को कहीं भी शान्ति नहीं मिलती। उन दिनों वह बहुत सुन्दर था और 'नारी-हन्ता' के रूप में उसकी प्रसिद्धि असाधारण थी। इतनी अधिक कि उसे सारा शहर जानता था और उसके विषय में यह कहा जाता था कि वह प्रतिदिन नियम से अपनी प्रशंसिकाओं के यहाँ उसी तरह जाया करता जिसतरह एक डाक्टरअपने मरीज़ों को देखनेजाया करता है। और अब भी उसके भूरे बालों, उसकी झुर्रियों और उसके चश्मे के रहते हुए भी उसका पतला चेहरा सुन्दर लगता था विशेष रूप से बगल से देखने में।

सोफिया ल्वोव्ना का पिता एक फौजी डाक्टर था और किसी समय उसने कर्नल यागिच के साथ एक ही रेजीमेन्ट में नौकरी की थी। वोलोद्या का पिता भी एक फौजी डाक्टर था और वह भी उसके पिता

और कर्नल यागिच की तरह उसी रेजीमेंट में रहा था । बचपन में सम्बन्धों के रहते हुए भी जो कभी बड़े पेचीदा और परेशानी उत्पन्न देने वाले होते थे, वोलोद्या ने यूनिवर्सिटी में अच्छी सफलता प्राप्त की और एक पाठ्य अच्छी डिग्री प्राप्त कर ली थी । इस समय वह साहित्य का विशेष अध्ययन कर रहा था और एक थीसिस लिख रहा बताया जाता था । वह अपने पिता फौजी डाक्टर के साथ बैरकों में रहता था और खुद कुछ भी नहीं कमाता था यद्यपि उसकी अवस्था तीस साल की थी । बचपन में वह और सोफिया एक घर में, यद्यपि अलग अलग फ्लैटों में, रहते थे । वह अक्सर उसके साथ खेलने के लिए आया करता था और दोनों साथ नाचना और फ्रेंच सीखा करते थे । परन्तु जब वह बड़ा होकर एक भव्य, अत्यन्त सुन्दर युवक बन गया तो वह उससे शरमाने लगी और फिर पूरी तरह उसे प्रेम करने लगी और उस समय तक बराबर उसे प्रेम करती रही जब उसकी यागिच के साथ शादी हुई । वह भी चौदह वर्ष की अवस्था से ही औरतों पर विजय प्राप्त करने के लिए मशहूर था । और वे महिलाएं जो उसकी खातिर अपने पतियों को धोखा देती थीं वह कह कर अपनी ,सफाई दे देती थीं कि वह एक बच्चा है । किसी ने कभी उसका एक किस्सा सुनाया था कि जब वह एक विद्यार्थी के रूप में यूनिवर्सिटी के पास ही एक मकान में रहता था तो हमेशा जब कोई उसके दरवाजे का खटखटाता था तो वह कहता था कि उसके पैरों की आवाज सुनाई पड़ती थी और फिर फुसफुसाते हुए क्षमा चाहता : "क्षमा कीजिए मैं अकेला नहीं हूँ" । यागिच उससे प्रसन्न रहता था और उसे एक योग्य उत्तराधिकारी के रूप में आशीर्वाद देता था, जैसे कि डेरझाविन ने पुश्किन को आशीर्वाद दिया था । वह उसे चाहता था । वे घण्टों बिना बोले साथ साथ बिलियर्ड या ताश खेला करते थे । अगर यागिच कहीं बाहर जाता तो वोलोद्या को हमेशा अपने साथ ले जाता था और यागिच ही एक मात्र व्यक्ति था जिसे वोलोद्या ने अपनी थी[illegible] के

पहले जब वालोद्या अपेक्षाकृत युवक था वे कभी कभी एक दूसरे के प्रति ईर्ष्यालु बन जाते थे परन्तु कभी भी एक दूसरे से अलग नहीं थे। उस समाज में जिसमें वे रहते थे वालोद्या 'बड़ा वोलोद्या' और उसका मित्र 'छोटा वालोद्या' के नाम से प्रसिद्ध थे।

बड़े वोलोद्या छोटे वोलोद्या और सोफिया अलेक्सा के अलावा इस स्लेज में एक चौथा व्यक्ति और था—मार्गरीता अलेक्से-एव्ना या, जैसा कि सब उसे कहते थे, रीता। मैडम वालोद्या की चचेरी बहन—काफी मोटी और एक पौंस का चश्मा लगाने वाली अधपकी पीली तीस साल से ऊपर की कुमारी, जो हमेशा सिगरेट पिया करती थी, मजलिस में भी और जिसके ब्लाउज की सामने के हिस्से और घुटनों पर हमेशा सिगरेट की राख पड़ी रहती थी। वह नाक के स्वर और हरेक शब्द को गुनगुनाती हुई बोलती थी। उसका मिजाज ठंडा था, बिना नशे में गाफिल हुए चाहे जितनी शराब पी सकती थी और बड़े भावशून्य और नीरस ढंग से गन्दी कहानियाँ सुनाया करती थी। घर पर वह मोटी पत्रिकाएं पढ़ती रहती थी, उन पर सिगरेट की राख बिखेरती हुई या सेब खाती हुई।

"सोफिया, बेवकूफी बन्द करो" उसने गुनगुनाते हुए कहा। "यह सचमुच मूर्खता है।"

जब वे शहर के फाटक के पास आए तो घोड़े भी धीरे धीरे चलने लगे और आदमियों और मकानों के बीच में होकर गुजरने लगे। सो-फिया अलेक्सा शान्त हो गई और अपने पति के साथ सट कर बैठ गई और उसने अपने विचारों की लगाम ढीली छोड़ दी। छोटा वोलोद्या सामने बैठा था। इस समय तक उसके कोमल और प्रसन्न भाव उदासीन भावों के साथ मिल गए थे। उसने सोचा कि सामने बैठा हुआ व्यक्ति जानता है कि वह उसे प्रेम करती थी और इसमें कोई शक नहीं कि वह इस प्रकार से विश्वास करता था कि उसने मनोवैज्ञानिक शोध विज्ञान के लिए ही उस कर्नल से विवाह किया था। उसने उससे अपने प्रेम के विषय

में कभी नहीं कहा था। वह नहीं चाहती थी कि वह उसे मालूम पड़े और उसने अपने भावों को छिपाने की पूरी कोशिश की थी परन्तु उसके चेहरे से वह जानती थी कि वह उसे अच्छी तरह समझता था—और इससे उसके आत्म-सम्मान को चोट पहुँचती थी। परन्तु उसकी स्थिति में सब से अधिक उद्विग्न कर देने वाली बात यह थी कि उसकी शादी के बाद ही मोलोवृषा ने अचानक उसकी तरफ ध्यान देना आरम्भ कर दिया था, जो उसने पहले, उसके साथ घण्टों बिताने और चुपचाप बैठे हुए या इधर उधर की मामूली बातें करते हुए भी, कभी नहीं किया था। और अब भी स्लेज में बैठे हुए, यद्यपि उसने उससे बातें नहीं की थीं, उसने अपने पैर से उसका पैर छुआ और उसके हाथ को जरासा दबाया। जाहिरा, वह इतना ही चाहता था कि उसकी शादी हो जानी चाहिए। और यह स्पष्ट था कि वह उससे घृणा करता था और कि वह उसमें सिर्फ एक विशेष प्रकार की दिलचस्पी उत्पन्न कर देती थी मानो वह एक चरित्रहीन और बदनाम स्त्री हो। और जब अपने पति के प्रति प्रेम और विजय के भाव उसकी आत्मा में दुःख और अपमानित आत्म सम्मान के भावों के साथ मिल उठे तो वह एक विद्रोही भावना से भर उठी और बक्स पर बैठने, चीखने चार घोड़ों को सीटी बजा कर चलाने की इच्छा करने लगी।

जैसे ही वे पादरियों के मठ के पास होकर निकले सौ टन वाला विशाल घण्टा बजने लगा। रीता ने अपने ऊपर पवित्र क्रॉस का निशान बनाया।

"हमारी ओल्गा इसी मठ में है," सामिया कपोत्मा बोली और उसने भी अपने ऊपर पवित्र क्रॉस का निशान बनाया और काँप उठी।

"वह मठ में क्यों गई थी?" काब्स ने पूछा।

'कुमारी के लिए' रीता ने खिलखिला कर उत्तर दिया, सामिया के पाणिग्रह से विवाह करने की बात दृष्ट संकेत करते हुए। "कुमारी के

लिए। हाँ साजरूप का फैशन है। सारी दुनियाँ के खिलाफ बगावत था। यह हमेशा हँसती रहती थी, बहुत चौंचलेबाज, मिर्ज़े साथ और बच्चों की शौकीन और एकाएक वह चली गई—इस को बड़ा दुःखित कर।'

'यह सच नहीं है," क्सोट्र्या ने अपने इन्सार कोट का कालर नीचे की तरफ मोड़ते और अपने सुन्दर चेहरे को दिखाते हुए कहा, 'यह फ़ैशन वाला मामला नहीं था। अगर आप चाहें तो यह बहुत भयानक मामला था। उसका बाप दुनियाँ तथा अलग चला गया था और उन्हें नहीं मालूम कि वह अब कहाँ है। और उसकी माँ दुःख से मर गई।"

उसने अपना कालर फिर ऊपर उठा लिया।

"योसफ ने धोखा दिया," उसने धीमी आवाज़ में कहा, "एक धार लिए हुए दरवे की तरह रहना और ऐसी आशा के साथ देखना कि मोक्षिया ग्रामान्या—इस बात का मन ध्यान में रखना ज़रूरी है।"

मार्फ़ा क्सोत्या ने उसकी आवाज़ में घृणा की ध्वनि सुनी और उससे कुछ कड़ी बात कहने के लिए उत्सुक हो उठी परन्तु कहा कुछ भी नहीं। विरोध की भावना फिर उस पर हावी हो गई, वह फिर नर्म हो गई और आँसू भरी आवाज़ में धीरे से बोली:

"मैं सपने में उसका ख्याल करती हूँ। अलविदा, बहन! मैं योसफ का स्मरण करती हूँ।'

वे अलग हट दिए। सड़क के खम्भे की लालटेन जली थी और मार्फ़ा ग्रामान्या ने अनुभव की कि उसमें कुछ ऐसा था जिसने उसे अपनाया और उसके जीवन को पार दिखा दी थी। गिरजे के दूसरे खम्भे भी बजने लगे। जब धर्माध्यक्ष ने बातों का अन्त किया तो मार्फ़ा क्सोत्या उठ कर खड़ी हुई और दिया लिया तथा खिड़की के रास्ते से दरवाज़े की तरफ चल दी।

"मेरी बहन, मार्फ़ा इवा..." उसने पीछे से उसे पुकारा

कर कहा। "पहले ही काफी देर हो चुकी है।"

वह उस बड़े दरवाजे में होकर भीतर चली गई और फिर उस सड़क पर होकर आगे बढ़ी जो दरवाजे से मुख्य गिरजे की तरफ जाती थी। बरफ उसके पैरों के नीचे टूटने लगी। घण्टे की आवाज बिल्कुल उसके सिर के ऊपर बज रही थी और उसके सारे शरीर में कांपती हुई प्रतीत हो रही थी। यहाँ गिरजे का दरवाजा था, फिर तीन सीढ़ियाँ नीचे, और एक मेहराब का कमरा जिसमें दोनों तरफ सन्तों की मूर्तियाँ थीं, धूप और मसालों की सुगन्ध, फिर दूसरा दरवाजा और उसे खोलती हुई और नीचे एक झुकती हुई एक काली मूर्ति। प्रार्थना अभी प्रारम्भ नहीं हुई थी। एक पादरिन सूचियाँ वाले पर्दे के सहारे चल रही थी और ऊँचे बड़े शमादान की मोमबत्तियों को जला रही थी, दूसरी फानूस को जला रही थी। इधर उधर खम्भों और बगल की वेदियों के पास काली, स्थिर मूर्तियाँ खड़ी थीं। "मैं सोचती हूँ कि वे लोग वैसे खड़े हैं, इसी तरह सुबह तक खड़े रहेंगे," सोफ़िया ल्वोव्ना ने सोचा और यह स्थान उसे अन्धकारपूर्ण, ठंडा निर्जीव—एक कब्रिस्तान से भी अधिक निर्जीव, लगा। उसने उदासीनता से उन शान्त स्थिर मूर्तियों की तरफ देखा और अचानक दिल में एक टीस का अनुभव किया। किसी प्रकारवश एक छोटे कद की पादरिन के रूप में जिसके कन्धे पतले थे और सिर पर एक काला रूमाल बंधा हुआ था उसने ओल्गा को पहचान लिया हालाँकि ओल्गा जब मठ में दाखिल हुई थी वह मोटी थी और लम्बी लगती थी। हिचकिचाती और अत्यधिक उत्तेजना का अनुभव करती हुई सोफ़िया ल्वोव्ना उस पादरिन के पास गई और उसके कन्धे पर से होकर उसके चेहरे को देखते हुए उसने ओल्गा को पहिचान लिया।

"ओल्गा!" अपने हाथ फैलाते हुए वह चीखी और आवेशवश बोल नहीं सकी। "ओल्गा!"

पादरिन ने उसे फौरन पहचान लिया। उसने आश्चर्य से भौंहें

चढ़ाई और उसका पीला लम्बा झुका हुआ चेहरा ऐसा लगा कि उसका सिर का सफ़ेद कपड़ा भी जिसे वह अपने बालों के नीचे बाँधे हुये थी, प्रसन्नता से चमक उठा।

"भगवान का कैसा आश्चर्य है!" उसने कहा और उसने भी अपने पतले पीले हाथ फैला दिए।

सोफ़िया ल्वोव्ना उससे चिपट गई, प्रेम से उसका चुम्बन किया और ऐसा करते समय उसे डर लगा कि उस पर से शराब की बदबू आ रही होगी।

"हम लोग अभी यहाँ से गुज़र रहे थे और हमें तुम्हारी याद आ गई" उसने हाँफते हुए कहा मानो दौड़ कर आ रही हो। "मेरी प्यारी! तुम कितनी पीली दिखाई पड़ रही हो! ...मैं... मैं तुमसे मिल कर बहुत खुश हूँ। अच्छा, बताओ तुम कैसी हो! यहाँ मन नहीं लगता!"

सोफ़िया ल्वोव्ना ने चारों तरफ़ दूसरी पादरिनों की तरफ़ देखा और अधीरता सी दिखाती हुई कहने लगी:

"घर पर बहुत से परिवर्तन हो गये हैं...तुम्हें मालूम है मेरी शादी कर्नल युगिच से हो गई है। तुम्हें उसकी याद है है न। मैं उसके साथ बहुत खुश हूँ।"

"अच्छा इसके लिए भगवान को धन्यवाद दो। और तुम्हारे पिता अच्छी तरह से हैं?"

"हाँ वे अच्छी तरह हैं। अक्सर तुम्हारी बातें करते रहते हैं। ओल्या, छुट्टियों में आकर हम लोगों से ज़रूर मिलना आओगी न?"

"आऊँगी," ओल्या बोली और मुस्करा उठी। "मैं महीने के दूसरे दिन आऊँगी।"

सोफ़िया ल्वोव्ना रोने लगी वह खुद नहीं जान सकी कि क्यों, और एक मिनट तक चुपचाप आँसू बहाती रही, फिर उसने अपनी आँखें पोंछी और बोली:

"रीता तुमसे न मिल कर बहुत दुखी होगी। वह भी हमारे साथ

आई है और बोलोद्या भी आई है। वे लोग दरवाजे के पास खड़े
उन्हें कितनी खुशी होगी अगर तुम बाहर चल कर उनसे मिलो।
उनके पास बाहर चलें मातमा अभी शुरू नहीं हुई।"

"चलो," ओल्गा सहमत हो गई। उसने अपने ऊपर पवित्र क्रॉस का निशान बनाया और सोफिया ल्वोव्ना के साथ दरवाजे पर आई।

"तो तुम कहती हो कि तुम सुखी हो सोफिया क्यों हो न, जब वे दरवाजे पर बाहर आ गई तो उसने पूछा।

"बहुत।"

"अच्छा, भगवान को इसके लिये धन्यवाद है।"

पादरिन को देखकर दोनों बोलोद्या स्लेज से बाहर निकले और सम्मान के साथ उसकी अभ्यर्थना की। दोनों ही उसके पीले चेहरे और मठ की काली पोशाक से प्रभावित प्रतीत हुये और दोनों प्रसन्न थे कि उसने उन्हें याद किया और उनका सम्मान करने के लिये बाहर आई। कहीं उसे ठंड न लग जाए इसलिये सोफिया ल्वोव्ना ने उसे एक कम्बल उढ़ा दिया और आधा एक बार उसके चारों तरफ लपेट दिया। उसके आँसुओं ने उसके मन को हल्का कर दिया था और उसका हृदय को पवित्र बना दिया था। वह प्रसन्न थी कि यह शोरगुल और बेचैनी से भरी हुई रात और दरअसल गन्दी रात एकाएक इतनी पवित्रता और शान्ति के साथ समाप्त होगी। और ओल्गा को कुछ देर और अपने साथ रखने के लिये उसने प्रस्ताव रखा।

"चलिये, इसे घुमाने ले चलें। ऊपर चढ़ो ओल्गा। हम थोड़ी दूर चलेंगे।"

उन आदमियों ने आशा की थी कि मातृगत इन्कार कर देगी—संत लोग तीन घोड़ों की स्लेज में इधर-उधर नहीं घूमते फिरते, लेकिन आश्चर्यचकित करते हुए उसने स्वीकार कर लिया और स्लेज में चढ़ गई। और जब घोड़े नगर के फाटक की तरफ दौड़े जा रहे थे सब

और केवल उसे ढंग से बदनाम और नाकाम होने का प्रयत्न करते रहे। प्रत्येक सोच रहा था कि वह पहले क्या थी और अब क्या है। इस समय उसका चेहरा रक्त रहित भावना हीन शान्त, सौन्दर्य और निर्जीव था मानो उसकी धमनियों में रक्त न होकर पानी भरा हो। दो या तीन साल पहले वह सुन्दर थी, चंचल एक गुड़िया सी अपने प्रेमियों के बारे में बातें करती रहती थी और हरेक बात पर हँसने लगती थी।

नगर के फाटक के पास स्लेज वापस मुड़ी। दस मिनट बाद वह मठ के पास रुकी ओल्गा मीख उतर गई। घण्टा और उसी से बजना पाया था।

"भगवान तुम्हारी रक्षा करे," ओल्गा ने कहा और भीख मुँड़ी जैसे कि भिखारिनें करती हैं।

"ओल्गा, ज़रूर आना।

"आऊँगी, आऊँगी।"

वह गई और जल्दी से फाटक दरवाज़े के पीछे गायब हो गई। और इसके बाद जब वे लोग फिर चल दिए तो सोफिया ल्वोव्ना बड़ी उदास हो उठी। हरेक खामोश था। उसने पूरी तरह निराशा और थकान का अनुभव किया। यह बात कि उसने एक नन को स्लेज में बैठा कर ऐसे व्यक्तियों के साथ घुमाया था जो गम्भीर नहीं कहे जा सकते, उसे अब मूर्खतापूर्ण, अव्यावहारिक और किसी पवित्र वस्तु को दूषित करने के समान लगा। जैसे ही उसका नशा उतरा स्वयं को धोखा देने की उसकी इच्छा भी नष्ट हो गई। अब उसे यह स्पष्ट लग रहा था कि वह अपने पति से प्रेम नहीं करती और न कभी उससे प्रेम कर ही सकती थी और यह सब मूर्खता और व्यर्थ की बातें थीं। उसने उससे स्वार्थवश विवाह किया था क्योंकि उसके स्कूल के मित्रों के शब्दों में वह अत्यन्त धनी था और क्योंकि वह रीता की तरह एक बुढ़िया नौकरानी बनने से डरती थी। क्योंकि वह अपने डाक्टर पिता से ऊब उठी थी और वोलोद्या को जलाना चाहती थी। अगर कहीं विवाह के समय वह [illegible] की

कर सकी होती कि यह इतना क्रूर, इतना भयानक और इतना घृणित कार्य होगा तो वह दुनियाँ की सारी दौलत के बदले में भी शादी करने के लिये तैयार न होती। परन्तु अब इस स्थिति से छुटकारा पाने का कोई रास्ता नहीं था। उसे इससे समझौता करना ही पड़ेगा।

वे घोड़ा गाड़ी पहुँचे। अपने गर्म कोमल बिस्तर में लेट कर और रजाई ओढ़ कर सोफिया ल्वोव्ना उस काले गिरजे को, धूप की गन्ध को और खम्भों के सहारे खड़ी हुई उन मूर्तियों को अपने स्मृति पट पर पुनः अंकित करने लगी और इस विचार से भयभीत हो उठी कि जब वह सो रही होगी, वे मूर्तियाँ पूरे समय तक वहीं खड़ी रहेंगी। सन्ध्या की प्रार्थना बहुत बहुत देर तक होती रहेगी और फिर 'पन्ने' होंगे, फिर सम्मिलित प्रार्थना होगी फिर दिन की प्रार्थना होगी ..."

"परन्तु निस्सन्देह एक ईश्वर है—निश्चित रूप से एक ईश्वर है, और मुझे मरना पड़ेगा इसलिये देर या सबेर से हरेक को अपनी आत्मा के विषय में सोचना, जैसे जीवन के विषय में, सोचना पड़ेगा। अब ओल्गा का उद्धार हो गया, उसने स्वयं ही सारे प्रश्नों को हल कर लिया है परन्तु अगर ईश्वर नहीं है? तो उसका जीवन बर्बाद हो गया। परन्तु यह कैसे बर्बाद हो गया है, क्यों बर्बाद हो गया?"

और एक मिनट बाद उसके दिमाग में फिर यह विचार उठा।

"ईश्वर है मृत्यु अवश्य आयेगी, अपनी आत्मा की चिन्ता अवश्य करनी होगी। अगर ओल्गा इसी क्षण मृत्यु को अपने सामने देखती तो भयभीत नहीं होती। वह तैयार है। और सबसे बड़ी बात यह है कि उसने अपने जीवन की समस्या सुलझा ली है। ईश्वर है हाँ परन्तु मठ में जाने के अतिरिक्त इस समस्या का क्या और कोई हल नहीं है? मठ में जाने का अर्थ है जीवन से सन्यास ले लेना, इसे नष्ट कर ..."

सोफिया ल्वोव्ना थोड़ी सी भयभीत हो उठी। उसने तकिये के नीचे अपना सिर छिपा लिया।

"मुझे इस विषय में नहीं सोचना चाहिए," वह "नहीं सोचना चाहिए।"

वाणिस्या दूसरे कमरे में कालीन पर अपनी पत्नी की धीरे से तारतम्यता कुछ सोचता हुआ टहल रहा था। वाणिस्या के मस्तिष्क में यह विचार उठा कि यह व्यक्ति उसके इतना समीप प्रिय केवल इसी कारण है कि उसका नाम भी ज्यानीमीर था बिस्तर पर उठ कर बैठ गई और कोमलता पूर्वक पुकारा।

"वासोदया!

'क्या बात है?' उसके पति ने उत्तर दिया।

कुछ नहीं।'

वह फिर लेट गई। उसने कमरे की आवाज सुनी शायद मर का पंजा हो। उसने फिर उस इतवार और उन कासी मूर्तियों विषय में सोचा और ईश्वर तथा अवश्यम्भावी मृत्यु के विचार मस्तिष्क में घूमते रहे। उसने अपने कान बन्द कर लिए जिससे अपने की आवाज न सुन सके। उसने सोचा कि वृद्धावस्था से पूर्व उसके सामने एक लम्बा बहुत लम्बा जीवन होगा और यह कि उसे दिन प्रति दिन उस मनुष्य के नजदीक जाना होगा जिसे वह प्यार नहीं करती थी और जो अभी ड्राइंगरूम में आया था और पलंग पर आ रहा था और उसी अपने हृदय में उस दूसरे युवक आकर्षक व्यक्ति के प्रति अपने अमराय में न आ सका और इतना रोचक अलौकिक था। उसने अपने पति की तरफ देखा और उससे 'गुड नाइट' कहने का प्रयत्न किया परन्तु ऐसा करने के स्थान पर अचानक फूट-फूट कर रो पड़ी। वह अपने आप से नाराज थी।

वह सुबह दस बजे तक शान्त नहीं हुई। उसने रोना और सोचना बन्द कर दिया परन्तु उसके दिल में अचानक दर्द होने लगा। वाणिस्या मोपेरा की प्रार्थना में जाने की जल्दी में था और कमरा भारी कमरे में अपने पत्नी पर नाराज हो रहा था जो कहीं पहनने में उसकी

सफ़र कर रहा था। वह एक बार शयनागार में, अपनी एड़ियों को ठनका सा बजाते हुए कुछ पीने आया और दूसरी बार कन्धे पर पद-सूचक निशान और सीने पर तमगे लगाए, गठिया के कारण कुछ लंगड़ाते हुए आया और सोफ़िया ल्वोव्ना को ऐसा लगा कि वह एक शिकारी चिड़िया की तरह चलता हुआ दिखाई दे रहा था।

उसने यागिच को टेलीफ़ोन की घण्टी बजाते सुना।

"मेहरबानी करके मुझे वासिलिएव्स्की बैरक जोड़ दो," उसने कहा, और एक मिनट बाद फिर। "वासिलिएव्स्की बैरक? मेहरबानी कर डाक्टर सालीमोविच से टेलीफ़ून पर आने के लिए कह दो" "और एक मिनट बाद फिर। "मैं किससे बातें कर रहा हूँ? तुम हो वोलोद्या? खुशी हुई। अपने पिता से फ़ौरन हमारे यहाँ आने के लिए कहो? प्यारे बच्चे कल के बाद से मेरी पत्नी बड़ी परेशान है। घर पर नहीं हैं, तुम कहते हो? हूँ! शुक्रिया। बहुत अच्छा। मैं बहुत कृतज्ञ हूँगा दया।"

यागिच तीसरी बार शयनागार में आया, अपनी पत्नी के ऊपर झुका, उस पर क्रॉस का निशान बनाया उसे अपना हाथ चूमने के लिए दिया (वह औरतें जो उससे प्रेम करती थीं उसका हाथ चूमा करती थीं और यागिच को इसकी आदत पड़ चुकी थी।), और यह कहते हुए कि वह खाने के समय तक आ जायगा, बाहर चला गया।

बारह बजे नौकरानी यह सूचना देने भीतर आई कि व्लादीमीर मिखायलोविच आ गया था। सोफ़िया ल्वोव्ना ने थकान और सिर दर्द से लड़खड़ाते हुए, जल्दी से 'फ़र' की झालरें लगी हुई अपनी नई सुन्दर पश्मीने के रंग वाली ड्रेसिंग गाउन पहन ली और जल्दी से अपने बाल सँवार लिए। वह अपने हृदय में एक अवर्णनीय कोमलता का अनुभव कर रही थी और प्रसन्नता और भय से काँप रही थी कि कहीं वह चला न जाए। वह उसे देखने के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं चाहती थी।

वालोद्या, अपनी रुचि के अनुसार टीप टाप से पहन कर आया था—एक ऊँचा कोट और सफ़ेद टाई। जब सोफ़िया ल्वोव्ना भीतर आई

उसने उसका हाथ चूमा और अपना हार्दिक दुःख प्रकट किया कि वह बीमार थी। फिर जब वे बैठ गए तब वोलोद्या ने उसके ड्रेसिंग गाउन की प्रशंसा की।

"कल ओल्गा को देख कर मैं व्यग्र हो उठी थी," उसने कहा। "पहले तो मुझे वह भयानक लगा परन्तु अब मुझे उससे ईर्ष्या होती है। वह एक चट्टान की तरह है जिसके टुकड़े नहीं किए जा सकते, उसे हिलाया नहीं जा सकता। परन्तु उसके लिए और कोई हल नहीं था, वोलोद्या? क्या अपने को जिन्दा ही दफन कर देना जीवन की समस्या का एकमात्र हल है? क्यों यह मृत्यु है जीवन नहीं।"

ओल्गा के विचार से वोलोद्या के चेहरे पर कोमलता आ गई।

"तुम एक चतुर आदमी हो वोलोद्या," सोफिया ल्वोव्ना बोली। "मुझे समझाओ कि जो ओल्गा ने किया है वह कैसे किया जाता है। यह ठीक है कि मैं धार्मिक नहीं हूँ और मुझे मठ में नहीं जाना चाहिए परन्तु उसके बराबर और कोई दूसरा काम भी तो किया जा सकता है। जिन्दगी मेरे लिए आसान नहीं है, 'उसने क्षण भर रुक कर आगे कहा। 'बताओ कि मैं क्या करूँ? कुछ ऐसी बात बताओ जिसमें आस्था रख सकूँ। मुझे कुछ बताओ मगर सिर्फ एक शब्द में ही बताया जा सके।'

"एक शब्द में? केवल: टा रा रा बूम दिए।"

"वोलोद्या, तुम मेरा तिरस्कार क्यों करते हो?" उसने तब पूछा। "तुम मुझसे एक अजीब गँवारों के से ढंग से बातें करते हो, उस तरह नहीं जिस तरह कोई अपने मित्रों से बात करता, और स्त्रियों से जिनका वह सम्मान करता है, बातें करता है। तुम अपने काम में सफल रहे हो, विज्ञान में तुम्हारी रुचि है, तुम उसके विषय में मुझसे कभी बातें क्यों नहीं करते? ऐसा क्यों है? क्या मैं इसके लायक नहीं?"

वोलोद्या कुढ़ कर गुस्सा हुआ और बोला:

'तुम एकमात्र विज्ञान को कैसे चाहते थीं ! वैज्ञानिक सरकार आप ! तुम्हें पसन्द नहीं ! वा मक्खियाँ !"

"ठीक है, मैं एक स्वार्थ, तुच्छ, मूर्ख स्त्री हूँ जिसके कोई सिद्धान्त नहीं । मुझ में बहुत, बहुत बुराइयाँ हैं । मैं पागल और बदचलन हूँ और इसके लिए मुझ से नफरत करनी ही चाहिए । परन्तु तुम बोकोरेया, मुझ से दस साल बड़े हो और मेरा पति तीस साल बड़ा है । मैं तुम्हारे सामने बड़ी हुई हूँ और तुम मुझे जैसा चाहते वैसा बना सकते थे—एक फरिश्ता । परन्तु तुम,—" उसकी आवाज कांप उठी—"मेरे साथ बहुत बुरा बर्ताव करते हो । पालिया ने मुझ से बुढ़ापे में शादी की है और तुम "

"अच्छा, अच्छा, " बोकोरेया ने उसके और नजदीक खिसकते और उसके दोनों हाथों को चूमते हुए कहा : "शोपेनहावर के अनुयायियों को दार्शनिक चिन्तन और जो ये चाहें वैसा सिद्ध करने दो, तब तक हम इन नन्हें से हाथों का चुम्बन करेंगे ।'

तुम मुझ से नफरत करते हो । काश कि तुम जानते कि इससे मुझे कितनी तकलीफ होती है,' उसने अनिश्चय के साथ कहा इस बात को पहले से ही जानते हुए कि वह उसकी बात का विश्वास नहीं करेगा "और काश कि तुम जानते कि मैं स्वयं को बदलने के लिए, एक दूसरी जिन्दगी शुरू करने के लिए कितनी उत्सुक हूँ । मैं उत्साह के साथ इस बारे में सोचती हूँ !" और सचमुच उसके नेत्रों में उत्साह के आँसू भर आए । "अच्छी ईमानदार, पवित्र बनना, झूठ से दूर रहना जीवन का एक उद्देश्य रखना ।"

अच्छा, अच्छा बस, रहने दो भावुक मत बनो ! मुझे यह पसन्द नहीं ! ' बोकोरेया ने कहा और उसके चेहरे पर एक नाराजी का सा भाव झलकने लगा । "मैं सच कहता हूँ तुम्हें तो अभिनेत्री होना चाहिए था । हम दोनों को साधारण मनुष्यों का सा व्यवहार करना चाहिए ।'

बोकोरेया को नाराज होकर चले जाने से रोकने के लिए वह

अपनी सफाई देने लगी और उसे प्रसन्न करने के लिए जबर्दस्ती और फिर योगाभ्यास की बातें करने लगी। और यह कि वह अपने जी समस्या को हल करने के लिए और दरअसल कुछ करने के लिए कितनी उत्सुक थी।

'ता—रा—रा—बूम—डी—ए" वह गुनगुनाने लगा। "ता-रा-रा बूम-डिए!

और अचानक उसने अपने दोनों हाथ सोफिया की कमर में डाल दिए और उसने भी बिना यह जाने कि वह क्या कर रही है, उसके कन्धे पर अपने दोनों हाथ रखे क्षण भर तक विभोर होकर, लगभग उन्मत्त सी होकर उसका चतुर व्यंग्यपूर्ण चेहरा, उसकी भौंहें, उसकी आँखों, उसकी सुन्दर दाढ़ी की तरफ देखा।

'तुम जानते हो कि मैं तुम्हें कितने दिनों से प्यार करती हूँ,"
सोफिया ने उसके सामने स्वीकार किया और पीड़ा से लज्जित हो उठी और अनुभव किया कि शर्म से उसके होंठ हिले जा रहे थे। मैं तुम से प्रेम करती हूँ। तुम मुझे क्यों सताते हो?'

उसने अपनी आँखें बन्द कर लीं और वोलोद्या के होंठों का गहरा चुम्बन लिया और काफी देर तक पूरे एक मिनट तक, अपने होंठ नहीं हटा सकी यद्यपि वह जानती थी कि ऐसा करना बुरा है कि वह उसके विषय में और भी गन्दी धारणा बनायेगा, कि कोई नौकर अन्दर आ सकता है।'

'ओह तुम मुझे कितना सताते हो?' उसने दुहराया।

आध घण्टे बाद, जब उसे जो कुछ चाहिए था वह सब कुछ पाकर वह भोजन करने के कमरे में खाने पर बैठा हुआ था तब वह उसके सामने घुटनों के बल बैठी हुई, ललचाई निगाहों से उसके चेहरे की तरफ देख रही थी और वोलोद्या ने समझा कि वह एक पालतू कुत्ते की तरह थी जो एक टुकड़े के इन्तजार में लगा था। फिर उसने उसे अपने घुटनों पर बैठा लिया और एक बच्चे की तरह उसे ऊपर नीचे उछाला

एक स्त्री का शाप

नोटों की एक मोटी गड्डी। वह बंगला वाले बंगले से ... जमीन में भेजी थी। उसमें लिखा था कि वह पन्द्रह सौ रुपया भेज रहा है जो उसे एक मुकदमा जीत जाने पर इनाम के तौर पर मिले थे। अम्मा पूर्णमोम्मा 'इनाम मिलना' और 'मुकदमा जीत जाना' जैसे शब्दों का आशय समझ करती थी और उनसे डरती थी। वह जानती थी कि कानून की शरण लिए बिना काम नहीं चल सकता परन्तु किसी कारणवश जब कभी मजिस्ट्रेट, कैसरी का मैनेजर, या उसका गाँव का सहकारी अमीन जो अक्सर मुकदमे किया करते थे, उसके पास पहुँचने वाले केस जीत जाते थे तो वह हमेशा व्याकुल और शंकित हो उठती थी। इस अवसर पर भी वह व्याकुल और व्यग्र हो उठी और उसने चाहा कि उन पन्द्रह सौ रुपयों को कहीं दूर कर दे जिससे वे उसकी आँखों के सामने से हट जायें।

उसने दुःखी होकर सोचा कि उसकी उमर वाली दूसरी लड़कियाँ, उनकी पच्चीसवीं साल चल रही थी—इस समय अपने घरों को सजाने में व्यस्त होंगी थक गई होंगी और गहरी नींद सोयी होंगी और कल सुबह पूरी मस्तम के मूड में होकर उठेंगी। उनमें से कइयों की शादी काफी पहले हो चुकी थी और उनके बाल बच्चे थे। केवल यही, किसी कारणवश इन बातों का उनमे

सब पर दिखाई दिलाने को, उसका जवाब देने को और फिर पूरी लेकर भागी रात तक चुप भी न करने कमिटि तब तक इन्तजार किए कब तक कि नींद न आये, मजबूर थी। और उसके सारे दिनों की शुभ कामनाएं लेकर जाने रहेंगे और उससे चुप मांगते रहेंगे। परसों पैलेस में निश्चित रूप से थे} उसका दम लगा होगा— जो पीया जायगा या कोई ज्यादा शराब पीने की वजह से मर जायगा या वह आत्मा की कचोट से व्याकुल हो उठी और पुलिस के अधिकारियों, काम से गैरहाजिरी होने की वजह से किन्हीं बीस आदमियों को बर्खास्त कर देगा और वे बीसों आदमी उसके दरवाजे पर धरना देकर बैठ जायेंगे, अपनी अपनी टोपियाँ उतार कर और उस उसके पास बाहर आने में जब जायेगी और उन्हें कुत्तों की तरह भगा दिया जायगा। और उसके सारे जान पहचान वाले उसकी पीठ पीछे बातें करेंगे उस गुमनाम खत लिखेंगे कि वह एक करोड़पति और दूसरों का खून चूसने वाली है कि वह दूसरे आदमियों की जिन्दगी को खा रही और मजदूरों का खून पी रही है।

वहाँ उसके सामने रखे हुए खतों का एक ढेर एक तरफ लगा हुआ है। सारे खत ऐसे थे जिनमें भीख मांगी गई थी। वे ऐसे व्यक्तियों के थे जो भूखे शराबी उनके चौड़े परिवार के बोझ से दबे हुए, बीमार, पतित थे——। उसका दृष्टिकोण है होता था कि एक को तीन रुपया दूसरे को पाँच रुपया दे दिए जाएं। वे सब उसी दिन दफ्तर वाले भेजे और उसके बाद सहायता करने का काम आरम्भ होगा, या जैसा कि वह करा करते हैं, जानवरों को खिलाना जायगा।

वे लोग छोटी छोटी रकमों में चार सौ डालर रुपये और साठो— पुलिस इन्तजामिया द्वारा दी गई वर्ष भर की रकम के सूद को जो उसने गरीबों और जरूरतमन्दों की मदद के लिए दान कर रखा था। यहाँ बड़ी रकमें बरखास्त होगी। फकत व लेकर दफ्तर के दरवाज

तक जिनके पहने ठंड से सुन्न पड़े सूखे और
चेहरों वाले मलीन लोगों की एक लम्बी कतार लग जायगी
भावनाओं में भरा एफीमोम्ना भी तो उनकी रक्षिम की ओर
आप को आशीष दे रहे होंगे। पीछे वाले आगे वालों को धक्के
और आगे वाले लम्बी गालियाँ बकते हुए उन पर मसाज
शोर से, उन कम्पसों से और उन पाली हुई गूंजनी की सी
दुआओं से परेशान हो उठेगा दौड़ कर बाहर आयेगा और
काम पर कस कर एक पूरा लगायेगा जिससे और सब बड़े
और उसके अपने आदमी दैवरी के मजदूर छिन गये। जिन पर
तनख्वाह के अलावा और कुछ भी नहीं मिला था और जो
ख्वाहिशी पाई एक वर्ष कर चुके थे, दालान में खड़े हो अपने
लोगों को देखते और हंसते हुए कुछ ईर्ष्या के साथ और कुछ
साथ।

"ज्यादारी और उससे भी ज्यादा उनकी बीवियां भिखारियों
अपने नौकरों से ज्यादा प्यार करती हैं," अन्ना एफीमोम्ना ने सोचा
'हमेशा ऐसा ही होता है।

उसकी निगाह मोटरों की उस गाड़ी पर पड़ी। क्या मजबूरन
इस पवित्र बेकार पैसे को बांट दिया जायगा परन्तु मजदूरों को
किसी बात के कुछ भी देना ठीक नहीं रहेगा वर्ना वे दुबारा फिर मांगेंगे।
और पन्द्रह सौ रूबल बांटने से क्या काम होगा जब कि दैवरी में उनकी
बीवियों और बच्चों के अलावा तकरीबन सौ तो मजदूर ही हैं; और, हो
सकता है कि यह धन सहायता मांगने वाले पत्रों में से किसी एक के
लिखने वाले को बांट दे—किसी अभागे व्यक्ति को जो बहुत दिनों से
जीवन में किसी भी प्रकार का सुख पाने की आशा छोड़ चुका है—और
उसे वे पन्द्रह सौ रूबल दे दे। यह रकम उस गरीब आदमी के लिए छप्पर
फाड़ कर आई हुई दौलत की तरह

मौलिक और मनोहर बना दिया इमारत पर उसने में मर गयी। वैसे ही उस देश में से एक रात उस जिला पार कर गया। कार्यालय का कोई मुख्य अधिकारी पहुँच दिनों से बेकाम और बीमार था गुरुकिन सिविल में रह रहा था। उसकी पत्नी का देहान्त भी उसके पाँच बच्चे थे। अतः अकोमात्मा उस चौमंजिली गुलाबी सि का सबसे बड़ा जानती थी जिसमें कार्यालय रहता था। मोटे पर भयानक गर्मी और अस्वास्थ्यकर इमारत थी।

'पहला मैं यह काम उस कारण ले ली थी।" उसने कहा किया। "मैं इसे मेरी नहीं बेकार की बातों से बचने लिए पहला कि मैं शुरू ही इस बात से आऊ।" हाँ उसने साथ ही उस काम का अपनी जब में रखा और मैं उन कामों को एक भी सुनी और लाभ उन मोटी बस्तियों के लिए कुछ कर सकूँ।

इन्हीं परीक्षा दूर हो गई। उसने ... की प्रतीक्षा थी।

जब वह स्टेशन में खड़ा तब ... एक हुए थे। सारे मकानों की खिड़कियों तक रस्सी से लटक रही थी और उसके पर निवास बहता पहुँच कपड़ा उसने काम था। सड़क पर और मकान के इस पुरे क्षेत्र में गन्दगी और मजदूरों की बातों के साथ बिजली की बत्तियाँ चमक रही थी।

अतः अकोमात्मा उस जिले के बातों इमारतों मालिकों और उस बेचारों से जिसमें मजदूर रहते थे बराबर बातें की और बताया थी। मरण जिनका की मृत्यु के बाद से ... एक दिन एक बार बहुत इमारत में ... की। कोई बच्चों ... पूरे पर्दे वहाँ सभी के पुनर बाते वहाँ, कई बातें बातें और देखिया वाली उनके बारे की सबसे बड़ा पन्नी पन्नी गलियों की जायदाद, मार जिले का बात करने के पार ... और उसके ... साथ भोजन करने आते, सभी और ... और

कोयले की गन्ध थी। तेज हवा के झोंके जो कभी वेदना की
महसूस होते थे। ये सब बातें उनके सामने मन में
कर देती थीं। उसे ऐसा लगता था मानो वे पहिए, वे
गरम फुसकारते हुए सिलेण्डर अपने बन्धनों को तोड़ कर
कुछ कर डालने की कोशिश कर रहे थे जब कि वे आदमी
की बातों को न सुनते हुए, श्याम चेहरों से इधर उधर दौड़ते
मशीनों को समझाने में मशगूल होकर उनको मनमाफ़िक हरकतों की
कोशिश कर रहे थे। उन्होंने पावेल एकोमोव्ना को कुछ
आदर के साथ उसे उसके हिस्से समझाया। उसने याद किया कि
गड्ढों में से लोहे की एक लाल पट्टी बाहर निकाली गई थी,
एक बुड्ढे ने जो सिर पर एक पट्टा बाँधे हुए था और एक
नौजवान ने जो नीली कमीज पहने और सीने पर एक जंजीर
हुए और जिसके या चेहरे पर ओस चमक रहा था, शायद वह
में से एक था—धीरे से उस लोहे को पीटा और कैसे चिनगारी
गोलियों चारों ओर उछलने लगी थीं और कैसे, कुछ देर बाद, वे
लोहे की एक लम्बी चौड़ी चादर को खटखटाते हुए खींच कर

थे। वह बुड्ढा सीधा खड़ा था जब कि उस नौजवान ने
बांह से अपने चेहरे को पोंछा था और उसे कोई बात समझाई थी।
और उसने यह भी याद किया कि कैसे एक दूसरे विभाग में एक धौंक
वाला एक बुड्ढा लोहे के टुकड़ों को रेत रहा था और कैसे लोहे के कण
उसके चारों तरफ बिखरे पड़े थे, और कैसे चमड़ा पहने और ढीली काली
कमीज पहने हुए लाल बालों वाला आदमी खराद की मशीन पर काम
करता हुआ औज़ार के एक टुकड़े में से कुछ बना रहा था। खराद की
मशीन गरज रही थी फुफकार रही थी और शोर मचा रही थी और
माँ एक मोटा इस शोर से परेशान हो उठी थी और ऐसा लग मानो
वह शोर उसके कानों को फाड़ डाल रहा था। उसने
भी नहीं समझी, शाम के

ऐसे काम से जिसे कोई समझता नहीं और उसे पसन्द नहीं कर सकता, वालों अवश्य कमाना कितना अजीब सा लगता।

वह मजदूरों के क्वार्टरों में एक बार भी नहीं गई थी। उसे बताया गया था कि वहाँ सीलन रहती थी वहाँ घटमच दुर्गन्धियता और घृणास्पदता थी। यह एक बोझ उसे काफी बात थी। उन घरों को ठीक रखने के लिए उन पर एक हजार रुपया सालाना खर्च किए जाते थे फिर भी अगर वह उन गुमनाम पत्रों पर यकीन करती तो हर साल उन मजदूरों की हालत और भी खराब होती चली जा रही थी।

'मेरे पिता के समय में व्यवस्था अधिक अच्छी थी। जहाज से बाहर निकलते समय मिसेज एलीसोप्पा ने सोचा क्योंकि वे स्वयं मजदूर रह चुके थे। मैं इस विषय में कुछ भी नहीं जानती और सिर्फ रुपया ही काम किया करती हूँ।"

यह फिर उलझन हो उठी और अब इस बात से छुटकारा नहीं थी कि वह यहाँ आई थी और उस सौभाग्यशाली व्यक्ति के विषय में उसे यह विचार अब मौलिक और मनोरंजक नहीं प्रतीत हो रहा था जिसे प्यार कर कर वह रुपया मिलते रहते थे। किसी पार्लियामेन्ट या किसी और के पास जाने का मतलब जब कि घर पर करोड़ों की लागत का व्यापार धीरे धीरे बिगड़ और बर्बाद होता जा रहा था और घेरों में रहने वाले मजदूर के दिलों में भी बुरी जिन्दगी बिता रहे थे वह था कि वह कोई बेहूदगी का काम कर रही थी और अपनी आत्मा को धोखा दे रही थी। बड़ी सड़क पर और उसके पास वाले पेड़ों के पार पड़ोस की धूप और कपास की फैक्टरियों वाले मजदूर शहर की रोशनी की तरफ चले जा रहे थे। ठंडी हवा में कच्चे बरतन और इ सन का व्यापार शुरू हो गयी थी। मिसेज एलीसोप्पा ने उन चीजों और बोतलों की तरफ देखा और अचानक इसी और की तरह सारा जीवन बिताने की तीव्र इच्छा उसके मन में बढ़ती रही हुई। उसने ग्लास कर

से उन स्मृतियों को दुहराया कि बचपन पहले जब उसे अच्छा गुज़रा जाता था जब वह एक छोटी सी बच्ची थी और माँ एक ही रजाई ओढ़ कर सोया करती थी, जब कभी वे अपनी पोशाक, कमरे वाले कमरे में कपड़े धोया करती थी दीवारों को पार कर पड़ोस के घरों से हँसने की, उसमें नाम की के रोने की, हाथ से बजाये जाने वाले छोटे से बाजे की और पढ़ाई की और सीने की मशीनों की आवाज़ें आया करती थीं जब बाप, मुस्लिम इसलामिया सा हर काम में दिलचस्पी था, साथ के छोर और पुरुष की कोई भी परवाह न करते हुए कुछ काम कोई काम करता रहता था। और बाद में, दूसरी करने सूरज और दौड़ कर जाने के लिए, जैसे कि वह जब अपनी माँ के साथ भी हर रोज़ किया करती थी, वास्तविक हर ..
उसे एक मजदूरिन होना चाहिये था न कि एक कौन्सली की उसका विराम भवन और उसके बाद अमृत और तस्वीरें, मूर्खों और ऊँचा कोट वाला उसका सर्दी सिरोवाला, और दर्शनीय और मधुरभाषिणी आलापपूरक युवक और युवतियाँ लगभग प्रतिदिन उससे भेंट की याचना करने के लिए आया करते थे और जिनके सामने वह किसी कारण वश करने को गुनहगार महसूस करती थी और वे नाचक बदतर और मक्खियाँ था उसके धन के बल पर राज किया करते थे, जो उसकी चापलूसी करते रहते थे और उससे, बाप के पुत्र की होने के कारण छिपे तौर से नफ़रत करते रहते थे—वह सब उसके लिए किताब वास्तविक और बाद में पाया था।

यहीं एक चक्कर और शहर का दरवाज़ा था फिर अमीरी की बगिया वाले मकान एक के बाद एक आए और अन्त में वह चौड़ी सड़क जहाँ वह मशहूर गुरुत्वविन इमारत थी। वह सड़क जो आमतौर पर निस्तब्ध रहा करती थी, आज बड़े ि

दूसरे आदमियों से भरी हुई थी। अगर कोई जो इस किले में न रह कर शहर के बीच में रहता होता और इस समय इस सड़क पर शाम गुजरता तो उसे यहाँ मस्त शराब पिए और गालियाँ बकते आदमियों के अलावा और कुछ भी नहीं दिखाई देता। परन्तु मेरा धर्मात्मा, जो जीवन भर इन लोगों के बीच में रही थी उस भीड़ में बराबर अपने माता पिता या चाचा को पहचानती था रही थी। इसका पिता कायम दुर्बल चरित्र वाला थोड़ा सा सनकी जवाब और गैर जिम्मेदार व्यक्ति था। वह धर्म तत्वज्ञान या शक्ति की चिन्ता नहीं करता था। वह कहा करता था कि एक मजदूर के पास छुट्टियाँ मनाने और गिरजे जाने का समय नहीं होता और अगर उनकी पत्नी ज़ोर न देती तो शायद वह कभी भी न तो मृत्यु के समय अपने अपराधों का स्वीकार करता न धार्मिक संस्कार करता या व्रत रखता। जबकि दूसरी तरफ उसका चाचा इवान इवानोविच पत्थर की तरह कठोर था। धर्म शास्त्रोक्ति और नैतिकता से सम्बन्धित प्रत्येक बात में वह कट्टर और निर्दय था और केवल अपने ऊपर ही नहीं बल्कि अपने सब नौकरों और पड़ोसियों पर कड़ी निगाह रखता था। भगवान् न करे कि उसके कमरे में अपने ऊपर पवित्र मूर्ति के सम्मुख दीप का निरन्तर प्रकाश किये बिना जाया जाता। वह निवास के साधनों से परिपूर्ण भवन जिसमें वह अन्य धर्मात्मा रहती थी हमेशा बन्द रहता था और उसे वह केवल महत्त्वपूर्ण उत्सवों के लिए महत्त्वपूर्ण अतिथियों के लिए ही खोलता था जबकि खुद कोठरी में रहता था जो मूर्तियों से भरा हुआ एक छोटा सा कमरा था। वह पुराने धर्म में अटूट रहने वालों का सम्मान करता था और सदैव प्राचीन धर्म विचारों को मानने वाले पादरियों और भिक्षुओं का स्वागत किया करता था यद्यपि उसने ईसाई धर्म की दीक्षा ली थी फिर भी वह भी अति कठोर धार्मिक नियमों के साथ अपनी पत्नी को सताता था। वह अपने एक मात्र भाई और उत्तराधिकारी एलिना का उसके नास्तिकपन के कारण अनादर करता था जिसे कि वह नास्तिक और मूर्ख सम

करता था। वह धर्म के प्रति उसकी उपेक्षा के कारण भी उसे नापसन्द करता था। वह उसके साथ अपने से हीन व्यक्ति के समान व्यवहार करता था। उसने उसे सदा एक मजदूर की स्थिति में रखा और सोलह रूबल मासिक वेतन देता रहा। एफिम अपने भाई को बनावटी सम्मान के साथ सम्बोधित करता और क्षमा मांगने वाले दिन वह उसकी पत्नी और बेटी उसके सामने जमीन पर माथा टेकते थे। परन्तु मृत्यु होने से तीन वर्ष पूर्व इवान इवानोविच के अपने भाई के साथ अपने सम्बन्ध ठीक हो गए थे, उसकी निर्बलताओं को उसने क्षमा कर दिया था और आज्ञा दी थी कि अन्यूष्का के लिए एक गवर्नेस रख ले।

गुरदंचिन इमारत के नीचे एक अन्धकारपूर्ण, गहरा और बदबूदार मेहराब के नीचे होकर जाने वाला मार्ग था। दीवारों के पास आदमियों के खांसने की आवाजें आ रही थीं। स्लेज को सड़क पर छोड़ कर अन्ना एकीमोव्ना फाटक में घुसी और वहाँ पूछा कि चालीकोव नामक एक क्लर्क के छयालीस नम्बर वाले मकान में कैसे पहुँचा जाय। उसे तीसरी मंजिल पर दांयी तरफ सबसे आखिरी दरवाजे पर जाने के लिए कहा गया। वहाँ अहाते में और बाहरी दरवाजे के पास और सीढ़ियों पर भी वैसी ही बदबू थी जैसी कि उस मेहराब के नीचे थी। अपने बचपन में अन्ना एकीमोव्ना, जब उसका पिता एक साधारण मजदूर था, इसी तरह की एक इमारत में रहा करती थी और बाद में जब उसकी स्थिति बदल गई तब वह एक दयालु महिला के रूप में प्रायः वहाँ जाया करती थी। वह संकरी पत्थर की सीढ़ी जिसकी प्रत्येक सीढ़ी गहरी और गन्दी थी और हर मंजिल पर जिसके दरवाजे खुलते थे, वह चीकट से भरी दिखाई देती हुई बासलेन, वह तीखी बदबू, वे टब बर्तन और दरवाजों के पास पड़े हुए चिथड़े—इन सब से वह बहुत दिनों से परिचित थी…। एक दरवाजा खुला हुआ था और उसके भीतर टोपियां पहने यहूदी दर्जी सिलाई करते हुए दीख रहे थे। अन्ना एकीमोव्ना को सीढ़ियों पर आदमी मिले। और उसके दिमाग में यह बात कभी भी

नहीं चाहती कि कोई उनके साथ दस्तन्दाजी कर सके। वह अब मिखिन कर्न के अपने परिचितों व अपरिचित किसानों या मजदूरों, चाहे सिर हुए या गम्भीर, चाहे किसी व्यक्ति से भी नहीं डरती थी।

अन्दर दफ्तरीम में घुसने का कोई रास्ता नहीं था। दरवाजा सीधा रसोई में खुलता था। यह स्वाभाविक बात है कि मजदूरों और कारीगरों के निवास स्थानों से निवासकार के व्यवसाय के अनुसार पालिश, चमड़ा, कच्चा चमड़ा, धुँआ आदि की गन्ध आती रहती है। उनके या अधिकारी वर्ग के उन व्यक्तियों के निवास स्थान जो सीन हो गए हैं, एक अजीब बासी और तेज गन्ध से पहचाने जा सकते हैं। इस पुलिस गन्ध ने मेरा महीमारान्का को चारों तरफ से घेर लिया जब कि अभी वह बरामदे में ही थी। कमरा अन्दर पहुँचे एक व्यक्ति जो निस्सन्देह गन्-वालीबस था एक कोने में पड़ी एक मेज पर दरवाजे की तरफ पीठ किए बैठा था। उसके पास पाँच छोटी प्यारी बच्चियाँ थीं। सब से बड़ी आठों में कदम रखता, चौड़े कन्धे वाली एक पतली लड़की लगभग पन्द्रह वर्ष की सी दिखाई पड़ी। जबकि सब से छोटी एक भारी सफेद बच्ची जिसके बाल नीचे लटके थे तीन साल से ज्यादा नहीं थी। वे इतनी मासूमी रहे थे। ग्लास के पास एक बड़ी सुन्दरी पतली ऐसी पहले बाला चारण नहीं थी जिसके सर्द के बारी महीने चार सुख थे। वह एक दर्द और सफेद ब्लाउज पहने थी। उसके हाथ में सलाई का धागा था।

'मुझे तुमसे इतनी हुस्नहाली की उम्मीद नहीं थी किरण'' वह व्यक्ति खाँसते हुए कह रहा था। "पू, पू, शाम को सब है। तुम जानता था कि पास तुम्हारे देर बाद, क्यों।

दरवाजे में एक अपरिचित महिला का दृश्य वह पतली सीतल चौक पड़ी और चाकन बोल रख दिया।

'कलिगडी निकिफोरिच!'' चुप एक बार वह मालुम। चश्मा में पोन्नी माना इस भारी पलकों पर विश्वास नहीं हो रहा था।

कि वह इतनी दूर आई और इस छोटी सी रकम की खातिर इन दोनों को परेशान किया।

"अगर आप मुझे कागज और दवात दे दें तो मैं अपने एक डाक्टर मित्र को फौरन आकर आपको देखने के लिए लिख दूँगी," उसने जल्द से जल्द पढ़ते हुए कहा। "वह बहुत अच्छा डाक्टर है। और मैं दवाई के लिए आपको कुछ धन भी दे जाऊँगी।"

श्रीमती चाकीमोव मेज को साफ करने की जल्दी कर रही थी।

"यहाँ गन्दगी है। तुम क्या कर रही हो!" उसकी तरफ गुस्से से देखते हुए चाकीमोव ने कुनमुना सी छोड़ते हुए कहा। "इन्हें पड़ोसी के कमरे में ले जाओ। मैडम, मैं आपसे पड़ोसी के कमरे में चलने की प्रार्थना करने का साहस कर रहा हूँ," उसने अन्ना एकीमोव्ना को सम्बोधित करते हुए कहा। "वहाँ साफ है।"

"ओसिप इलिच ने हमें उसके कमरे में जाने के लिए मना किया है!" छोटी लड़कियों में से एक तेजी से बोली।

परन्तु वे इस समय तक अन्ना एकीमोव्ना को कमरे से बाहर, दो पलंगों के बीच के संकरे रास्ते में होकर ले जा चुके थे। बिस्तरों के बिछाने के ढंग से यह साफ जाहिर हो रहा था कि एक पर दो आदमी सीधे जाने सोते थे और दूसरे पर तीन आड़े होकर सोते थे। पड़ोसी के कमरे में जो इसके पार था सचमुच स्वच्छता थी। एक साफ सुथरे बिस्तर पर एक लाल ऊनी रजाई, सफेद गिलाफ चढ़ा हुआ एक तकिया, पट्टे का बना मेजपोश पड़ा एक मेज और उस पर दूधिया रंग के काँच का एक कलमदान कलम, कागज और शीशों में जड़ी तस्वीरें-प्रत्येक वस्तु करीने से सजी हुई जैसा कि होनी चाहिए। और मामूली कामों के लिए एक दूसरी मेज जिस पर सजा कर रखे गए घड़ीसाजी के औजार और घड़ियों के पुर्जे। दीवार पर लटकते हुए हथौड़े, प्लायर्स गज, छेनियाँ, सड़सियाँ आदि और तीन लटकती हुई दीवार-घड़ियाँ जो टिक टिक कर रही थीं। एक बड़ी घड़ी थी जिसकी सूइयाँ मोटी थीं जैसी कि होटलों

रख दिए और एक रूल खोल कर उसमें दो मोड़ और जोड़ दिए। उसने देखा कि मैडम चार्लीकोव का दुबला पीला हाथ, मुर्गी के पंजे की तरह कसता और रिबनों को कस कर पकड़ लिया।

"आपने कृपा कर ये ऐसे दवाइयों के लिए दिए हैं" चार्लीकोव ने कांपती आवाज में कहा "परन्तु मेरी तरफ भी दयालुता का हाथ बढ़ाइए और बच्चों की तरफ भी।" उसने एक सिसकी लेकर आगे कहा। "मेरे दुखी बच्चे! मैं अपने लिए भयभीत नहीं हूँ, अपनी बच्चियों के लिए मुझे भय है। यह दुर्गुणों जैसी अनेक फन वाला सांप है जिससे मुझे भय है।'

अपने बटुवे के बटन को जो खराब हो गया था, खोलने की कोशिश करते हुए अन्ना एकीमोव्ना परेशान हो उठी और उसका चेहरा लाल पड़ गया। उसे इस बात से लज्जा हुई कि लोग उसके सामने खड़े, उसके हाथों की तरफ देखते हुए इन्तजार करते रहे और इसकी बहुत सम्भावना है कि अपने मन में उसकी हँसी उड़ा रहे हों। उसी समय ड्योढ़ी रसोई घर में आया और बर्फ को झाड़ने के लिए उसने अपने पैर पटके।

"किरायेदार आ गया है," मैडम चार्लीकोव ने कहा।

अन्ना एकीमोव्ना और भी परेशान हो उठी। वह नहीं चाहती थी कि उसकी फैक्टरी का कोई आदमी उसे इस अजीब परिस्थिति में देखे। दुर्भाग्य से किरायेदार उसी समय भीतर आ गया जब अन्त में सचमुच तान पर वह चार्लीकोव को कुछ नोट दे रही थी और चार्लीकोव सूअर की तरह गुर्राते हुए मानो उसे झटका मार गया हो, अपने हाथों को नचा कर यह देख रहा था कि उसका इस्तेमाल कहाँ करे। उस किरायेदार के रूप में अन्ना एकीमोव्ना ने उस मजदूर को पहचाना जिसने एक बार बहुत, उसके सामने भट्टी में खाई की बाबत बताया था और उसे कई बातें समझाई थीं। यह साफ था कि वह सीधा फैक्टरी से चला आ रहा था। उसका चेहरा काला और भयानक लग रहा था।

वे सभी रहते हैं।

जैसे ही वह पत्र लिखने के लिए बैठी उसने अपनी तरफ मुँह किए अपना और अपने पिता के चित्र सामने रखे हुए देखे। इससे उसे आश्चर्य हुआ।

"तुम्हारे साथ यहाँ कौन रहता है?" उसने पूछा।

"हमारा किरायेदार मिलेशाव, मैडम। वह आपकी फैक्टरी में काम करता है।"

"ओह, मैंने सोचा कि वह एक पादरी होगा।"

"वह अपने आराम के समय चिड़ियाँ ठीक करता है। उसे इस का शौक है।"

कुछ देर की खामोशी के बाद, जिसमें चिड़ियों की चिक-चिक और कागज पर कलम के चलने की आवाज के अलावा और कोई भी शब्द सुनाई नहीं पड़ा, पार्सीलाव ने गहरी सांस ली और घृणा के साथ कटुता-पूर्वक कहा।

'वह एक सच्चा अफसर है। उच्च श्रेणी में उत्पत्ति और नौकरी में अच्छा स्थान आपको एक कोट मुहैया नहीं कर सकता। आपकी छाती पर एक तमगा और एक उच्च पदवी मगर खाने को कुछ भी नहीं। मेरे विचार से, अगर साधारण वर्ग का कोई व्यक्ति पक्षियों की सहायता करता है तो वह किसी भी पार्सीलाव से अधिक सज्जन व्यक्ति है जो घमंडी और दुर्गुणों में डूबा हुआ है।'

तब अनीसोव्ना की खुशामद करने के लिए उसने अपने उच्च कुलीन होने के महत्व को घटाने के लिए कुछ और वाक्य कहे और यह स्पष्ट था कि वह अपने को दम दिखाने का प्रयत्न कर रहा था क्योंकि वह स्वयं को उसकी तुलना में श्रेष्ठ समझता था। तब तक उसने पत्र को समाप्त कर उस पर मोहर लगा दी थी। पत्र को

परिवार के साथ क्या किया जाय परन्तु वह तरीका इतना भद्दा और अपमानजनक होता कि वह उन शब्दों द्वारा प्रकट करने का साहस नहीं कर सका। यह परिवार उसके लिए इतना शांत और महत्वहीन था कि पल भर बाद वह उन्हें भूल गया। श्रीमती पृथ्वीमाण्डा की बातों में उलझे हुए वह असमंजस से मुस्कराया और उसके चेहरे पर ऐसा भाव आ गया मानो वह कोई मधुर स्वप्न देख रहा था। ठीक इस समय उसके पास खड़े हुए, प्यारा पृथ्वीमाण्डा ने उसके अन्दर और विशेषतया से आँखों से देखा कि वह कितना थका और उनींदा हो रहा था।

"मुझे इस व्यक्ति की सहायता करनी ही चाहिए।" उसने सोचा परन्तु किसी कारणवश यह विचार उसे असंगत और निर्णय के लिए अपमानजनक लगा।

"मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपने काम के बाद आपके सारे शरीर में दर्द हो रहा होगा और आप भर रात दरवाजा तक आए हैं," उसने कहा शीघ्र ही वे सीढ़ियों से नीचे उतरे। 'बस आइए।'

परन्तु वह उसके शब्दों को सुन नहीं सका। जब वे बाहर सड़क पर आ गए तो वह आगे दौड़ा, स्लेज के पर्दे को खोला और श्रीमती पृथ्वीमाण्डा को भीतर बैठने में सहायता करते हुए बोला।

"मैं कामना करता हूँ कि यह दिन आपके लिए शुभ हो।"

"क्या आप हमारी फैक्टरी में बहुत दिनों से काम कर रहे हैं ?" लिया उसकी तरफ मुड़ी और उसने ऊँची आवाज़ में पूछा।

"जी हाँ। मैं आपके बाबा के ज़माने में फैक्टरी में आया था।"

'बहुत अर्सा हो गया। मेरे बाबा और पिता दोनों सब काम करने वालों को जानते थे और मैं मुश्किल से एकाध को जानती हूँ। मैंने आपको पहले देखा है परन्तु यह नहीं जानती थी कि आपका नाम लिसेमोव है।'

पावा एल्कीमोविच उसके सम्मुख अपनी स्थिति को स्पष्ट करने के लिए और यह दिखाने के लिए कि उसने वह देखा गम्भीरतापूर्वक नहीं बल्कि मज़ाक में लिया था, इच्छुक हो उठी।

"ओह यह गरीबी!" उसने गहरी साँस ली, "हम लोग बुद्धिमानों वाले दिनों और काम करने वाले दिनों में रह रहे हैं और फिर भी इसमें कोई बुद्धिमानी नहीं है। मेरा ख़याल है कि इस पावीलोव और कम्पनियों की मदद करना व्यर्थ है।"

"बेशक बेकार है।" उसने सहमति जताई। "आप उसे चाहे जितना दें वह सबकी शराब पी जायेगा। और इस समय मियाँ बीबी इसे एक दूसरे से छीन रहे होंगे और रात भर झगड़ते रहेंगे," उसने हँसते हुए धीरे कहा।

हाँ यह स्वीकार करना पड़ेगा कि हमारा यह चिरप्रेम व्यर्थ, उतना ही बाधा और वाहियात है। परन्तु फिर भी आप सहमत होंगे कि हाथ पर हाथ धर कर नहीं बैठा जा सकता कुछ न कुछ तो करना ही चाहिए। मिसाल के तौर पर बताइये कि इस पावीलोव परिवार के साथ क्या करना चाहिए ?'

वह लिसेमोव की तरफ घूमी और रुक गई उससे उत्तर पाने की आशा से। वह भी रुक गया और बिना पीछे मुड़े स्पष्टतया उसने अपने कन्धे सिकोड़े। निश्चित रूप से वह जानता था कि इन पावीलोव

परिवार के साथ क्या किया जाय परन्तु वह तरीका इतना भद्दा और
अमानवीय होगा कि वह उस शब्दों द्वारा स्पष्ट करने का साहस नहीं
कर सका। यह परिवार उसके लिए इतना नीरस और महत्वहीन था कि
एक भर बात पर उन्हें भूल गया। पया एमीमाम्मा की पलकों में
रखते हुए वह समझा से मुस्कराया और उसके चेहरे पर ऐसा भाव था
मानो वह कोई मधुर स्वप्न देख रहा था। केवल इस समय उसके
पास जाते हुए, मक्षा एमीमोम्मा ने उसके चेहरे और निष्कम्प से आँखों
से देखा कि वह कितना मग्न और उत्तेजित हो रहा था।

"मुझे इस व पन्द्रह सौ रुपया दे देने चाहिए।" उसने सोचा
। किसी अवसर पर यह विचार उसे अर्संगत और सिमेनोव के लिए
लगा।

"मुझे पूर्ण विश्वास है कि अपने काम के बाद आपके सारे शरीर
में दर्द हो रहा होगा और आप भर साथ दरवाजे तक आए हैं" उसने
जैसे ही वे सीढ़ियों से नीचे उतरे। 'मर जाइये।'

परन्तु वह उसके शब्दों को सुन नहीं सका। जब वे बाहर सड़क
पर गए तो वह आगे दौड़ा, स्लेज के पर्दे को खोला और उसको
भीतर बैठने में सहायता करते हुए बोला।

"मैं कामना करता हूँ कि यह दिन आपके लिए शुभ हो।"

बड़े दिन की सुबह

"उन्होंने घण्टे बजाने इतनी दूर से बन्द कर दिए हैं। पर मधुर सुरीली बात है। तुम यहाँ पूजा समाप्त होने से पहले नहीं पहुँच सकोगी। उठो।

'वो घण्टे बज रहे हैं, बज रहे हैं,' अम्मा एफीमोव्ना ने कहा और जाग पड़ी। उसके सामने हाथ में मोमबत्ती लिए उसकी नौकरानी, बाव बाहों वाली माशा खड़ी थी। "क्यों, क्या बात है?"

"पूजा समाप्त हो गई" माशा ने निराश होकर कहा, "मैंने तुम्हें तीन बार जगाया! मेरा बस था तो शाम तक सोती रहो परन्तु तुमने खुद ही सुबह से क्या हुये के लिए कहा था।"

अम्मा एफीमोव्ना कुहनी के सहारे उठी और खिड़की की तरफ देखा। बाहर अभी तक पूरी तरह से अंधेरा था और खिड़की की शीशों का नीचे वाला हिस्सा ही सिर्फ सफेद बर्फ से ढका हुआ था। उस घण्टे की धीमी, सुरीली आवाज सुनाई दी। यह आवाज बीस वर्षों से न जाने कहीं दूर से आ रही थी। छोटी मेज पर रखी हुई घड़ी छः पर तीन मिनट दिखा रही थी।

"अच्छी बात है माशा... तीन मिनट में..." अम्मा एफीमोव्ना ने माशा के से स्वर में कहा और बिस्तर में आराम से छिप गई।

उसने सामने धुंधले दरवाजे पर पड़ा पर्दा, स्लेज, घोड़ा कम्बल, मिलने की भीड़ और धमघ्यम की कांच की कल्पना की और एक विचार से भयभीत हो उठी परन्तु फिर भी उसने तय किया कि वह तुरन्त बिस्तर छोड़ेगी और सुबह की पूजा में मग्न हो जायेगी। और जब वह बिस्तर

में पड़ी गर्म हो रही थी और बाहर से बज रही थी—जो ऐसा लगता है मानो कुछ कह रही हो और जो विराम कर ले, मधुर लगता है जब किसी का उनींदा हो—और जब वह पलंग पर उसे एक निश्चल उदास और फिर गुरुत्वपूर्ण इमारत का स्वप्न देख रही थी वह पूरे समय इस विचार से चिन्तित रही कि उसे उसी समय उठना और गिरजे जाना चाहिए।

परन्तु जब वह उठी तो पूरी तरह उजाला हो चुका था और सारे ही जग रहे थे। रात को भारी हिमपात हुआ था। पेड़ सफ़ेद बर्फ़ के कपड़े पहने खड़े थे और हवा विशेष रूप से हल्की, स्वच्छ और मधुर थी, इसलिए जब अन्ना एफ़िमोव्ना ने खिड़की से बाहर देखा तो उसके मन में पहला विचार यह उठा कि वह एक गहरी, बहुत गहरी सांस ले। और जब उसने हाथ मुँह धो लिया तो एक सुन्दर अतीत के बालपन की भावनाओं का पुनर्लेप—यह खुशी कि आज बड़ा दिन है—एकाएक उसके हृदय में उठ खिल हो गया। इसके उपरान्त उसने अपने को इतना स्वच्छ और धार्मिक रूप से पवित्र अनुभव किया मानो कि उसकी आत्मा भी धोकर साफ़ करदी गई हो या सफ़ेद बर्फ़ में गोता लगा कर आई हो। मात्रा भीतर आई, कपड़े पहन और कस कर फीते बांधे हुए और समझा कर कि बड़ा दिन शुभ और सुखद हो। फिर वह बहुत देर तक अपनी मालकिन के पास आती और कपड़े पहनने में उसकी मदद करती रही। उस नई, भव्य, सुन्दर पोशाक की सुगन्ध और स्पर्श उसकी हलकी सी सरसराहट और ताज़े इत्र की सुगन्ध ने अन्ना एफ़िमोव्ना को उत्तेजित कर दिया।

"अच्छा आज बड़ा दिन," उसने मिचते हुए मात्रा से कहा "अब हम लोग पत्ते अपने भाग्य का पता लगायेंगे।"

"पिछली साल, मुझे बुड्ढे से शादी करनी थी। तीन बार यही पत्ता निकला।"

"भगवान दयालु है।"

न तो यही बात हो और न दूसरी ही—तो यही अच्छा है कि मैं एक बुड्ढे से शादी कर लूँ," माशा ने दुखी होकर कहा और गहरी साँस ली। "मैं बीस साल की हो चुकी, कोई मज़ाक नहीं है।"

पर हर एक व्यक्ति जानता था कि माशा नौकर मिरोन्का से प्रेम करती थी और यह सच्चा गहरा विशद प्रेम तीन साल से चल रहा था।

"अच्छा, अच्छा, बेवकूफी की बातें मत कर" धाय एफीमोव्ना ने उसे सान्त्वना दी।

"मैं तीस साल की होने जा रही हूँ परन्तु फिर भी मैं एक नौजवान से शादी करने के इरादे रखती हूँ।"

जब उसकी मालकिन उससे बात कर रही थी मिरोन्का एक नया फर्कदार कोट और चमचमाते बूट पहने हाल में और ड्राइंग रूम में घूम रहा था और उसके बाहर निकलने का इन्तज़ार कर रहा था जिससे वह उसे बड़े दिन की शुभकामना दे सके। उसकी चाल बराबर धीरे-धीरे और नज़ाकत के साथ कदम रखते हुए। उसके हाथों पैरों और सिर की जुम्बिश को देख कर यह कल्पना की जा सकती थी कि वह सिर्फ घूम ही नहीं रहा था बल्कि 'स्वर्गदूत' नृत्य का पहला पाठ याद कर रहा था। सुन्दर मखमली मूँछों और सुन्दर, कुछ कुछ भरे हुए चेहरे के बावजूद भी वह सतर्क चतुर और एक बूढ़े की तरह धार्मिक प्रवृत्ति का व्यक्ति था। वह ज़मीन तक झुक कर प्रार्थना करता था और अपने कमरे में धूप जलाना पसन्द करता था। वह धनी और उच्चवर्गीय व्यक्तियों का सम्मान करता था और उनके प्रति श्रद्धालु था। गरीबों से और उन सब लोगों से जो सहायता माँगने आया करते थे वह अपनी निर्मल और एक मसालेदार आत्मा की पूरी शक्ति से घृणा करता था अपनी कलफदार कमीज़ के नीचे वह एक फलालैन की बनियान जाड़ों और गर्मियों में हमेशा अपने स्वास्थ्य के प्रति अत्यधिक सतर्क रहने के कारण पहने रहता था। उसके कानों में रुई लगी रहती थी।

जब महा एर्बीमोव्ना ने माया के नाज़ हाथ का प्यार किया तो मिरोन्स्क ने अपना सिर ज़रा सा नत किया और सुन्दर, मधुर भाषा में कहा :

"सुन्दरी, हमारे प्रभु के जन्म दिवस के सुन्दर भोज के अवसर पर महा एर्बीमोव्ना आपको बधाई देने का सम्मान प्राप्त हुआ है।"

महा एर्बीमोव्ना ने उसे धन्यवाद दिए। इसी समय माया प्रस-न्नता से मुख की ओर देख रही थी। उसकी पुतलियों की गति भव, उसका व्यव-हार, उसकी आवाज और जो कुछ उसने कहा था आदि बातों ने अपने सौन्दर्य और शिष्टता से उसे प्रभावित किया। अपना मार्गदर्शक के पीछे आते हुए वह कुछ भी नहीं सोच सकी कुछ भी नहीं देख सकी सिवा मुस्काने पहले प्रसन्नता से और बाद में कृतज्ञतापूर्वक। ऊपरी मंज़िल सब से अच्छी और मेहमानों की अधिकता वहीं जमी थी, जब कि ग्रामर के हिस्से का चार-पांच कमरों का या भिन्न चीज़ों का हिस्सा-चाली मंज़िल वाले उस कमरे का हिस्सा था जहाँ भावी सम्मानित दूल्हा-दुल्हन का घर था। ऊपर मात्र के सम्मान्य और शिक्षित व्यक्तियों का स्वागत किया जाता था नीचे वाली मंज़िल में मामूली आदमियों और भावी के स्वागत मिलन का। सुन्दर, मेरा शरीर दबकर अब भी उदास और व्याकुल और वह अनुभव करती हुई कि वह एक अत्यन्त सुन्दर पोशाक पहने हुए है जो इस बात कि उसके चारों तरफ एक विशेष प्रकाश बिखेर रही थी, ऐसी महा एर्बीमोव्ना के पीछे मंज़िल पर गई। वहाँ उस पर प्रभाव रही कि वह अब भगवान को भूल गई है, क्योंकि वह उत्साह पर विजय पाई है कि वह अब का आरम्भ अब तक नहीं आये, कि वह वास्तव में जन्म के बजाय बहुत देर तक जाती रहेगी। उस बर्मा के हाथ जाड़ और पूर्ण विश्वसनीयता के साथ कहा कि वह कुपुर और बदमाश है और उसने इसका निरादर कर दिया ऐसी कहीं चूमा, एक

... के चमत्कार

ऊपर ही छोटे छोटे गिरजे थे, मूर्तियाँ, छोटे दीपक सन्तों के चित्र थे—उस स्थान से पादरियों की गन्ध आती थी। रसोई में चाकुओं की खट-खटाहट हो रही थी और किसी वस्तु की तेज सुगन्ध, भूख को प्रज्वलित कर देने वाली सारे कमरे में भर रही थी। पीले रंग के फर्श चमक रहे थे और दरवाजों से ओर छोर कालीन जिन पर चमकीली नीली धारियाँ पड़ी हुई थीं छोटे छोटे रास्तों की तरह मूर्तियों वाले कोनों तक चले गए थे। खिड़कियों से छनकर धूप भीतर आ रही थी।

पिंजड़े में बन्द भेड़ियों की तरह वे तीनों दोस्त कमरे के एक कोने से दूसरे कोने तक चक्कर लगाते रहे। वे बिना रुके, गर्म होकर और सचाई के साथ बातें करते रहे, तीनों ही उत्तेजित थे, भावना में बह रहे थे। उनकी बातों को सुन कर ऐसा लगता था कि उनका भविष्य, धन प्रसिद्धि उनके हाथों में है। और उनमें से किसी ने भी यह महसूस नहीं किया कि समय निकला जा रहा है कि प्रति दिन जीवन समाप्ति के पास पहुँचा जा रहा है कि उन्होंने दूसरों के सहारे पर जीवन बिताया है और अभी तक कुछ भी नहीं कर सके हैं; कि वे सब निष्ठुर नियम से बँधे हुए हैं जिसके द्वारा सौ होनहार आरम्भिक चित्रकारों में से केवल दो या तीन ही किसी स्थिति तक पहुँच पाते हैं और बाकी के सब अन्धकार में रह जाते हैं, तोप का निशाना बनते हुए समाप्त हो जाते हैं।

—वे प्रसन्न और आनन्दमग्न थे और भविष्य का उल्लास के साथ सामना करने को प्रस्तुत थे।

सुबह एक बजे कोस्तीलियोव ने विदा माँगी और अपने शेक्सपियर के से कॉलर पर हाथ फेरता हुआ घर चला गया। वह प्राकृतिक दृश्यों का चितेरा येगोर सावविच के यहाँ ही सोने के लिए ठहर गया। बिस्तर पर जाने से पहले येगोर सावविच ने एक मोमबत्ती जलाई और पानी पीने के लिए रसोईघर में गया। अन्धकारपूर्ण, सँकरे गलियारे में कात्या एक बक्स पर बैठी हुई थी और अपने घुटनों को हाथों से बाँधे हुए ऊपर देख रही थी। उसके पीले और थके हुए चेहरे पर एक प्रसन्न मुस्कराहट खेल रही थी और उसकी आँखें चमक रही थीं।

"तुम हो? क्या सोच रही हो?" येगोर सावविच ने उससे पूछा।

"मैं सोच रही हूँ कि तुम कैसे प्रसिद्ध बनोगे," उसने धीमे स्वर में फुसफुसाते हुए कहा।

"मैं कल्पना कर रही हूँ कि कैसे तुम एक प्रसिद्ध व्यक्ति बनोगे। ...मैंने तुम्हारी सारी बातें सुनी थीं।... मैं बराबर स्वप्न देखती रहती हूँ, स्वप्न देखती रहती हूँ। ..."

कात्या प्रसन्न होकर हँसने लगी, चीखी और श्रद्धा के साथ अपने दोनों हाथ अपने आदर्श के कन्धों पर रख दिए।

उनींदी

रात्रि। वार्का नाम की सी कम तेरह वर्ष की एक लड़की, एक पालने को हिला रही है जिसमें बच्चा लेटा हुआ है और मुश्किल से सुनाई देने वाले स्वर में गुनगुना रही है।

'बाबा री निंदिया आजा,
मेरे बच्चे को आके सुलाजा।'

एक छोटा सा हरा लैम्प पवित्र मूर्ति के सामने जल रहा है। कमरे के एक कोने से दूसरे कोने तक रस्सी बंधी हुई है जिस पर बच्चे के कपड़े और एक बड़ा काला पाजामा लटका हुआ है। इन पर मूर्ति वाले लैम्प का एक विशाल हरा धब्बा पड़ रहा है और इन बच्चे के कपड़ों और इस पाजामे की लम्बी छायायें स्टोव पर, पालने पर और वार्का पर पड़ रही हैं ...जब, लैम्प की लौ हिलने लगती है तो हरा धब्बा और उन छायाओं में जीवन पड़ जाता है और वे हिलने लगते हैं मानो हवा से हिल रहे हों। कमरे में घुटन है। गोभी के शोरबे और जूतों के दूकान की बदबू भर रही है।

बच्चा रो रहा है। रोने से बहुत पहले ही उसका गला पड़ चुका है। वह थक गया है मगर फिर भी रोये चला जा रहा है और मालूम नहीं कब चुप होगा। और वार्का की आँखों में नींद भर रही है। उसकी पलकें चिपक रही हैं, उसका सिर नीचे को झुक गया है उसकी गर्दन में दर्द हो रहा है। वह अपनी पलकों या होठों को हिला नहीं पाती और वह महसूस करती है मानो उसका चेहरा सूख कर काठ हो गया है मानो उसका सिर इतना छोटा हो गया है जितना कि एक आलपिन का सिर।

"बाबा री निंदिया आजा" वह गुनगुनाती है, "जब तक कि मैं तेरे लिये हलुआ बनाऊँ"

एक झींगुर स्टोव में चरमरा रहा है। बगल वाले कमरे के दरवाजे में होकर मालिक और उसके यहाँ काम सीखने वाले अफनासी खुर्राटे भर रहे हैं। पालना शोकाकुल होकर चरमरा रहा है। वार्का गुनगुनाती है—और यह सब मिलकर रात्रि के उस शान्ति प्रदायक संगीत का सृजन कर रहे हैं जो उस समय सुनने में बड़ा अच्छा लगता है जब कोई बिस्तर में लेटा हुआ हो। इस समय यह संगीत सिर्फ कर्कश और चिड़चिड़ाहट उत्पन्न करने वाला है क्योंकि वह उसे सोने के लिये उकसाता है और उसे सोना नहीं चाहिए। अगर वार्का—भगवान न करे—सो जाय तो उसका मालिक और मालकिन उसे पीटेंगे।

लैम्प की लौ हिलती है। वह हरा धब्बा और छायायें वार्का की स्थिर अधखुली आँखों पर पड़कर नाचने लगती हैं और उसके अर्धनिद्रित मस्तिष्क में रहस्यपूर्ण स्वप्नों की सृष्टि कर देती है। वह देखती है कि काले बादल आसमान में एक दूसरे का पीछा कर रहे हैं और बच्चे की तरह चीख रहे हैं। परन्तु फिर हवा चलती है, बादल गायब हो जाते हैं और वार्का बहती हुई कीचड़ से ढकी हुई एक बड़ी और चौड़ी सड़क देखती है। सड़क के किनारे गाड़ियों की लम्बी कतारें फैली हुई हैं जब कि मनुष्य पीठ पर थैले लादे हुए धीरे धीरे चल रहे हैं और छायायें आगे पीछे हिल रही हैं। दोनों तरफ उसे घने हरे वन कोहरे में होकर झलक दिखाई दे रहे हैं। एकाएक वे मनुष्य अपने थैलों और छायाओं के साथ ज़मीन पर उस कीचड़ में गिर पड़ते हैं। "ऐसा क्यों कर रहे हो?" वार्का पूछती है। "सोने के लिये सोने के लिए!" वे उसे उत्तर देते हैं। और वे गहरी नींद में, मीठी नींद सोते हुए

कौए और नीलकंठ

उसका स्वर्गवासी पिता वसिल्य लेसलोव कमरे पर हवा से ऊपर कपड़े बदल रहा है। वह उस रूप नहीं रही है मगर उसे कराहते और दर्द से पर्दे पर छुपते हुए सुन रही है। "उसकी आँखें बन्द हैं, सीमा कि वह कहता है। दर्द इतना भयानक है कि वह एक शब्द का भी उच्चारण नहीं कर सकता, सिर्फ साँस ले सकता है और एक रोग की तरह अपने होंठ काटता रहा है।

"भू-भू-भू-भू... ।"

उसकी माँ पेलागेया, मास्को के घर पर अपने रोती रही है कि देमिन मर रहा है। उस तरह बहुत दूर हो चुकी है और उसे वापस आ जाना चाहिए था। बाहर स्टोव पर बैठी हुई जाग रही है और अपने पिता की 'भू-भू-भू' सुन रही है। और तब वह सुनती है कि दरवाज़ पर कोई गाड़ी आई है। यह शहर का एक नौजवान डाक्टर है जिसे उस पर से भेजा गया है जहाँ वह एक मरीज को देखने के सिलसिले में ठहरा हुआ है। डाक्टर झोंपड़ी के भीतर आता है वह अँधेरे में दिखाई नहीं पड़ता परन्तु उसके खाँसने और दरवाज़े के खड़खड़ाने की आवाज़ सुनाई पड़ती है।

"मोमबत्ती जलाओ," वह कहता है।

'भू-भू-भू...' देमिन जवाब देता है।

पेलागेया दौड़कर स्टोव के पास जाती है और टूटे हुए बरतन को ढूँढ़ती है। एक मिनट खामोशी में गुज़र जाता है। डाक्टर अपनी जेब टटोल कर दियासलाई निकालता है।

"एक मिनट में लाती, एक मिनट में," पेलागेया कहती है झोंपड़ी से बाहर दौड़ी जाती है और थोड़ी देर में मोमबत्ती का एक सिरा लौटती है।

देमिन के गाल लाल हैं और उसकी आँखें चमक रही हैं विस्मय में एक विचित्र सी उत्सुकता है मानो उसे उस झोंपड़ी व र के अन्तर्गत सब का भाव हो गया हो।

"बच्चे को इधर ला !" वही स्वर फिर कहता है इस बार क्रोध
क्रोध के साथ। "तू सो रही है, कमबख्त कहीं !"

वार्का उछल पड़ती है और उसी तरफ देखती हुई सम
जाती है कि क्या मामला है। वहाँ वह सड़क नहीं है, पैलागीया
है, उसे सिखाने वाला आदमी नहीं है, वहाँ सिर्फ उसकी मालकिन है
दूध पिलाने आई है और कमरे के बीचोंबीच खड़ी है। जब तक
वह लम्बी चौड़े कन्धों वाली औरत बच्चे को दूध पिलाती है और
उसे चुप करती है, वार्का उसकी तरफ खड़ी हुई देखती है और उसके
चले जाने का इन्तजार कर रही है। और खिड़की से बाहर नीलिमा
झलकती चली आ रही है वे छायायें और छत पर पड़ने वाला हरा
धब्बा फीका पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है, जल्दी ही सुबह हो
जायगी।

"ले इसे !" अपनी कमीज के बटन लगाती हुई मालकिन
कहती है, "यह रो रहा है। इसे नज़र लग चुकी है।"

वार्का बच्चे को ले लेती है, पालने में लिटाती है और फिर
झुलाना शुरू कर देती है। वह हरा धब्बा और वे छायायें धीरे धीरे
गायब हो जाती हैं और अब उसकी आँखों को जबर्दस्ती बन्द करने
और उसके दिमाग पर छा जाने के लिए कुछ भी नहीं है। पर उसकी
आँखों में पहले ही की तरह नींद भर रही है, भयानक नींद भर रही है !
वार्का पालने के किनारे पर सिर रख देती है और नींद को भगाने के
लिए अपने पूरे शरीर को हिलाती है परन्तु फिर भी
झपकी हुई है और सिर भारी है।

और नहीं सताती जितना कि खड़े हुए होने पर। वह अकड़ी जाती है, सोच बनाती है और अनुभव करती है कि उसका भार या चेहरा फिर कायम हो रहा है और यह कि उसके विचार अधिक स्पष्ट होते जा रहे हैं।

"वार्का, समोवार ठीक कर!" उसकी मालकिन चीखती है।

वार्का लकड़ी का एक टुकड़ा काटती है और अभी लकड़ियों को सुलगा कर उन्हें समोवार में रख भी नहीं पाती कि उसे नया हुक्म मिलता है।

"वार्का, मालिक के बरसाती जूते साफ कर!"

वह फर्श पर बैठ जाती है, उन्हें साफ करती है और सोचती है कि एक बड़े गहरे बरसाती जूते में अपना सिर रख देना और उसमें एक झपकी ले लेना कितना अच्छा रहेगा। और एकाएक वह बरसाती बढ़ता है, फूलता है, सारे कमरे में भर जाता है। वार्का ब्रुश गिरा देती है मगर फौरन अपना सिर हिलाती है आँखें खूब खोलती है और चीजों को घूरने की कोशिश करती है जिससे वे बढ़ें नहीं और आँखों के आगे घूमें नहीं।

"वार्का, बाहर की सीढ़ियाँ धो, मुझे शर्म आती है जब उन्हें देखती हूँ!"

वार्का सीढ़ियों को धोती है, साफ करती है और कमरों में झाड़ती है फिर दूसरा स्टोव जलाती है और दूकान पर दौड़ी जाती है। बहुत काम करना है, उसे एक मिनट की भी फुर्सत नहीं है।

मगर कोई भी काम इतना मुश्किल नहीं जितना कि जगह खड़े होकर रसोई की मेज पर आलुओं का छीलना। मेज पर झुक जाता है, आलू उसकी आँखों के आगे नाचने लगते हैं, चाकू उसके हाथ से नीचे गिर जाता है जब कि उसकी मोटी मालकिन उसके पास आस्तीनें ऊपर चढ़ाए इतनी जोर से बोलती घूम रही है कि वार्का के कान बजने लगते हैं। भोजन के समय

करना, साफ करना सीना भी दुखदायी लगता है, ऐसे क्षण आते हैं जब वह चाहती है कि सब कुछ छोड़ कर फर्श पर लेट जाय और सो जाय।

दिन गुजर जाता है। खिड़कियों को धुंधली होती हुई देख कर वार्का अपनी कनपटियों को दबाती है जो ऐसी लगती हैं मानो काठ की बनी हों और मुस्कराती है यद्यपि वह नहीं जानती कि क्यों। शाम का धुंधलका उसकी आँखों को आराम देता है जो मुश्किल से खुल रही हैं और उसे विश्वास है कि शीघ्र गहरी नींद सोयेगी। शाम को मेहमान आते हैं।

"वार्का, समोवार लगा!" उसकी मालकिन चीखती है।

समोवार छोटा सा है और मेहमानों के चाय खत्म करने के पहले उसे कुछ पाँच बार लगाना पड़ता है। चाय के बाद वार्का को वहीं जगह मेहमानों की तरफ देखते और आज्ञाओं की प्रतीक्षा करते हुए एक घंटे तक खड़ा रहना पड़ता है।

"वार्का दौड़ और बीयर की तीन बोतलें खरीद ला!"

वह चल पड़ती है और पूरी तेजी से दौड़ने की कोशिश करती है जिससे कि नींद भाग जाय।

"वार्का, वोदका ले आ! वार्का, बोतल खोलने का पेंच कहाँ है? वार्का, एक मछली साफ कर!"

मगर अब, आखिरकार मेहमान चले गये हैं और मालिक

"आजा री निंदिया आजा" वह गुनगुनाती है "मेरे बच्चे को आज सुला जा!"

और बच्चा रोता है और रोने से थक गया है। वार्का फिर उस कीचड़ भरी सड़क, थैले वाले मनुष्यों, अपनी माँ पेलागिया, अपने पिता येफिम को देखती है। वह सब समझती है वह हरेक को पहचानती है मगर अपने उनींदेपन में वह उस शक्ति को नहीं समझ पाती जो उसके हाथ और पैरों को बांध देती है, उस पर छा जाती है और उसे जीने से रोकती है। वह चारों तरफ देखती है, उस शक्ति को ढूँढती है जिससे कि वह उससे बच सके मगर उसे खोज नहीं पाती। आखिरकार, बुरी तरह थक कर वह अपनी पूरी कोशिश करती है, आँखों पर जोर देती है ऊपर हिलते हुए हरे धब्बे को देखती है और बच्चे को चीखते हुए सुन कर अपने दुश्मन को पा लेती है जो उसे जिन्दा नहीं रहने देता।

उसका वह दुश्मन वह बच्चा है।

वह हँसती है। उसे यह अद्भुत लगता है कि वह इतनी साधारण सी बात पहले नहीं समझ सकी। वह हरा धब्बा, वे छायाएँ और वह झींगुर भी हँसने और आश्चर्य प्रकट करने लगते हैं।

यह भ्रम वार्का पर अधिकार कर लेती है। वह अपने स्टूल से उठ कर खड़ी हो जाती है और अपने चेहरे पर एक चौड़ी मुस्कान लिए और बिना झपकती हुई घूरती आँखों के साथ कमरे में इधर से उधर घूमती है। वह इस विचार से प्रसन्न और मग्न प्रतीत होती है कि अभी उस बच्चे से मुक्ति पा लेगी जो उसके हाथ-पैरों को बांधे हुए है... बच्चे को मार दे और फिर सो जाये, सो जाये सो जाये!...

हँसती, आँखें मिचमिचाती और उस हरे धब्बे की तरफ उँगली हिलाती हुई वार्का चुपचाप पालने तक जाती है और बच्चे के ऊपर झुकती है। जब वह उसका गला घोंट देती है तो जल्दी से फर्श पर लेट जाती है प्रसन्नतापूर्वक हँसती है कि वह सो सकेगी और एक पल में मुर्दे की तरह गहरी नींद में सो जाती है।

करता था और अपने बाप की मदद करता था, मगर उससे बहुत ज्यादा मदद की उम्मीद नहीं की जाती थी क्योंकि उसकी तन्दुरुस्ती खराब थी और वह बहरा था। उसकी बीबी एक्सिन्या एक सुडौल शरीर वाली सुन्दर स्त्री थी जो छुट्टियों वाले दिन टोप पहनती थी और छाता लेकर चलती थी—बहुत जल्दी उठ बैठती थी और रात को देर में सोने जाती थी और दिन भर अपना घाघरा ऊपर खोंसे चाबियों को खनकाती हुई इधर उधर भागती रहती थी। भण्डार के गोदाम से तहखाने में जाती और वहाँ से दूकान में। बुड्ढा त्सिबुकिन मग्न होकर उसे देखता और उसकी आँखें चमक उठतीं। ऐसे अवसरों पर उसे अफसोस होता कि छोटे बेटे की जगह जो बहरा था और जिसे स्पष्टतः नारी-सौन्दर्य का किंचित मात्र भी ज्ञान नहीं था, उसकी शादी बड़े बेटे के साथ क्यों न हुई।

बुड्ढा हमेशा पारिवारिक जीवन को पसन्द करता था अपने घर बार को दुनियाँ की सब चीजों से ज्यादा प्यार करता था, खास तौर पर अपने बड़े बेटे उस जासूस को और अपनी पुत्रवधू को। एक्सिन्या ने जैसे ही बहरे लड़के के साथ शादी हुई, उसने व्यापार में कुशलता दिखानी आरम्भ कर दी। वह जानती थी कि किसे उधार दिया जाय और किसे न दिया जाय। चाबियाँ वह अपने पास रखती थी और उन्हें अपने पति तक को नहीं देती थी। वह माला के दानों को गिनकर हिसाब किताब रखती थी, घोड़ों के दाँतों की किसानों की तरह परीक्षा करती थी और हमेशा खिलखिलाती या हँसती रहती थी। जो कुछ भी वह करती या कहती, उसका हमेशा ठीक होता और सफल।

में आकर रहने लगी घर में प्रत्येक चीज़ चमक उठी मानो सारी खिड़कियों में नए कांच जड़ दिए गए हों। पवित्र मूर्तियों के सम्मुख दीपक जलने लगे, मेज़ें बर्फ़ की तरह सफ़ेद कपड़ों से ढक दी गईं, लाल कलियों के साथ फूल खिड़कियों में और सामने वाले बाग़ में खिल उठे और भोजन के समय एक ही प्याले में खाने के स्थान पर हर व्यक्ति के लिये अलग प्लेटें लगाई जाने लगीं। वारवारा विनोदपूर्ण के चेहरे पर एक सुन्दर मिठास एवं मुस्कान खेलती रहती थी और ऐसा लगने लगा मानो सारा घर भी मुस्करा रहा हो। भिखारी और तीर्थ यात्री, मर्द और औरत आने में लगे शुरू हो गये। पर एक ऐसी बात थी जो पहले कभी नहीं हुई थी। रसोईघरों की खिड़की चीज़ों के सामान एवं मज़े की आवाज़ों और बीमार तथा निर्बल दिखाई देने वाले आदमियों की एकान्तवना सी आती हुई लगीं जिन्हें शराब पीने के कारण कामकाज से निकाल दिया गया था, खिड़कियों के नीचे सुनाई पड़ने लगीं। वारवारा पैसे से, रोटी से, पुराने कपड़ों से उनकी मदद करने लगी और बाद में जब वह पूरी तरह से सुपरिचित हो गई तो दुकान से चीज़ें लाने लगी। एक दिन हम बड़े आदमी ने उसे चार धौल्य चाय के बांटे हुए देखा और उसने उसे बुला लिया।

"प्रिये, माँ ने चार डीम्म चाय के दी हैं," उसने चाय में अपने पिता का सुचित किया, "इसे किस मद में दर्ज करूँ?"

बुड्ढे ने कोई जवाब नहीं दिया, खामोश खड़ा रह गया और कुछ देर अपनी भौंहों को ऊपर नीचे करता हुआ सोचता रहा और फिर अपनी पत्नी के पास चला गया।

"वारवारुश्का, अगर तुम्हें दुकान से कोई चीज़ चाहिए," उसने स्नेह के साथ कहा, "तो ले लिया करो, प्रिये। ले लो और इस्तेमाल करो, हिसाब मत रखो?"

और दूसरे दिन जब बड़े आदमी ने बाहर में दीवान हुए उसे पुकार कर कहा:

"हाँ, अगर तुम्हें कोई चीज़ चाहिए तो ले लेना।"

उसके द्वारा दान करने में कुछ अपमान कुछ मसखरापन और उदार हास्यता की झलक सी थी वैसी ही जैसी कि पवित्र मूर्तियों के सम्मुख जलने वाले दीपकों और लाल फूलों में थी। जब उत्सवों या गिरजे के त्यौहारों के समय जो तीन दिन तक मनाए जाते थे वे किसानों को मीठा नमकीन गोश्त, जिसमें से इतनी तेज गन्ध आती थी कि उसके बरतन के पास खड़ा रहना कठिन था, बेचते थे और उनकी आदमियों से बदले के रूप में टोपियाँ, और उनकी बीबियों के रूमाल ले लेते थे जब कारखाने के मजदूर भारी बुरे शोरबा से मदहोश होकर कीचड़ में नाचते रहते थे और पाप हवा में गहरे कुहरे की तरह मंडराता प्रतीत होता था तो उस समय यह सोच कर सन्तोष मिलता था कि यहाँ पर में ऊपर शरीफ, साफ सुथरे कपड़े पहने हुए एक औरत थी जिसका नमकीन गोश्त या शोरबा से कोई भी सम्बन्ध नहीं था। उस समाचार पर्व और पवित्र दिनों में उसकी दानशीलता, मशीन में लगे हुए सुरक्षा यंत्र का सा प्रभाव रखती थी।

सिबुकिन के घर में दिन व्यापारिक क्रियाओं में ही व्यतीत होते थे। सूरज निकलने से पहले ही बाहर के कमरे को धोते हुए एक्सिन्या खांसती और मुँह से भाप छोड़ती रहती, और रसोईघर में समोवार एक ऐसी आवाज के साथ उबलता रहता जो अच्छे भविष्य का सूचक नहीं था। बुड्ढा ग्रिगोरी पेत्रोविच, लम्बा काला कोट, सूती ब्रीचिस और चमकते हुए ऊँचे जूते पहने, एक साफ सुथरी आकृति अपनी छोटे से व्यक्ति के समान दिखाई पड़ने
और एक प्रसिद्ध

पसन्द करता था। उसकी पत्नी और पुत्रवधू ने उसे विदा दी और ऐसे मौकों पर जब वह एक अच्छा साफ सुथरा कोट पहने होता और गाड़ी में वह बड़ा काला घोड़ा जुता होता जिसकी कीमत तीन सौ रूबल थी तो बूढ़े को किसानों का अपनी शिकायतें और प्रार्थना-पत्र लेकर अपने पास आना अच्छा नहीं लगता था। वह किसानों से नफरत करता था और अगर वह किसी किसान को फाटक पर प्रतीक्षा में खड़ा हुआ देखता तो गुस्से से चिल्ला पड़ता :

"तुम यहाँ क्यों खड़े हो ? भागो यहाँ !"

और वह अगर एक भिखारी होता तो कहता :

"भगवान देगा !"

वह व्यापार के काम से बाहर जाता था। उसकी बीबी अपनी पोशाक पहने और एक काला 'एप्रन' बाँधे हुए कमरों को ठीक करती रहती या रसोई घर में मदद देती। अक्सिन्या दुकान का काम संभालती और वहाँ से बोतलों और उसके पैसे की खनखनाहट, उसकी हँसी और डाँट डपट की बातें करने की आवाज और उन ग्राहकों के गुस्से की भन-भनाहट जिनका वह अपमान कर देती थी, सुनाई पड़ती रहती थी। और उसी समय यह भी देखा जा सकता था कि दुकान में वोदका की बिक्री चोरी छिपे जारी रहती थी। वह बहरा आदमी भी दुकान में बैठा रहता या नंगे सिर, अपनी जेबों में हाथ डाले अपने विचारों में कभी बदहवास की तरह घूमता हुआ सड़क पर घूमता रहता। दिन भर में वे छः बार चाय पीते, चार बार खाना खाने बैठते और शाम को अपनी कमाई गिनते, उसे हिसाब में दर्ज करते, बिस्तर पर जाते और गहरी नींद सोते।

उक्लीवो के तीनों सूती कपड़ा छापने और रंगने के मालिकों को—हृमिन, छोटे हृमिन और कोस्तुकोव—के घरों पर टेलीफोन लगा रहता। टेलीफोन भी स्थानीय कचहरी में लगा हुआ था परन्तु जल्दी ही उसने काम देना बन्द कर दिया क्योंकि वहाँ खटमलों और कीड़े मकोड़ों ने

अपना अधिकार कर लिया था। देहाती विधि का मुखिया बहुत कम पढ़ा लिखा आदमी था और सरकारी कागजातों में प्रत्येक शब्द छापे के बड़े अक्षरों में लिखा करता था। लेकिन जब टेलीफून खराब हो गया तो वह बोला :

"हाँ, अब टेलीफून के बिना हम लोगों का बड़ी तकलीफ हो जायगी।"

बड़े हीमिन हमेशा छोटे हीमिन के साथ मुकदमे लड़ते रहते थे और कभी कभी छोटे हीमिन आपस में लड़ मरते और अदालत का दरवाजा खटखटाने लगते और उनका मामला दो या एक महीने तक बन्द रहता जब तक कि उनमें फिर समझौता न हो जाता और यह झगड़ों की बजाय के लिए एक मनोरंजन का विषय बन जाता क्योंकि प्रत्येक झगड़े के अवसर पर काफी चर्चा होती और मजे उड़ती। छुट्टियों वाले दिनों में कोल्हुकोव और छोटे हीमिन मुलाकात करते, रास्तों में इधर उधर टहलते फिरते और बच्चों को चुम्बन देते। एफ़्रूसिन्या अपने ढंगदार पेटीकोट को सरसराती हुई, एक तीखी गर्दन वाली पोशाक पहने अपनी दुकान के पास चहलकदमी करती रहती। छोटे हीमिन बांहें पकड़ लेते और वे ऐसे लगते मानो जबरदस्ती कर रहे हों। फिर इवान सिदुरिच अपने नए घोड़े को दिखाने के लिए गाड़ी में बाहर निकलता और नास्तसा को अपने साथ बैठा लेता।

२

बड़ा बेटा एनीसिम

मैं तुम्हें तुम्हारी शारीरिक आवश्यकताओं के सम्मान के निमित्त एक शानदार कुत्ता की भाँति समझता हूँ।"

इस कार्ड के बीच वाली तिरछी लिखावट में मानो दूसरी कलम से लिखा गया हो लिखा रहता। "एर्नेस्टिम मिशुटिन," और बाद में इसी सुन्दर लिपि में। "एमेन्द!"

वे एक बड़ी सब बार बार से पढ़ते और कुछ सा प्रभावित और भावना से कांप कर कहता।

"देखो वह घर पर रहने की परवाह नहीं करता, वह मित्रों का सा जीवन बिता रहा है। और विचार हां! प्रत्येक को अपना काम करना चाहिए।"

ऐसा हुआ कि मेंढ़े के बिल्कुल पहले धोखों के साथ सफ़ेद घोड़ी और गाड़ी आया। कुत्ता और बारबारा उसे इसके खिड़की पर गए और देखा। एर्नेस्टिम एक स्लेज में बैठा हुआ स्टेशन से घर आ रहा था। उसका चाल-ढाल नितान्त अप्रत्याशित था। वह भीतर आया, चिन्तित और किसी बात से उद्विग्न होता हुआ और पूरे समय तक ऐसा ही बना रहा। उसके व्यवहार में कुछ अजीब सी शिथिलता और स्वच्छन्दता सी थी। वह जाने की जल्दी में नहीं था। ऐसा लगता था मानो उसे नौकरी से निकाल दिया गया हो। बारबरा उसके आने से प्रसन्न थी। उसने उसकी तरफ एक गर्व-पूर्ण दृष्टि से देखा, गहरी सांस ली और सिर हिलाया।

"यह क्या बात है, मेरे प्रेम्या!" वह बोली, "तन्, तन्, बच्चे की बहुएँ मर रही हैं और यह अब भी एक अति दरिद्र का सा जीवन बिता रहा है तन्, तन्, तन्!"

इधर कमरे से उसकी बेमेल, और एक सी आवाज़ से तन्, तन्, तन् की सी ध्वनि आ रही थी। वह भारी रुचि और पूर्णनिष्ठा के साथ कुत्तुम का गर्दन पकड़ने लगी और उसके पत्तों पर अनुरागपूर्ण और रहस्यमय भाव करके रख मानो वे वास्तविकी हों।

अपना अधिकार कर लिया था। देहाती जिले का मुखिया बहुत कम पढ़ा लिखा आदमी था और सरकारी कागजातों में प्रत्येक शब्द छोटे से बड़े अक्षरों में लिखा करता था। लेकिन जब टैडीफूल खतम हो गया तो वह बोला :

"हाँ, अब टैडीफूल के बिना हम दोनों को बड़ी तकलीफ हो जायगी।"

बड़े हीमिंग हमेशा छोटे हीमिंग के साथ मुकदमे करते रहते थे और कभी कभी छोटे हीमिंग आपस में लड़ मरते और अदालत का दरवाजा खटखटाने लगते और जबतक फैसला हो या एक महीने तक बना रहता जब तक कि उनमें फिर समझौता न हो जाय और यह झगड़ों की समाप्ति के लिए एक मनोरंजन का विषय बन जाता क्योंकि प्रत्येक त्योहार के अवसर पर इसकी चर्चा होती और मजे रहती। छुट्टियों वाले दिनों में कोस्तोफेल और छोटे हीमिंग दुकानें करते, झगड़ों में इधर उधर दौड़ते फिरते और वकीलों को घूस देते। एकूसिना अपने जन्मदाता पेत्रीमोटे को बहादुरी हुई, एक बीबी मार्टेन वाली पोशाक पहने, अपनी दुकान के पास मटरगश्ती करती रहती। छोटे हीमिंग उसे पकड़ बैठे और वे यहाँ मानो जबर्दस्ती कर रहे हों। फिर कुछ सिकुमिन अपने नए घोड़े को दिखाने के लिए गाड़ी में बाहर निकलता और बारबरा को अपने साथ बैठा लेता।

२

बड़ा दिन

तय हुआ कि एनीसिम की शादी कर दी जाय।

"ओह खुद, खुद, छोटे भाई की शादी बहुत पहले हो चुकी है" वारवारा ने कहा "और तुम मेले में मस्त हुए मुर्गों की तरह घूमते बिना साथी के हो। इसका क्या मतलब है! खुद, खुद, तुम्हारी शादी हो जायगी भगवान करे, फिर जैसा तुम ठीक समझो—तुम नौकरी पर चले जाओगे और तुम्हारी बीवी यहाँ घर पर हमारी मदद करने के लिए रह जायगी। बेलगाम तुम्हारा जीवन बड़ा अव्यवस्थित है और मैं देख रही हूँ कि तुम ढंग से रहना भूल चुके हो। खुद, खुद, तुम शहरी लोगों के साथ यही मुसीबत है।"

त्सिबूकिन परिवार में शादी होती थी तो उनके लिए गाँव में सब से सुन्दर लड़कियाँ चुनी जाया करती थीं क्योंकि वे लोग अमीर थे। एनीसिम के लिए भी एक सुन्दर लड़की तलाश कर ली गई। वह खुद बड़ी मामूली और ध्यान न देने लायक शक्ल सूरत वाला व्यक्ति था दुबला पतला, बीमार सा शरीर और लम्बा कद, गोल और फूले हुए गाल जो ऐसे लगते थे मानो वह हमेशा फूला रहा हो। उसकी आँखें जल्दी नहीं झपकती थीं, तिरस्कारपूर्ण दृष्टि से घूरती रहती थीं, उसकी दाढ़ी कम और छितरी थी और जब वह सोच रहा होता तो हमेशा उसे मुँह में रख लेता था और चबाता रहता था। साथ ही वह अक्सर ज्यादा पी लिया करता था और नाक से जग जाया करता था। मगर जब उसे सूचना दी गई कि उन्होंने उसके लिए बड़ी खूबसूरत बीवी ढूँढ ली है तो वह बोला,

"ओह अच्छा मैं कोई बदसूरत ...

कि हमारा परिवार ...

रहती थी और बहुत गरीब थी और दिन में काम करने बाहर जाया करती थी। इस तरह के छोटा मालूम पड़ रही थी। वह भी काम करने लगी थी। ढोरगुपथा के लोग सीपा की सुन्दरता की चर्चा करने लगे थे मगर उसकी भयंकर गरीबी ने सब को उससे दूर रखा। लोगों की इच्छा थी कि कोई विधुर या दूसरी उमर का आदमी उसकी गरीबी का ख्याल न कर उससे शादी कर लेगा या बिना शादी किए ही उस पर प्रेम और यह कि उसके साथ रहने से उसकी माँ को पेट भर खाना मिल जाया करेगा। शादी कराने वाले दलालों के मुँह से बारबार ये बातें विषय में सुना और पानी में देठ कर ढोरगुपथो को चल दी।

फिर मौसी के घर बारकी रखने की रस्म बड़ा करना निश्चित किया गया जिसमें भोजन और शराब का सुन्दर प्रबन्ध था। सीपा ने इसी उत्सव के लिए दमदार्ई गई नई गुलाबी पोशाक पहनी। उसके कानों में एक लाल चीज़ चमक रही थी जो दिल धड़क रहा था। वह ही बड़े बाली, उसकी चमकदार बालों की जिसकी स्पर्श कोमल और सिमट की ओर जो धूप में काम करने के कारण धूप से सांवली पड़ गई थी। उसके चहरे पर हमेशा एक करुणपूर्ण और दयनीयता सी तमतमा रही रहती था और उसकी आँखों में एक बच्चे की सी विस्मयपूर्ण और जिज्ञासु भावना भरी रहती थी।

यह किशोरी थी, बिल्कुल परी सी लगती थी बाद। उसके रूप का उमस दुनिया से निराई करता था मगर उसकी शादी हो सकती थी क्योंकि उसकी उम्र व मालूम की दर से इस योग्य हो चुकी थी। वह सचमुच सुन्दरी थी मगर सिर्फ एक ही चीज़, जो दरअसल मानी जा सकती थी उसको जो सबसे हाथ से जा निमित्त छोड़ दी सिर्फ मातमों को याद करके रहता थे।

"देख नहीं है और हम इसकी ज्यादा पसन्द नहीं करते।"

सिमूकन ने मौसी से कहा। "हमने अपने बेटे स्तेपन के लिये भी एक गरीब घराने की लड़की ली थी और अब हम उसकी अधिक अपेक्षा नहीं कर सकते। पर मैं और व्यापार में वह माहिर है।"

ओल्गा दरवाज़े में खड़ी थी और उसने इस तरह देखा मानो कह रही हो। "मेरे साथ जो चाहो सो करो, मैं तुम्हारा विश्वास करती हूँ," जब कि उसकी माँ मारफ़ोन्या मक्सूमोव्ना, शर्म से विचलित होकर रसोई घर में जा छिपी। एक बार उसकी जवानी में एक व्यापारी ने जिसका वह फ़र्श साफ़ कर रही थी गुस्से में उसके लातें मारी थीं वह डर के मारे सुन्न पड़ गई थी और उसके मन में हमेशा के लिये भय की भावना ने घर कर लिया था। जब यह भयभीत होती तो उसके हाथ पैर काँपने लगते और गला रुँधने लगता। रसोई घर में बैठी हुई उसने मेहमानों की बातें सुनने की कोशिश की और बराबर अपने माथे पर क्रास बनाए और पवित्र मूर्तियों की तरफ़ देखते हुए अपने ऊपर ईश्वर का विचार करती रही। पुर्फ़िरिम ने, जो थोड़ा पिए हुए था, रसोई घर का दरवाज़ा खोला और आत्मीयता के साथ बोला:

"यहाँ क्यों बैठी हो, मेरी प्यारी माँ! हमें तुम्हारे बिना अच्छा नहीं लग रहा।"

और मारफ़ोन्या ने शरमा कर अपने हाथों को अपनी दुर्बल सूखी छाती से लगाते हुए कहा:

"ओह, कोई बात नहीं। तुम्हारी बड़ी कृपा है।"

लड़की देखने के बाद शादी की तिथि तय की गई।

सिम घर पर, सीटी बजाता हुआ कमरों

बाद सोचकर

रहा था कि उसकी सिर्फ इसीलिए शादी हो रही है क्योंकि उसका स्वप्न और भौजी भी ऐसा चाहते थे और इसलिए कि गांव में यह रिवाज था कि बेटे की शादी की जाए जिससे कि घर में काम करने के लिये एक औरत और आ जाए। जब वह गया तो यह नहीं लगता था कि बाकी था और उसका स्वागत वैसा नहीं था जैसा कि पहले हुआ करता था। इस बार उसका स्वागत विशेष रूप से लापरवाही से भरा हुआ था और उसकी बातें उसकी उपरी सी थीं।

मिखाइलोवा गांव में स्कोपेत्स सम्प्रदाय की अनुयायिनी हो मिस रहती थी जो ध्यान में पहले आती थी। शादी के बाद उसे तैयार करने का काम उन्हीं को सौंपा गया था और वे अक्सर उसे बना कर उसका ठीक भार रखने के लिये आया करती थी और चाय पीती हुई कभी एक दृश्य रचती थी। वे बारातियों के लिये कपड़ों गोट लगी हुई दूर रंग की और वधू-कन्या के लिये सामने पीले रंग की और चमकीली हुई इसके हर एक की पोशाक तैयार कर रही थीं। मिगुलिन उन्हें भय मियों के रूप में मजबूरी न हुआ दुःखद के सामान न रूप में दिया करता था। वे सम्पन्न निवास होकर वर्षों की वर्षा मोमबत्तियों के स्वच्छ और बत्तियों के लिए लिए, जिनकी उन्हें अपनी कोई जरूरत नहीं थी और जब गांव से बाहर निकल कर दूसरे मैदान में पहुंचे तो एक घाटे के पीछे पर बैठ गईं और रोने लगीं।

दूसरे दिन शादी के दिन से तीन दिन पहले सिर से पैर तक एक बड़े कपड़े पहने हुए आ पहुंचा। वह सम्पन्न जमींदार इलिया रहता था तमाशा हुए हाथ में हुए था एक कमर बेंत की तरह दोहरे धागे से बने हुई एक लम्बा लम्बी चोंगे हुए था। उसके कन्धे पर एक मोमजामा को बना था, उससे सटा था। उसने उसे पहन नहीं रखा था।

पवित्र मूर्तियों के सम्मुख शादी के मन्त्र पढ़ने उसने आंख का निशान रखने के बाद उसने पिता का सम्मान किया और उन्हें भौंहों के सम समय और इस प्रकार नमस्कार किया। पर इन दोनों की उसने दुःख ही दिए और दया

लिम्का को पच्चीस चौथाई-रूबल। इस उपहार का सबसे बड़ा आकर्षण यह था कि सारे सिक्के, जो मानो होशियारी से छाँटकर लिए गए हों, नए थे और धूप से चमक रहे थे। गम्भीर और शान्त दिखाई देने का प्रयत्न करते हुए उसने चेहरा सिकोड़ा और नाक फुलाए। उसके मुँह से शराब की गन्ध आ रही थी। शायद हर स्टेशन पर वह शराबखाने में गया था। और फिर उसके चेहरे पर आत्मप्रशंसा के चिह्न प्रगट हो उठे—जिसमें दिखावा और असंगति थी। फिर एफीमिसिम ने बुड्ढे के साथ खाना खाया और चाय पी। वरवारा ने अपने हाथ में उन नए सिक्कों को कसकर पकड़ा और उन गाँव वालों की बातें पूछीं जो शहर में रहने लगे थे।

"भगवान को धन्यवाद है कि वे सब ठीक हैं। उनकी मज़े से गुज़र रही है। एफीमिसिम ने बताया 'सिर्फ' इवान येगोरोव मुसीबत में है। उसकी बुड्ढी बीबी सोफिया निकीफोरोव्ना का देहान्त हो गया है। उसे तपेदिक हो गई थी। उन्होंने उसकी आत्मा की शान्ति के लिये दिए जाने वाले भोज का ठेका ढाई रूबल प्रति व्यक्ति के हिसाब से हलवाई को दिया था। और वहाँ असली शराब पिलाई गई थी। हमारे गाँव के किसानों ने भी अपने लिए ढाई ढाई रूबल दिए थे। उन्होंने कुछ भी नहीं खाया मानो वे किसान इस भूख्य को समझ गए हों।"

'ढाई'!" उसके पिता ने सिर हिलाते हुए कहा।

"क्यों वहाँ ताज्जुब की भी बात नहीं है। तुम कुछ जलपान करने के लिए किसी रेस्टोरेंट में जाते हो, तो एक चीज़ें मंगवा लो और लोग भी आ जाते हैं यहाँ तक कि अपनी एक पार्टी जमा हो जाती है, शराब पी जाती है और जब तक कि तुम्हें होश आता है, दिन निकल आता है और हरेक को तीन या चार रूबल के हिसाब से भुगतान करना पड़ता है। और अगर कोई समोरोदोव के साथ जाय तो वह हर चीज़ खाने के बाद कॉफी में ब्रान्डी डालकर पीना पसन्द करता है और ब्रान्डी का एक छोटा सा गिलास साठ कोपेक का आता है।"

"मैं अब हमेशा समोरोरोव के साथ रहता हूँ। समोरोरोव ही मेरे तुम्हारे लिए लिये हुए सब किस्से करता है। वह बहुत सुन्दर लिखता है। और अगर मैं तुम्हें बताऊँ, माँ,' एलीसिम बारबारा की तरफ मुखातिब होकर समय के साथ बढ़ता गया, "कि सोमोरोरोव कैसा आदमी है तो तुम मेरी बात का यकीन नहीं करोगी। हम लोग उसे मरम्म ख्याम पुकारते हैं क्योंकि वह मसमीमिया वासी की तरह अपना है। मैं उसकी हर बात को जान सकता हूँ। मैं अपने हाथ की उँगलियों की तरह उसके सब कामों को जानता हूँ और वह महसूस करता है और वह हमेशा मेरी बात मानता है कि हम लोग अलग नहीं हो सकते। वह इस तरह से तो इसे पसन्द नहीं करता मगर मेरे बिना उसका काम नहीं चल सकता। जहाँ मैं जाता हूँ वह भी जाता है। मेरी बात बड़ी सच्ची है माँ। एक किसान को बाजार में कमीज बेचते हुए देखता हूँ। 'अहा, यह कमीज चोरी की है।' और सचमुच यह बात निकलती है। कमीज चोरी की थी।'

"तुम कैसे जान लेते हो?" बारबारा ने पूछा।

"किसी चीज से नहीं। मेरी निगाह भाँप लेती है। मैं उस कमीज के बारे में कुछ भी नहीं जानता सिर्फ किसी वजह से मैं उसकी तरफ आकर्षित हो जाता हूँ। वह चोरी की है और मैं सिर्फ यही जान सकता हूँ। इस कानूनों में यह बाकायदा कहा गया है। इसका मतलब है कि चोरों की चीजों को पकड़ने। हाँ कोई भी चोरी कर सकता है, मगर उसको छिपाना दूसरी ही बात है। दुनिया काफी चौड़ी है मगर चोरी के माल को कहीं भी नहीं छिपाया जा सकता।"

"हमारे गाँव में पिछले हफ्ते एक घोड़ा और दो भेड़ें चोरी गई थीं" बारबारा ने कहा और एक गहरी साँस ली, "और उन्हें ढूँढ़ने वाला कोई भी नहीं है।" चोर कह कर।

"अच्छा मैं हाजिर करूँगा। मुझे कुछ उज्र नहीं है।"

क्योंकि तूफ़ान के समय गाँव पर एक भी बूँद बिना बरसाये जैसे हो निकल जाते हैं उसके द्वारा पहले किए हुए पाप इतने ज़्यादा थे कि उन सब को नज़रअंदाज़ कर देना या उनसे बच जाना आशा के विपरीत दिखाई पड़ रहा था। यहाँ तक कि उसके लिए क्षमा माँगना भी असंभव प्रतीत होता था। परन्तु फिर भी उसने क्षमा-याचना की और ज़ोर से हिचकी तक ली मगर किसी ने भी इस बात को देख नहीं पाया क्योंकि उन लोगों ने यह सोचा कि उसने ज़रा ज़्यादा पी ली होगी।

बच्चों की सी चिड़चिड़ाहट की एक तीखी आवाज़ आई :

"मुझे यहाँ से ले चलो, प्यारी माँ !"

"चुप रहो !" पादरी चिल्लाया।

जब वे गिरजे से लौटे तो लोग उनके पीछे दौड़े, दूकान पर, फाटक पर और अहाते में खिड़कियों के नीचे लोगों के झुण्ड लगा थे। किसानों की औरतें उन्हें बधाई के गाने सुनाने के लिए आईं। नव-दम्पति ने अभी मुश्किल से दहलीज़ को पार ही किया था कि उन्हें बाजों ने, जो अपनी कमरों में पहले से ही संगीत की पुस्तक लिए बैठे थे, अपनी पूरी ताकत से बाजा बजाकर गाना शुरू कर दिया। एक बैण्ड ने जिसे खास तौर पर शहर से बुलाया गया था बाजा बजाना शुरू किया। काँच के बड़े बड़े गिलासों में झागदार 'डोन' नाम की शराब लाई गई और ऐलीज़ारोव ने जो एक लम्बा, तगड़ा और भरी हुई भौंहों वाला बूढ़ा था और जो ठेके पर काम करता था उस दूल्हा जोड़े को सम्बोधित कर कहना शुरू किया।

"एनीसिम और तुम, मेरी बच्ची, एक दूसरे को प्यार करना, धर्म मार्ग का पालन करना और स्वर्ग की माता तुम पर सदैव अपना वरद् हस्त रखेगी।"

"मिरोशी वेत्रोविच तोषो तुगी से हमें रोको दो!" उसने आवाज़ में कहा और तब तुरन्त ही एक गहरी आवाज़ में हँस पड़ा, हो हो-हो। वह तुम्हारे लिए भी एक अच्छी पुत्र-वधू होगी। वह सब से ठीक है। सब काम ठीक तरह से होता है, कोई गड़बड़ नहीं मशीनरी ठीक काम करती है सब पुर्जे ठीक ठाक हैं।"

वह चेर्नेत्सी जिले का रहने वाला था मगर अपनी जवानी से ही उजगोरोद और उसके आस-पड़ोस की फैक्टरी में काम करता आया था और इस जगह को उसने अपना घर बना लिया था। वह बरसों से यहाँ इसी तरह सबसे परिचित था—वृद्ध, नौजवान और बच्चे और बरसों से यहाँ के लोग उसे 'डॉक्टर' के नाम से जानते चले आ रहे थे। शायद इस वजह से कि वह तमाम बरसों से फैक्टरी की मशीनों को ठीक करता आया था इसलिए वह हरेक व्यक्ति को और हरेक चीज़ को उसके स्वास्थ्य और उसमें अपेक्षित मरम्मत की ही दृष्टि से देखता था जैसे कि मशीन को देखा जाता है। मेज़ पर बैठने से पहले उसने सब कुर्सियों की यह देखने के लिए जांच की कि वे ठीक हैं या नहीं और उसने पास खिसकती हुई मछली को भी आँका।

'जाम' शराब पीने के बाद वे सब मेज़ पर बैठ गए। मेहमान अपनी कुर्सियों का निरन्तर खिसका कर बातें करने लगे। बाहरी कमरे में नाचने वाले गा रहे थे। बैंड बज रहा था और पड़ोस में कितनी औरतें एक साथ गाना गा रही थीं। इन सब आवाज़ों के मिलने से एक ऐसा शोर मच रहा था जिसे सुन कर चक्कर आने लगते थे।

'डॉक्टर' अपनी कुर्सी पर घूमा और अपने पड़ोसियों को कुहनी से ठेल कर बातों को बातें करने से रोका, हँसा और रह रह कर चीखता रहा।

"अरे बच्चो अरे बच्चो," वह तेज़ी से बड़बड़ाया। "एकटेरिना मेरी प्यारी, वरवारा दर्शिया इस काम पर शामिल और खुश के रहो रहेंगे, वैसे सभी कुमारियों [illegible]

उसने थोड़ी सी शराब पी थी और इस समय सिर्फ अंग्रेजी तीखी शराब का एक गिलास पीकर ही पल में चुप हो गया मानो इसने उसमें जड़ जमा दिया हो। उसकी जबान लड़खड़ाने लगी।

स्थानीय पादरी तथा स्थानीय फैक्टरियों के मालिक, दूसरे गाँवों के व्यापारी और सरायों के मालिक वहाँ उपस्थित थे। कस्बे और जिले के देहाती भाग का मुखिया, जो एक साथ चौदह वर्षों से काम करते आ रहे थे और जिन्होंने इस पूरे समय में किसी के एक भी कागज पर दस्तखत नहीं किए थे तथा एक भी आदमी को स्थानीय अदालत से बिना धोखा दिए या अपमानित किए जाने नहीं दिया था, इस समय पास पास बैठे हुए थे। दोनों ही मोटे और स्वस्थ थे और ऐसा लगता था कि मानो वे अन्याय और झूठ में इतने गर्क हो चुके थे कि उनके चेहरे की चमड़ी तक भी कुछ अजीब और धूर्त सी दिखाई पड़ने लगी थी। क्लर्क की पत्नी, जो मैली थी अपने सब बच्चों को अपने साथ ले आयी थी और छछूंदरियों की तरह फिसलती चिड़िया की तरह तिरछी निगाह से देख रही थी और जो कुछ भी उसके हाथ में पड़ जाता उसे अपनी या अपने बच्चों की जेबों में भर लेती थी।

लिपा पत्थर की मूर्ति की तरह बैठी थी। उसके चेहरे पर गिरजे जैसा ही तन्मयता का भाव था। उससे परिचय होने के बाद अनीसिम उससे एक शब्द भी नहीं बोला था जिससे अभी तक उसे उसकी आवाज का भी पता नहीं चल पाया था और अब उसके बगल में बैठा हुआ वह चुप की तरह खामोश रहा और बराबर तीखी शराब पीता रहा और जब उसे नशा हो आया तो सामने बैठी हुई अपनी चाची से बातें करने लगा:

"मेरा सामोरोदोव नामक एक दोस्त है। अजीब सा आदमी है। — के हिसाब से वह एक सम्मानित नागरिक है और बातें भी खूब

का स्वागत-गान करो आली !"

"आयशा थकी हुई और परेशान मेहमानों से खाने का आग्रह करती हुई मेज़ के चारों तरफ़ घूम रही थी और इस बात से बहुत ख़ुश थी कि वहाँ खाने की इतनी तरह की चीज़ें थीं जो बहुत ज़्यादा थीं— जब कोई उनकी अपेक्षा नहीं कर सकता था। सूरज डूब गया मगर उजाला बचता रहा। मेहमानों को इस बात का भी होश नहीं रहा था कि वे क्या खा रहे हैं या क्या पी रहे हैं। जो कुछ कहा जाता था उसे समझना असम्भव था और सिर्फ़ उसी समय जब बैण्ड का बजाना बन्द हो जाता था किसी विशाल औरत की यह आवाज़ सुनाई पड़ती थी :

"इन लोगों ने हमारा खून चूस लिया है, जोंक कहीं के। इन्हें महामारी ला दे।"

शाम को वे लोग बैण्ड के साथ नाचने लगे। दिमित्र जूलियस अपनी शराब लिए हुए थे और उनमें से एक नाचते समय दोनों हाथों में एक एक बोतल और मुँह में शराब का गिलास पकड़े हुए नाचने लगा जिसे देख कर सब हँस पड़े। नृत्य के बीच में उन्होंने एकाएक अपने घुटने झुका लिए और उसी झुकी हुई स्थिति में नाचते रहे। एफ़्रोसिन्या अपनी पोशाक से हवा उड़ाती हुई बिजली की चमक की तरह उड़ती फिर रही थी। किसी ने उसकी झालर पर पैर रख दिया और 'बैगानी' चीख़ उठा।

"ए, उन्होंने चौंकने को उम्मीद लगा है। बच्चो!"

एफ़्रोसिन्या की आँखें मुँदी और सब की सब कभी कभी ही झपकती थीं। उसके चेहरे पर हमेशा एक सरल मुस्कान खेलती रहती थी। उसकी इन स्थिर दृष्टि से देखने वाली आँखों, लम्बी गर्दन पर प्यारे से सिर, और उसके दुबलेपन में कुछ साँप का सा भाव था। ऊपर से नीचे तक हरी मगर पानी पर चमकती पोशाक पहने हुए वह अपने चारों पर लौटती हुई मुस्कराहट के साथ एक ऐसे तिरछे साँप की तरह दिखाई पड़ रही थी जो पूँछ के बल पीछे पर टिका हुआ, चमकने के

मौसम में फाटक में से गुजरने वाले राहगीरों की तरफ अपना पंजा उठाकर देखता है। इलिच परिवार के पुरुषों का व्यवहार उसके साथ स्वच्छन्द था और यह बात गौर करने काबिल थी कि वह उनमें से सबसे बड़े के साथ बहुत खुशी मिली रहती थी। मगर उसके बहरे पति ने कुछ भी नहीं देखा। उसने उसकी तरफ देखा तक नहीं। वह पैर पर पैर रखे बैठा हुआ लगातार तोड़ तोड़ कर खाता रहा। वह उन्हें इतनी जोर से तोड़ता था कि उससे पिस्तौल के चलने की सी आवाज आती थी।

मगर देखिए, बुड्ढा सिबुकिन खुद कमरे के बीच में आया और यह इशारा करते हुए अपना रूमाल हिलाने लगा कि वह भी उसी नृत्य करना चाहता है। यह देख कर सारे घर भर में और बरामदे में जमा हुई भीड़ में एक स्वीकृति सूचक शोर उठा।

"वह आयेगा! वह खुद आयेगा!"

वरवारा ने नृत्य किया मगर वह बुड्ढा सिर्फ अपना रूमाल हिलाता रहा और एड़ियाँ चटकाता रहा। बरामदे में खड़े हुए लोग, एक दूसरे को धक्के देते हुए खिड़की में से झाँकने लगे। वे सब बहुत खुश थे और क्षण भर के लिए उन्होंने उसके सारे अपराधों को क्षमा कर दिया—उसकी दौलत और अपने प्रति उसके द्वारा किए गए सम्पूर्ण अपराधों को।

"बहुत खूब, ग्रिगोरी पेत्रोविच!" भीड़ में से आवाजें आईं। "ठीक है, खूब अच्छी तरह से नाचो! तुम अब भी नाच सकते हो! हा-हा!"

— यह नृत्य बहुत देर तक सुबह के दो बजे तक चलता रहा। एनीसिम लड़खड़ाता हुआ गाने वालों और बैण्डवालों से विदा माँगने गया और प्रत्येक को एक एक नया आध-रूबल का सिक्का दिया।

विदा में जो लड़खड़ा तो नहीं रहा था मगर अब भी एक पैर पर

शादी में दो हजार का खर्च हुआ है।"

जब माँ बिफर रही थी तब किसी ने अपने पुराने कोट की अन्दर साथ वाली जेबों का अपना कोट उठा लिया। यह देख कर क्लीम्स्किन एकाएक गुस्से से भर उठा और चीखने लगा।

"अच्छा, मैं अभी पता लगाए लेता हूँ। मैं जानता हूँ कि किसने चुराया है इसने।"

"वह सड़क पर दौड़ा गया और किसी का पीछा करने लगा। उसे पकड़ लिया गया, वापस घर में लाया गया और गुस्से से लाल और नशे की हालत में परेशान कर भीगे कपड़ों में ही उस कमरे में बन्द कर दिया गया जिसमें अभी बीना की पोशाक चटकमा रही थी।

४

पाँच दिन बीत चुके थे। क्लीम्स्किन जो जाने की तैयारी कर रहा था, बरसाती से विदा माँगने ऊपर गया। पवित्र मूर्तियों के सम्मुख मोमबत्तियाँ जल रही थीं, सारे कमरे में धूप की सुगन्ध भर रही थी और वह खिड़की पर बैठी हुई खाल ऊन का मोजा बुन रही थी।

"तुम हमारे साथ ज्यादा नहीं रहते," वह बोली, "मैं यह समझती हूँ कि तुम यहाँ उदास रहे। और सच-सच, हम लोग आराम से रहते हैं। हमारे पास सब चीजें काफी तादाद में हैं। हमने तुम्हारी शादी सिफतानुसार और अच्छी तरह से कर दी है। तुम्हारे पिता कहते हैं कि दो हजार खर्च हुए हैं। सचमुच हम लोग व्यापारियों की तरह रहते हैं मगर सिर्फ बाहरी ही चमक दमक है। हम लोग जनता के साथ बहुत बुरा व्यवहार करते हैं'। मैं बड़ी दुःखी होती हूँ। हम उनके साथ कैसा व्यवहार करते हैं, हे भगवान! चाहे हम कोई कोड़ा खरीदें या कोई चीज खरीदें या किसी मजदूर से काम करावें—हर चीज में बेईमानी भरी है। सिर्फ चालबाजी और कुछ नहीं। '[illegible] के

त्यौहार के समय बजने वाला, चूल्हे में सिकने वाला केक कर, था और मज़ेदार है। लोगों के सिकने वाली रात तब भी कुछ अच्छी है। मगर, यह बताओ कि क्यों हम अच्छा केक नहीं बेच सकते?"

'हर आदमी अपना काम जानता है माँ।"

"मगर तुम जानते हो कि हम सब को ही मरना है; लो, माँ, सचमुच तुम्हें अपने पिता से बातें करनी चाहिए।"

— "क्यों, तुम्हें उन से कुछ बातें करनी चाहिए।"

"अच्छा, अच्छा, मैंने उन से कहा था मगर उन्होंने भी वही कहा जो तुम कहते हो : 'हर आदमी अपना काम जानता है।' तुम कल्पना कर सकते हो कि उस लोक में वे लोग इस बात का न्याय करेंगे कि तुम्हें क्या काम करने को दिया गया था; भगवान का न्याय निष्पक्ष होता है।'

"ठीक है, कोई भी न्याय नहीं करेगा," एमीसिम ने कहा और एक गहरी साँस ली। "कुछ भी हो, माँ, तुम जानती हो कि भगवान नहीं है इसलिए वहाँ न्याय ही क्या किया जाएगा?"

बुढ़िया ने उसकी तरफ़ आश्चर्य से देखा, खिलखिला कर हँसी और तालियाँ बजाने लगी। शायद इसलिए कि वह उसके शब्दों से सचमुच आश्चर्यचकित हो उठी थी और उसकी तरफ़ इस तरह देखने लगी मानो वह एक अजीब आदमी हो। एमीसिम परेशान हो गया।

"शायद भगवान हो मगर सिर्फ़ उसमें विश्वास नहीं रहा है। जब मेरी शादी हो रही थी तो मुझे पसन्द होना भी नहीं था। ठीक उसी तरह जिस तरह तुम किसी मुर्गी के नीचे से एक अण्डा उठाओ और उसमें एक बच्चा चहचहाता होता है इसी तरह मेरी आत्मा मेरे भीतर फड़फड़ाने लगी थी और जब मेरी शादी हो रही थी तब मैं पूरे समय सोचता रहा था कि भगवान है; मगर जब मैं गिरजे से बाहर

बच्चा माँ का दूध पीता होता है तभी से उसे सिर्फ यह सिखाया जाता है कि : "हर आदमी को अपना काम करना चाहिए। सिजोव भी भगवान में विश्वास नहीं करते। तुम कह रही थीं कि गुस्सोव की कुछ भेड़ें चोरी चली गई थीं।... मैंने उनका पता लगा लिया है। सिमवोलो के एक किसान ने उन्हें चुरा लिया था। उसने उन्हें चुराया मगर सिजोव को उनकी ऊन मिल गई। इसलिए उनका विश्वास यहीं तक सीमित है।"

इगीसिम ने आँखें सिकोड़ीं और सिर हिलाया।

"दुनिया भी भगवान में विश्वास नहीं करती," वह कहने लगा, "और तुम और पादरी भी नहीं करते। और जहाँ तक उनके गिरजा जाने और व्रत रखने का सवाल है, वह सिर्फ इसलिए कि लोग उनके विषय में बुरी बातें न करें और इसलिए भी कि अगर यह बात सच हो कि 'न्याय का दिन' आयेगा। आजकल लोगबाग यह कहते हैं कि दुनिया का अन्त आ गया है क्योंकि मनुष्य कमजोर हो गए हैं अपने माँ बाप की इज्जत नहीं करते आदि। ये सब वाहियात बातें हैं। माँ, मेरा विचार यह है कि यह सब मुसीबत इस वजह से है कि आदमियों की आत्मा बहुत कमजोर हो गई है। मैं चीजों को अच्छी तरह देखता हूँ माँ और उनकी असलियत समझ लेता हूँ। अगर एक आदमी चोरी का कमीज पहने हुए है तो मैं भी पापी हूँ। एक आदमी महल में बैठा हुआ है और तुम भागती हो कि सिर्फ आप ही रहा है मगर मेरे लिए यह न तो यहाँ है और न वहाँ। मैं और आप दुखिया हूँ उनके आत्मा नहीं है। तुम दिन भर भटकने के बाद भी एक भी आदमी ऐसा नहीं पाओगी जिसमें आत्मा हो। और सही बात यह है कि वे यह नहीं जानते कि आत्मा है या नहीं। अच्छा फिर, माँ, अच्छी तरह रहो मेरे विषय में बुरी बातें मत सोचना।'

इगीसिम घनगात के पत्तों में छुपा।

"मैं तुम्हारे सब बच्चों के लिए धन्यवाद देता हूँ, माँ," उसने

कहा। 'तुम हमारे परिवार के लिये बहुत बड़ी नियामत हो। तुम बिल्कुल सम्भ्रान्त महिला के समान हो और मैं तुमसे बहुत खुश हूँ।"

अत्यधिक दुःखित होकर अनीसिम बाहर निकला मगर फिर भीतर आया और बोला।

"समोरोदोव ने मुझे एक मामले में फंसा दिया है। या तो मेरा भाग्य खुल जायगा या मैं बर्बाद हो जाऊँगा। अगर कोई बात होती है तो तुम पिताजी को सान्त्वना देना, माँ।"

"ओह बकवास! तुम परवाह मत करो तच, तच, तच.. भगवान दयालु है। और अनीसिम तुम्हें अपनी पत्नी से प्रेम का व्यवहार करना चाहिए न कि यह कि तुम दोनों एक दूसरे की तरफ कुप्पी कुप्पी निगाहों से देखते हो। तुम्हें कम से कम मुस्कराना तो चाहिए।"

"हाँ, वह बड़ी विचित्र है,' अनीसिम बोला और गहरी साँस ली। "वह कुछ भी नहीं समझती। कभी बात नहीं करती। वह अभी छोटी है, उसे बड़ा हो जाने दो।"

एक ऊँचा चमकीला सफेद घोड़ा गाड़ी में जुता हुआ पहले से ही दरवाजे पर खड़ा था।

बुड्ढा सीबूकिन घूमने के लिये दौड़कर गाड़ी पर जा बैठा और रासें पकड़ लीं। अनीसिम ने वारवारा को, अक्सिन्या को और अपने भाई को चूमा। सीढ़ियों पर लीपा भी खड़ी हुई थी। वह चुपचाप स्थिर खड़ी हुई थी और दूसरी तरफ देख रही थी। और यह प्रतीत हो रहा था कि वह उसे विदा करने नहीं आई थी बल्कि वैसे ही किसी अज्ञात कारण वश आ खड़ी हुई थी। अनीसिम उसके पास गया और अपने होठों से सिर्फ उसके गालों का स्पर्श किया।

"विदा।" उसने कहा।

उसकी तरफ देखे हुए वह अजीब तरह से मुस्कुरा

के मोर्चे पर हम रघाम खड़ा हो गया क्योंकि वह अपने को सुन्दर समझता था।

जब वे लोग गाड़ी से बाहर आए एर्मोलिम बराबर पीछे गाँव की तरफ देखता रहा। दिन सुन्दर और अच्छा था। पहाड़ी के ऊपर आज आसमान घरों को काम के लिये बाहर ले जाया जा रहा था और किसान लड़कियाँ और औरतें सुन्दर पोशाकें पहने आसपास के खेत रही थीं। लोको रेल का डेक स्लोब हाथ की मुट्ठी में थमा उठा और सामने फूलों से जमीन मुस्कुराने लगा। चारों तरफ ऊपर और नीचे सारियाँ (मेघ) था रही थीं—और उसे याद आया कि किस तरह पाँच दिन पहले वह यहाँ मर्जी कर रहा था। छोटी नदी के किनारे, जिसमें वह कभी नहाता और मछली पकड़ा करता था, बने हुए हरी घास वाले स्कूल की तरफ उसने देखा और उसका हृदय ममता से भर उठा और उसने चाहा कि होतापें जमीन से ऊपर बढ़कर उसे चलते जाने से रोक लें और उसके जीवन में केवल उसका यहीं मुस्कान रह जाए।

स्टेशन पर वे लोग जलपान-गृह में गए और कुछ एक गिलास वोदी (शराब) का पीया। उसके पिता ने दिल खुलने के लिये मन हुए पहला।

"मैं खुश हूँ गा," एर्मोलिम ने कहा। बूढ़े के प्रकाशित चेहरे सपाट होकर उसके कन्धे का थपथपाया और बेटे की तरफ मानो वह रहा हो, "देखो मेरा बेटा कितना अच्छा है।"

"तुम्हें घर पर ही रहकर कारबार की देखभाल करनी एर्मोलिम," उसने कहा "मेरे लिए तुम्हारी मदद बड़ी कीमत है तुम्हें फिर से घर तक मान से ढक दूँगा, मेरे बेटे।"

शराब कड़ी थी और उसमें से कड़वे की भी गन्ध था र मन उसने एक एक गिलास चार लिया।

जब दूसरा लेफ्टिन स्टेशन से पर कदम चाला लो ... पर भारी चोग़ाय पुराने का पहनाव नहीं पता। जैसे हो

पाँव अहाते से बाहर निकला था लीपा सहम गई और चुप हो उठी। एक पुराना सूती पैटीकोट पहने, नंगे पैर और आस्तीनों को ऊपर कन्धों तक चढ़ाए वह दरवाजे के सामने सीढ़ियों को रगड़ कर धो रही थी और सुरीली पतली आवाज में गा रही थी। और जब वह गन्दे पानी का एक बड़ा टब लाई और अपनी बच्चों की सी मुस्कराहट के साथ ऊपर सूरज की तरफ देखा तो ऐसा लगा कि वह भी एक मैना हो।

एक बुड्ढे मजदूर ने जो दरवाजे के सामने होकर गुजर रहा था, अपना सिर हिलाया और गला साफ किया।

'सचमुच ग्रिगोरी पैत्रोविच तुम्हारी बहुएं ईश्वर की नियामत हैं" उसने कहा। "औरतें नहीं बल्कि खजाने हैं।"

५

शुक्रवार ८ जुलाई को एलीजारोव उर्फ 'बैसाखी' और लीपा काजान्सकोय नामक गाँव से वापस आ रहे थे। वहाँ वे गिरजे की छुट्टियों में 'कजान की पवित्र माता' के सम्मान में की गई प्रार्थना सभा में शामिल होने गए थे। उनसे काफी पीछे लीपा की माँ प्रास्कोव्या चली आ रही थी जो हमेशा पीछे रह जाती थी क्योंकि वह बीमार थी और उसे साँस उखड़ने की शिकायत थी। शाम होने वाली थी।

"आ...आ आ ' लीपा की बातें सुन कर आश्चर्य करते हुए 'बैसाखी' ने कहा। "आ-आ !...!"

"मुझे मुरब्बा बहुत अच्छा लगता है इलिया माकारिच " लीपा ने कहा। "मैं अपने कोने से कोने में बैठ जाती हूँ और चाय पीती और मुरब्बा खाती रहती हूँ। या मैं वरवारा निकोलायेव्ना के साथ पीती हूँ और वह भावुकतापूर्ण कहानी सुनाया करती है। हमारे यहाँ ढेर सारा मुरब्बा है—चार मर्तबान भरे हुए हैं। 'खाओ लीपा जो जितना

"वे लोग बहुत शान से रहते हैं। इन्हें चाय के साथ सफ़ेद रोटी मिलती है और गोश्त भी सब को पेट भर कर। वे बहुत अच्छी तरह रहते हैं। फिर मुझे उन से डर लगता है इलिया मात्वेरिच। आह, ओह मैं कितनी डरती हूँ।'

"तुम क्यों डरती हो बच्ची?" वैरवारी ने पूछा और उसने पीछे मुड़ कर देखा कि मात्र्योना कितनी दूर रह गई है।

"पहली बात तो यह कि जब शादी हुई थी मैं एफ़ीसिम मिरोनिच से डरती थी। एफ़ीसिम मिरोनिच ने कुछ भी नहीं किया था। उसने मेरे साथ बुरा बर्ताव नहीं किया था। सिर्फ़ जब वह मेरे पास आता है तो मेरे सारे शरीर में सिहरन सी दौड़ जाती है। और मैं एक पल सो नहीं सकी। बराबर कांपती और भगवान से प्रार्थना करती रही। और अब मुझे एक्सीन्या से डर लगता है इलिया मात्वेरिच। इस वजह से नहीं कि वह कुछ कहती है। वह हमेशा हँसती रहती है, मगर कभी कभी वह खिड़की की तरफ़ देखती है और उसकी आँखें इतनी भयानक हैं उन में एक हरी चमक है—मानो बाड़े में बंधी हुई भेड़ों की आँखों की तरह। खिमिन जूनियर उसे गुमराह कर रहे हैं: 'तुम्हारे बुड्ढे,' वे लोग उससे कहते हैं, 'के पास बुत्योकिनो में जमीन का एक टुकड़ा है एक सौ बीस एकड़' वे कहते हैं, 'वहां रेत है तो ईंट का भट्ठा लगाओ और हम उसमें हिस्सा ले लेंगे।' ईंटें आजकल बीस रूबल की एक हजार मिलती हैं यह बड़ा फ़ायदेमन्द व्यापार है। कल डिनर के समय एक्सीन्या ने मेरे ससुर से कहा: 'मैं बुत्योकिनो में एक ईंटों का भट्ठा चालू करना चाहती हूँ। मैं यह व्यापार अपने जिम्मे लेती हूँ।' यह कहते समय वह हँसी थी। और ग्रिगोरी पेत्रोविच का चेहरा काला पड़ गया था। यह साफ़ था कि उसे यह बात पसन्द नहीं आई थी। 'जब तक मैं जीवित हूँ,' वह बोला, 'परिवार टूटना नहीं चाहिए हम सबको एक साथ रहना चाहिए।' एक्सीन्या ने घूर कर देखा और दांत पीसे। [illegible] लाई गईं मगर उसने

नहीं चाहूँ।"

"क्या-क्या-क्या! " बैसाखी को आश्चर्य हुआ।

"और मुझे ज़रा यह तो बताओ कि वह सोती कब है?" लीपा ने कहा। "वह आधा घण्टा सोती है, फिर उठकर खड़ी हो जाती है और चारों तरफ यह देखती हुई घूमती रहती है कि कहीं किसानों ने किसी चीज़ में आग न लगा दी हो कोई चीज़ चुरा न ली हो। मुझे उसके साथ डर लगता है, इलिया माकारिच। और ख्रिमिन जूनियर शादी के बाद सोने के लिये नहीं गए बल्कि एक दूसरे से मुकदमा करने के लिये शहर चल दिये। और लोग बातें करते हैं कि यह सब एक्सिन्या की ही वजह से है। दो भाइयों ने उसे ईंटों का भट्ठा बनाने का वायदा किया है मगर तीसरा बिगड़ गया है और फैक्टरी एक महीने से बन्द है और मेरा चाचा प्रोखोर बेकार हो गया है और घर घर से टुकड़े माँगता फिरता है। 'तब तक अच्छा हो कि तुम खेतों पर काम करो या लकड़ी चीरो चाचा!' मैं उससे कहती हूँ 'अपना अपमान क्यों कराते हो!' 'मैं इसका आदी नहीं रहा हूँ,' वह कहता है, 'मुझसे अब किसानी काम करना नहीं आता, लिपिन्का।'"

वे एक नये जंगल के पास आराम करने और प्रास्कोव्या का इन्तज़ार करने के लिए रुक गए। एलिज़ारोव बहुत दिनों से एक मोटे मोटे ठेकेदार का सा काम करता आ रहा था मगर घोड़े नहीं रखता था बल्कि सारे ज़िले में 'पैदल चलकर' हाथ में एक थैला लटकाए जिसमें रोटी और प्याज रखी रहती थी लम्बी लम्बी डगें रखता और हाथ हिलाता हुआ चक्कर लगाया करता था। उसके साथ चलने में बड़ी कठिनाई होती थी।

जंगल में घुसने के स्थान पर एक मील का पत्थर गड़ा हुआ था। एलिज़ारोव ने उसे छुआ और पढ़ा। प्रास्कोव्या हाँफती हुई उनके पास पहुँची। उसका झुर्रियोंदार और हमेशा भयभीत सा रहने वाला चेहरा

